

50 वर्ष की हुयी सुष्मिता... 7

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



मध्यप्रदेश के साथ साझी... 11

■ वर्ष 31 अंक 149 ■ जबलपुर गुरुवार 20 नवम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# मध्यप्रदेश : आज से 12 जगहों के लिए उड़ेंगे हेलिकॉप्टर

## इंदौर से ओंकारेश्वर 25 मिनट में पहुंच सकेंगे, भोपाल से पचमढ़ी का समय 5 घंटे कम होगा

भोपाल

इंदौर से ओंकारेश्वर जाने में सिर्फ 25 और भोपाल से पचमढ़ी पहुंचने में 40 मिनट लगेंगे। मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग 8 बड़े शहर और 3 नेशनल पार्क के लिए हेलिकॉप्टर सेवा 20 नवंबर से शुरू कर रहा है। इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी हो या कान्हा, बांधवगढ़-एसटीआर (सतपुड़ा टाइगर रिजर्व) और दोनों ज्योतिर्लिंग। पीएमश्री पर्यटन हेलिकॉप्टर सेवा की नियमित उड़ानें यहां के लिए रहेंगी। इंदौर-ओंकारेश्वर का किराया 2500 और भोपाल से पचमढ़ी का किराया 5 हजार रुपए तय किया गया है। हेलिकॉप्टर सेवा शुरू होने के बाद मध्यप्रदेश देश में अंतरराज्यीय वायु सेवा संचालित करने वाला पहला स्टेट बन जाएगा। सप्ताह में 5 दिन



हेलिकॉप्टर उड़ेंगे, जो 3 सेक्टर- वेलनेस, वाइल्ड लाइफ और धार्मिक स्थलों को जोड़ेंगे। अभी 4 बड़े शहर- भोपाल, इंदौर, उज्जैन-जबलपुर, 2 ज्योतिर्लिंग- महाकाल उज्जैन और ओंकारेश्वर खंडवा, 3 नेशनल पार्क- कान्हा, बांधवगढ़ और सतपुड़ा और 3 धार्मिक शहर- अमरकंटक, चित्रकूट-मैहर को जोड़ा गया है।

### सेक्टर-1

इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मांडू, महेश्वर, गांधीसागर, मंदसौर, नीमच, हनुमंतिया, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, नलखेड़ा शामिल हैं। यानी, मालवा-निमाड़ का बेल्ट शामिल रहेगा। पहले फेज में इंदौर, उज्जैन और ओंकारेश्वर के बीच हेलिकॉप्टर की सप्ताह में 5 दिन नियमित उड़ान रहेगी। सबसे कम किराया 5 हजार तो सबसे ज्यादा साढ़े 6 हजार रुपए है। सेवा पांच दिन- सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को रहेगी। 2 दिन- बुधवार और गुरुवार को कोई उड़ान नहीं रहेंगी।

### सेक्टर-2

इस सेक्टर में भोपाल, मढ़ई, पचमढ़ी, तामिया, छिंदवाड़ा, सांची, इंदौर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, शिवपुरी, कूनो, ओरछा, गुना, राजगढ़, सागर, नर्मदापुरम, बैतूल, टीकमगढ़ शामिल हैं। फर्स्ट फेज में भोपाल, पचमढ़ी और मढ़ई के बीच उड़ान रहेगी। भोपाल से पचमढ़ी की दूरी 1.10 घंटे में और पचमढ़ी से मढ़ई की दूरी सिर्फ 20 मिनट में तय होगी। यहां दो तरह की उड़ानें रहेंगी। पहली डायरेक्ट और दूसरी कनेक्टिंग। कलेक्टिंग भोपाल से पचमढ़ी के बीच ही होगी। न्यूनतम 3 हजार और अधिकतम 5 हजार रुपए किराया रहेगा।

### सेक्टर-3

इसमें जबलपुर, बांधवगढ़, कान्हा, चित्रकूट, सरसी, परसुली, मैहर, सतना, पन्ना, खजुराहो, कटनी, रीवा, सिंगरौली, अमरकंटक, सिवनी, सीधी, मंडला, पेंच, डिंडौरी शामिल हैं। फस्ट फेज में जबलपुर, मैहर, चित्रकूट, कान्हा, बांधवगढ़, अमरकंटक शामिल हैं। यानी, दो नेशनल पार्क- कान्हा और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हेलिकॉप्टर के जरिए पहुंच सकेंगे तो अमरकंटक, चित्रकूट और मैहर जैसे धार्मिक स्थलों पर भी उड़कर आ-जा सकेंगे। सबसे कम किराया मैहर से चित्रकूट का है। वहीं, सबसे ज्यादा 6250 रुपए किराया जबलपुर से कान्हा पार्क तक लगेगा।

## रीना बौरासी महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष बनीं



**भोपाल।** मप्र में लगातार संगठन विस्तार की कवायद चल रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने इंदौर की नेत्री रीना बौरासी को एमपी महिला कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। रीना बौरासी महिला कांग्रेस में विभा पटेल की जगह लेंगी। भोपाल के बैरसिया के रहने वाले अवनीश भार्गव मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक बनाए गए हैं। भार्गव सागर, विदिशा, उज्जैन सहित कई जिलों के प्रभारी रह चुके हैं।

## 8 मंजिला इमारत में आग, 2 की मौत

**मुंबई।** मुंबई के बोरीवली में 8 मंजिला इमारत में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए हैं। बोरिवली के महावीर नगर इलाके में स्थित पावन धाम वीना संतूर बिल्डिंग के पहले तल पर करीब 12.30 बजे आग लगी। पुलिस ने जानकारी दी कि दमकल की चार गाड़ियां मौके पर हैं। कुछ लोग फंसे हो सकते हैं, उन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## इसरो के वैज्ञानिकों ने माउंट आबू से देखा धूमकेतु

**उदयपुर।** फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी के साइंटिस्ट ने माउंट आबू स्थित इसरो के 1.2 मीटर टेलिस्कोप से इंटरस्टेलर (अंतरतारकीय) धूमकेतु 3आई/एटलस का अध्ययन किया है। इससे वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि सौर मंडल से बाहर का पदार्थ किन परिस्थितियों में बना है। ऐसे इंटरस्टेलर धूमकेतु कैसे व्यवहार करते हैं। वैज्ञानिकों ने देखा कि यह धूमकेतु हाल ही में सूर्य के निकटतम बिंदु (पेरिहीलियन) को पार कर भीतर के सौर मंडल से दूर जा रहा है।

# संसद नहीं बदल सकती कोर्ट के फैसले

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के प्रावधान रद्द किए

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के कई महत्वपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि संसद मामूली बदलाव करके कोर्ट के फैसले को नहीं बदल सकती। कोर्ट ने कहा कि सरकार ने वही प्रावधान कानून में फिर से डाल दिए, जिन्हें पहले भी कोर्ट ने खारिज किया था। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन ने बुधवार को 137 पेज का फैसला सुनाया। 11 नवंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूरा मामला 2020 से जुड़ा है। नवंबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल पांच साल तय किया था। सरकार 2021 में नया कानून ले आई और कार्यकाल




चार साल कर दिया। इसके बाद मद्रास बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। न्यायालय ने कहा कि 2021 का अधिनियम पूर्व निर्णयों में पहचानी गई खामियों को दूर करने में विफल रहा और इसके बजाय उन्हें एक नए लेबल के तहत पुनः अधिनियमित किया गया, जिससे संवैधानिक सर्वोच्चता के सिद्धांत का उल्लंघन हुआ। न्यायालय ने न्यायाधिकरणों के कामकाज पर सर्वोच्च न्यायालय के बार-बार दिए गए फैसलों का पालन न करने के लिए केंद्र सरकार की भी निंदा की। सीजेआई ने कहा कि हमें उस तरीके पर अपनी असहमति व्यक्त करनी चाहिए जिसमें भारत संघ ने बार-बार उन मुद्दों पर इस न्यायालय के निर्देशों को स्वीकार नहीं करने का विकल्प चुना है जो पहले ही कई निर्णयों के माध्यम से निर्णायक रूप से सुलझाए जा चुके हैं। यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायाधिकरणों की स्वतंत्रता और कार्यप्रणाली के प्रश्न पर इस न्यायालय द्वारा निर्धारित सुस्थापित सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के बजाय, विधायिका ने उन प्रावधानों को फिर से लागू करने या पुनः प्रस्तुत करने का विकल्प चुना है जो विभिन्न अधिनियमों और नियमों के तहत समान संवैधानिक बहस को फिर से खोलते हैं।

### इस कानून में क्यों हुआ विवाद

इस कानून में सरकार ने कहा कि सदस्य का कार्यकाल 4 साल का होगा और उसकी न्यूनतम उम्र 50 साल होगी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका था कि कार्यकाल लंबा होना चाहिए (कम से कम 5-6 साल) और आयु सीमा 50 साल नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे युवा विशेषज्ञ शामिल नहीं हो पाते।

### क्या है ट्रिब्यूनल्स रिफॉर्म एक्ट 2021

ट्रिब्यूनल्स रिफॉर्म एक्ट 2021 एक ऐसा कानून है जिसे केंद्र सरकार ने अलग-अलग क्षेत्रों के लिए बने ट्रिब्यूनल को सरल, बेहतर और कम संख्या में करने के लिए बनाया था। इसका उद्देश्य था कि फैसले जल्दी हों और सुव्यवस्थित हो। पहले कई छोटे-छोटे ट्रिब्यूनल थे। सरकार ने कुछ ट्रिब्यूनलों को खत्म करके उनके काम को हाईकोर्ट या अन्य बड़े ट्रिब्यूनलों में मिला दिया।

### चार साल तक चली कानूनी लड़ाई

वर्ष 2021 में कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई। सरकार बैकफुट पर आई, कुछ मामूली सुधारों के साथ कानून को दोबारा लाना पड़ा। इस बार भी उन प्रावधानों को रखा गया जिनसे आपत्ति थी। जिसके बाद मामला फिर कोर्ट पहुंचा और चार साल बाद आज यह फैसला आया।

# सुरक्षाबलों का ऑपरेशन 7 और नक्सली मारे गए



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के मारेडुमिल्ली और तरू वालसा के जंगलों में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में सात नक्सली मारे गए। यह कार्रवाई मंगलवार से चल रहे संयुक्त ऑपरेशन का हिस्सा थी। राज्य के इंटेलिजेंस एडीजी महेश चंद्र लड्डा ने बताया कि 17 नवंबर को भी सुरक्षा बलों ने मारेडुमिल्ली क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की थी, जिसमें कुख्यात नक्सली नेता हिड़मा सहित छह नक्सली मारे गए थे। एडीजी लड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की है कि मुठभेड़ के दौरान चार पुरुष और तीन महिला नक्सली ढेर किए गए हैं और फील्ड से लगातार अपडेट मिल रहे हैं। मारे गए नक्सलियों में संगठन का टॉप आईईडी एक्सपर्ट मेट्टुरु जोगाराव उर्फ टेक शंकर भी शामिल है, जो आंध्र-ओडिशा बॉर्डर स्पेशल जोनल कमेटी का महत्वपूर्ण सदस्य और तकनीकी संचालन का सबसे बड़ा जिम्मेदार माना जाता था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, टेक शंकर ही वह कैडर था जिसने पिछले वर्षों में छत्तीसगढ़ और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर किए गए लगभग सभी बड़े लैंडमाइन और आईईडी हमलों को डिजाइन और निष्पादित किया था। पुलिस ने बताया कि वह हथियार निर्माण, संचार प्रणाली और विस्फोटक उपकरणों की डिजाइनिंग में माहिर था, और इसी विशेषज्ञता के चलते वह संगठन की टेक्निकल रीढ़ माना जाता था। मुठभेड़ ऐसे समय में हुई है जब सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि छत्तीसगढ़ में दबाव बढ़ने के बाद कई नक्सली आंध्र प्रदेश की ओर शरण लेने की कोशिश कर रहे हैं। यह ऑपरेशन माओवादी संगठन के तकनीकी ढांचे और नेतृत्व पर एक बड़ा प्रहार माना जा रहा है और सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता है।

## सोनिया, खड़गे, राहुल ने इंदिरा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली, (वार्ता)

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को उनकी समाधि शक्ति स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रीमती इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती के मौके पर उनकी समाधि स्थल पर स्मृति सभा का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया और इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई 11 दिन की एनआईए कस्टडी में

**नई दिल्ली (वार्ता)।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और मोस्ट वांटेड आरोपी अनमोल बिश्नोई को पटियाला हाउस कोर्ट ने 11 दिन की एनआईए कस्टडी में भेज दिया है। यह फैसला उस समय आया जब एनआईए ने कोर्ट के सामने तर्क दिया कि



अनमोल से कस्टोडियल पूछताछ बेहद जरूरी है, क्योंकि उसके खिलाफ 35 से ज्यादा हत्याकांड, 20 से अधिक अपहरण, फिरौती, धमकी और हिंसा से जुड़े मामलों में प्रत्यक्ष संलिप्तता के मजबूत सबूत मिले हैं। इससे पहले खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर उतरते ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अनमोल पर हत्या, अपहरण और जबरन वसूली जैसे गंभीर आरोप हैं और वह लंबे समय से फरार था। अनमोल बिश्नोई आतंकी सिंडिकेट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार होने वाला 19वाँ आरोपी है।

## रतलाम में एसआईआर करने गई टीम पर हमला

### नायब तहसीलदार और बीएलओ को मारे पत्थर

**रतलाम।** रतलाम के बासिंद्रा में बुधवार को एसआईआर का सर्वे करने गए प्रशासन की टीम पर हमला हो गया। ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। हमले में नायब तहसीलदार रामकलेश साकेत और बीएलओ विक्रम सिंह राठौड़ घायल हो गए। टीम ने भी अपनी जान बचाई है। दोनों घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज लाया गया है। पूरा मामला सैलाना विधानसभा क्षेत्र का है। तीन आरोपियों द्वारा किए गए हमले की सूचना मिलते ही एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एएसपी राकेश खाखा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया और अन्य अधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। तीनों आरोपी उमर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं और घटना के समय शराब के नशे में थे। पुलिस ने इनमें से दो आरोपियों-सायसिंह और बापी ताड़ को



गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरा आरोपी शोकसिंह फरार है। तीनों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पत्थर फेंककर किया हमला

नायब तहसीलदार रामकलेश साकेत ने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्र में निरीक्षण के लिए टीम के साथ पहुंचे थे। गाड़ी से उतरकर टीम से जानकारी ले ही रहे थे कि तीन युवक आए और बोले- रास्ते में क्यों खड़े हो? जब उन्हें समझाने की कोशिश की गई तो वे गाली-गलौज करने लगे और पत्थर फेंककर हमला कर दिया। हमला इतना अचानक था कि वे गिर पड़े और किसी तरह टीम ने भागकर अपनी जान बचाई।

### उद्धव ठाकरे के प्रवक्ता का दावा

# शिंदे गुट के कुछ मंत्री और 20 विधायक हमारे संपर्क में

मुंबई



भाजपा नीत महायुति सरकार में शिवसेना के अधिकतर मंत्रियों के मंगलवार को कैबिनेट बैठक का बहिष्कार करने के एक दिन बाद, शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता आनंद दुबे ने बुधवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ गुट के कुछ मंत्री और करीब 20 विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं। आनंद दुबे ने कहा कि एक पुरानी कहावत है कि अगर आप बबूल का पेड़ बोते हैं, तो आप आम खाने की उम्मीद नहीं कर सकते। भाजपा ने हमारी सरकार गिराने के लिए एकनाथ शिंदे के साथ मिलीभगत की। उस विश्वासघात का असर कल की कैबिनेट बैठक में दिखाई दिया, जहां आधा दर्जन से अधिक मंत्री नाराजगी के कारण अनुपस्थित थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना गठबंधन के भीतर मतभेद बढ़ रहा है। भाजपा के पास डबल इंजन की सरकार है और उनके पास ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां हैं। इससे शिवसेना गुट कमजोर हुआ है। एक बड़ी दरार की आशंका है। हमारे सूत्रों के अनुसार, शिवसेना गुट के कुछ मंत्री और 20 विधायक हमारे संपर्क में हैं। हालांकि, हम अभी कोई फैसला नहीं कर रहे हैं क्योंकि इस बार उनकी वफादारी की जांच करना जरूरी है। आनंद दुबे के अनुसार नगर निगम चुनावों से पहले यह चौड़ी दरार स्पष्ट होती जा रही है। लोगों में यह संदेश जा रहा है कि जो दूसरों के साथ गलत करता है, उसे अंततः परिणाम भुगतने पड़ते हैं। दुबे ने कहा कि अगर एकनाथ शिंदे के विधायक चले भी जाते हैं, तब भी अजित पवार गठबंधन का हिस्सा हैं।

# बिहार : नई सरकार का शपथ ग्रहण आज

पटना

एनडीए के विधायकों की बैठक में नीतीश कुमार को नेता चुना गया है। उनके नाम का प्रस्ताव बीजेपी नेता सम्राट चौधरी ने रखा, जिसका सभी विधायकों ने समर्थन किया। अब औपचारिक तौर पर यह फाइनल हो गया है कि एक बार फिर नीतीश कुमार ही बिहार के मुख्यमंत्री होंगे। 20 नवंबर को सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी समेत एनडीए के तमाम नेता मौजूद होंगे। नीतीश कुमार 10वीं बार शपथ लेने जा रहे हैं। वह पहली बार 2000 में मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन बहुमत न मिलते ही 7 दिन बाद इस्तीफा दे दिया। इसके बाद नीतीश कुमार ने 2005 में आरजेडी शासन को चुनौती देते हुए प्रचंड बहुमत से सत्ता में लौटे, यहीं से गुड गवर्नेंस का उनका ब्रांड मजबूत हुआ। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले जब बीजेपी ने नरेंद्र मोदी को चेहरा बनाया, तो




नीतीश कुमार ने एनडीए से नाता तोड़ लिया और लोकसभा चुनाव 2024 राजद-कांग्रेस और जदयू के महागठबंधन के साथ लड़ा था। इस चुनाव में पार्टी की करारी हार हुई, जिसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए नीतीश ने सीएम पद छोड़ दिया। इसके बाद 10 महीने तक जीतनराम मांझी ने मुख्यमंत्री का पद संभाला, लेकिन बाद में जीतनराम को पद छोड़ने के लिए कहा गया और बात न मानने पर मांझी को पार्टी से निकाल दिया। इसके बाद फरवरी 2015 में नीतीश खुद मुख्यमंत्री बने।

### पलटी मारी बार-बार

साल 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव के साथ हाथ मिलाया और महागठबंधन सरकार बनाई। इस सरकार में तेजस्वी यादव को डिप्टी सीएम बनाया गया, लेकिन 2017 में एक बार फिर महागठबंधन छोड़ एनडीए में शामिल हो गए और छठवीं बार मुख्यमंत्री बने। नवंबर 2020 के विधानसभा चुनाव में वह बीजेपी के साथ चुनाव लड़े और एनडीए के नेता के तौर पर बिहार के मुख्यमंत्री बने, लेकिन 2022 में नीतीश ने एक बार फिर पलटी मारी और एनडीए छोड़कर महागठबंधन के साथ आ गए और सरकार बनाई। जनवरी 2024 में उन्होंने महागठबंधन छोड़ दिया और एनडीए में वापस आकर 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अब 2025 में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के साथ ही वह 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।

# कांग्रेस द्वारा मनाई गई इंदिरा गांधी की जयंती एवं प्रदेश प्रभारी के आगमन की तैयारी बैठक हुई संपन्न



## महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं इंदिरा : अजय अवस्थी

शहडोल (स्वतंत्रमत)

जिला काँग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी की अध्यक्षता मे जिला काँग्रेस द्वारा काँग्रेस भवन मे भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई एवं मध्यप्रदेश काँग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी के 23 नवंबर को शहडोल आगमन की तैयारी बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। सर्वप्रथम इंदिरा गाँधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्वलित किया गया, तत्पश्चात उनके द्वारा देश हित मे किए गए कार्यों व उनके दिए गए बलिदान पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने इंदिरा को याद करते हुए कहा कि,वे सिर्फ एक नेता नहीं थीं, बल्कि भारत की राजनीतिक दृढ़ता, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं। उनका जीवन संघर्ष, निर्णय और दूरदर्शिता का अद्भुत संगम था जिसने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी। जब देश आर्थिक संकट और अस्थिरता से जूझ रहा था, तब इंदिरा गांधी ने मजबूत नेतृत्व के साथ भारत की बागडोर संभाली। साल 1966 में वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त हुईं, उनके नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को हराया और बांग्लादेश का जन्म हुआ। इस विजय ने उन्हें आयरन लेडी बना दिया। इंदिरा गांधी ने 1974 में भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देशों की श्रेणी में खड़ा किया। यह भारत के आत्मनिर्भर होने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था।उन्होंने कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार किए, जिससे भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ। इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। इस फैसले ने आर्थिक असमानता को घटाने और गरीबों को वित्तीय सशक्तिकरण देने में मदद की। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के 23 नवंबर को शहडोल आगमन की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कमेटी की समन्वय समिति की बैठक लेंगे, दोपहर 12 बजे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के एसआईआर के सम्बन्ध में बैठक लेंगे एवं दोपहर 3 बजे से कार्यकर्ताओं से संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी ने इस कार्यक्रम में समस्त काँग्रेसजन एवं आमजन से सम्मिलित होने की अपील की है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, वरिष्ठ कांग्रेसी महमूद अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी मुबारक मास्टर, जनपद अध्यक्ष बुढ़ार उमा धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेन्द्र मरावी, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, बुढ़ार ब्लाक अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, शोसल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पार्षद हीरालाल प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश चौधरी, मनोज सिंह, गोविंद प्रसाद साहू, कुंज बिहारी द्विवेदी, ओंकार सिंह, अजय जायसवाल, रवीन्द्र मणि शुक्ला, दल प्रताप सिंह, प्रेमधारी सिंह, शोएब अंसारी, रज्जम खान, रजनी गुप्ता, रमा विश्वकर्मा, दीपांशु गुप्ता, लालमणि जायसवाल, छोटे लाल चौधरी आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।




# माँ शारदा संगीत विद्यालय के बच्चों ने राज्य युवा उत्सव में लहराया परचम

शहडोल (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव महोत्सव 2025 में शहडोल जिले के लोक संस्कृति ने एक बार फिर अपनी छाप छोड़ी। शहडोल के सोहागपुर स्थित मां शारदा संगीत विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने बैगा लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया और 20 हजार रुपये नकद पुरस्कार सहित विजेता ट्रॉफी पर अपना नाम अंकित कराया। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि राज्य स्तरीय मंच पर लोक कलाओं को बढ़ावा देने का यह कार्यक्रम युवाओं की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। कलेक्ट्रेट मे विजयी वापसी के बाद विद्यालय के संचालक मनोज वर्मा के नेतृत्व में सभी विद्यार्थीकृसागर वर्मा, साहिल वर्मा, स्वाति वर्मा, अर्पण मालवीय, रोहित, रश्मि नेगी, दीप्ति, सत्य सिंह, तेजस्विनी त्रिपाठी आदिकृआज शहडोल कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्हें शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने अधिकारियों के सामने कहा कि ये बच्चे हमारी सांस्कृतिक धरोहर के सच्चे ध्वजवाहक हैं। इनका प्रदर्शन देखकर लगा कि हमारी लोक कलाएं सुरक्षित हाथों में हैं। लोक संस्कृति को नई पीढ़ी की आवाज यह पुरस्कार केवल एक ट्रॉफी या नकद राशि नहीं, बल्कि शहडोल की माटी की सांगीतिक विरासत का सम्मान है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जिला प्रशासन और संस्कृति विभाग इस विद्यालय को और संसाधन उपलब्ध कराएंगे ताकि अधिक से अधिक बच्चे लोक कलाओं से जुड़ सकें और आने वाले वर्षों में भी मध्य प्रदेश के युवा उत्सव में शहडोल का परचम लहराते रहे हैं।

## कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रो के संचालन हेतु समय किया परिवर्तित

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आदेश जारी कर शीतऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिलांतर्गत संचालित आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन के समय में आंशिक परिवर्तन करते हुए सुबह 9.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे के स्थान पर आंगनवाडी केन्द्रों का संचालन समय सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक नियत किया है।

## एक दिवसीय रोजगार मेला आज

शहडोल (स्वतंत्रमत)। प्राचार्य संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण एसके वर्मा ने जानकारी दी है कि एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 20 नवम्बर को शासकीय संभागीय आईटीआई परिसर में किया जाएगा। रोजगार मेला में व्हील्स इंडिया लिमिटेड रंजन गांव पूणे, एसआईएस सिक्योरिटी, ग्रोफास्ट एग्रीटेक प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर सहित अन्य कम्पनिया शामिल होगी। रोजगार मेले में सहभागिता की अभिस्वीकृति दिवाकर सिंह जिला रोजगार कार्यालय को मोबाइल नम्बर 9407813779 एवं ई मेल पर अनिवार्य रूप से प्रदाय करें।

# नारी समाज एवं राष्ट्र की आधारशिला: शालिनी सरावगी



### सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवपुरम में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का गया आयोजन

बुढार (स्वतंत्रमत)

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवपुरम (लालपुर) में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी सरावगी के मुख्यातिथ तथा ग्राम पंचायत छाता की पंच राधा गर्ग की अध्यक्षता में शप्तशक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक साक्षी पाण्डेय एवं शशिकला साहू रहीं। कार्यक्रम अवसर पर मुख्यातिथ शालिनी सरावगी ने कहा कि नारी समाज की और राष्ट्र की आधारशिला है, वर्तमान समय में नारी को आगे आकर परिवार व समाज को सही दिशा देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम अवसर पर समाजसेवी दुर्गा वर्मा, रेणुका शुक्ला ने नारी शक्ति, संस्कृति संरक्षण तथा परिवार व्यवस्था पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विभाग समन्वयक रामशिरोमणि शर्मा, विद्यालय के व्यवस्थापक एवं जिला सचिव रवि कुमार रजक तथा जिला संयोजक सरिता शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य गौरव कुमार शर्मा का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम का संचालन साक्षी पाण्डेय ने किया तथा अतिथियों एवं उपस्थित मातृ-शक्तियों के प्रति शशिकला साहू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## सन्त बौद्धिक मंच की बैठक का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)

अनूपपुर जिले के पसान नगर पालिका में रामायण मिश्रा के निवास स्थान में अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच की बैठक में सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाने पर विचार किया साथ ही अमरकंठक में सन्त महाकुम्भ कराने में विचार किया गया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री श्री 1008 श्री जयानंद महाराज, सुजीदानन्द महाराज, प्रांतीय संगठन महामंत्री चंद्रशेखर मिश्रा, रामायण प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष शहडोल संभाग, केदार प्रसाद गौतम जिलाध्यक्ष अनूपपुर, देवेन्द्र मिश्रा, श्यामनारायण पांडे, सूर्यकांत मिश्रा, एवम् अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एसआईआर अभियान में जिले में सर्वाधिक 98 प्रतिशत प्रगति दर्ज, बीएलओ श्रीकांत कुमार मार्को बने जिले के टॉप परफॉर्मर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

**मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए चल रहे एसआईआर में डिंडौरी जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इसमें मतदान केंद्र क्रमांक 25 के बीएलओ श्रीकांत कुमार मार्को ने 98 प्रतिशत फॉर्म भराव के साथ पूरे जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने सराहना व्यक्त की है और सभी बीएलओ को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया है।**



श्री मार्को ने बताया कि उन्हें मतदान केंद्र क्रमांक 25 का बीएलओ बनाया गया है। उन्होंने अपनी सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि वे प्रतिदिन रात में ही अगले दिन का पूरा काम तय कर लेते थे-किस दिशा में जाना है, किन परिवारों से मिलना है और कितने फॉर्म लंबित हैं, उसकी पूरी सूची वे पहले से ही तैयार कर लेते थे।

उन्होंने कहा कि सुबह वे सबसे पहले उन परिवारों से मिलते थे जो काम पर निकलने से पहले घर में उपलब्ध रहते हैं। दोपहर 12 बजे तक सभी आवश्यक फॉर्म भरवाकर और कलेक्ट कर वे वापस लौटते थे, इसके बाद सभी फॉर्मों को उसी समय ऑनलाइन दर्ज कर देते थे। दोपहर 2 बजे वे फिर से निकलकर उन परिवारों से मिलते थे जो इस समय घर पर मिल जाते हैं।

इस नियमितता और अनुशासन के कारण उन्होंने आज दिनांक तक 98त्न कार्य पूर्ण कर लिया है। श्री मार्को का कहना है कि शेष 2 प्रतिशत कार्य भी बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जिला प्रशासन ने एसआईआर में श्रीकांत कुमार मार्को की तेजी, समर्पण और उत्कृष्ट प्रगति की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका कार्य सभी बीएलओ के लिए अनुकरणीय है।

## नेटवर्क शून्य, संसाधन सीमित, फिर भी लता चिचाम ने एसआईआर में दिखाया 41प्रतिशत से अधिक प्रगति



### ढोलबीजा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता चिचाम बनी मिसाल

### कठिन परिस्थितियों में निभा रहीं बीएलओ का दायित्व

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के सबसे आखिरी छोर में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 336 (ढोलबीजा) में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान अमरपुर उप तहसील क्षेत्र के वनग्राम ढोलबीजा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लता चिचाम अपने कार्य के प्रति अद्वितीय समर्पण का परिचय दे रही हैं। अमरपुर वृत्त के राजस्व निरीक्षक के साथ दिखी यह महिला कर्मचारी न केवल एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, बल्कि इस दुर्गम मतदान केन्द्र की जिम्मेदार बीएलओ भी हैं।

ढोलबीजा जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित है, जहाँ मोबाइल नेटवर्क की अत्यंत खराब स्थिति के कारण ऑनलाइन कार्य करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसके बावजूद लता चिचाम बिना किसी मदद के, पूरे निष्ठा और लगन से विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निरंतर कर रही हैं। गांव-गांव, घर-घर भ्रमण कर वे स्वयं पहले गणना फार्म भरती हैं, फिर उन्हें एकत्र करती हैं। नेटवर्क केवल एक भवन की दीवार पर मिलता है, इसलिए वे लकड़ी की बल्ली के सहारे उस दीवार पर चढ़कर खड़े होकर फार्म अपलोड करती हैं। विपरीत परिस्थितियों में इस तरह का प्रयास उनकी कर्तव्यनिष्ठा और कार्य के प्रति ईमानदारी का जीवंत प्रमाण है। दिनांक 18 नवंबर 2025 की शाम 08 बजे तक स्ढ्ढक्र प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, श्रीमती लता चिचाम के मतदान केन्द्र में 41.61त्न कार्य पूर्ण हो चुका था, जो कई क्षेत्रों की तुलना में उल्लेखनीय प्रगति है। जहाँ अनेक बीएलओ सुविधाओं के अभाव का हवाला देकर कार्य में देरी बताते हैं, वहीं लता चिचाम जहाँ चाह, वहाँ राह की कहावत को सच साबित कर रही हैं। उनकी यह कार्यशैली न सिर्फ प्रशंसनीय है बल्कि अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। ढोलबीजा जैसी दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ऐसा समर्पण प्रशासनिक तंत्र के प्रति विश्वास को और मजबूत बनाता है।

# शराब के नशे में पाए जाने पर बीएलओ निलंबित

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्राथमिक शिक्षक दरबारी सिंह परस्ते को कर्तव्य में गंभीर लापरवाही एवं निर्वाचन कार्य में बाधा पहुँचाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बजाग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई। प्रतिवेदन के अनुसार, श्री परस्ते को मतदान केन्द्र क्रमांक 281, कबीरमय खुरखुरीदादर के लिए बी.एल.ओ. का दायित्व सौंपा गया था, किंतु उन्होंने निर्वाचन संबंधी गणना फार्म न तो वितरित किए और न ही उन्हें ऑनलाइन फीड किया। लगातार संपर्क करने पर उनका मोबाइल फोन बंद पाया गया तथा वे शराब के नशे की स्थिति में मिले। उनकी इस लापरवाही से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रभावित रहा और संबंधित मतदान केन्द्र के मतदाता अब तक गणना फार्म प्राप्त नहीं कर सके। कलेक्टर ने आदेश में उल्लेख किया कि श्री परस्ते का यह आचरण शिक्षक पद की गरिमा के विपरीत है तथा निर्वाचन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य के प्रति उदासीनता दर्शाता है। उनका यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (द्व), (द्वद्व), (द्वद्वद्व) एवं 07 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है, जिसके चलते यह कार्रवाई आवश्यक हो गई थी। निर्वाचन कार्य में गंभीर लापरवाही को देखते हुए म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) के तहत प्रदान शक्तियों का उपयोग करते हुए कलेक्टर ने दरबारी सिंह परस्ते, प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला कबीरमय खुरखुरीदादर को निलंबित किया है।

# मड़ई मेले के साथ मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस युवाओं के लिए स्वरोजगार संवाद बना आकर्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर डिंडौरी में इस वर्ष भी जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। प्रतिमा स्थल पर हर वर्ष की तरह श्रद्धांजलि कार्यक्रम तो हुआ ही, साथ ही इस बार जनजातीय कार्य विभाग एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचीन डिंडौरी के संयुक्त सहयोग से मड़ई मेले का आयोजन कर एक नई पहल की गई, जिसने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा।



***विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी पूर्ण तैयारी के साथ***- कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार धुर्वे द्वारा मेला एवं कार्यक्रम स्थल पर स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई। शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से पूरा आयोजन व्यवस्थित और प्रभावी रहा।

***सरकार की पहल- जनजातीय गौरव दिवस को बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी***- केंद्र और राज्य सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में बृहद स्तर पर मनाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत बाबा साहब आंबेडकर स्वरोजगार योजना एवं टांट्या मामा स्वरोजगार योजना के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में लक्ष्य निर्धारित किए गए।

***युवाओं के लिए स्वरोजगार पर विशेष शैक्षणिक संवाद*** स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित होने वाले एवं लाभ लेने वाले युवा वर्ग को व्यापार और उद्यमिता से जुड़ी बुनियादी समझ प्रदान करने हेतु एक विशेष शैक्षणिक संवाद आयोजित किया गया। इस संवाद में नगर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी अवधराज बिलैया को आमंत्रित किया गया। उन्होंने उपस्थित युवाओं को व्यापार की बारीकियों, बाजार की समझ, पूंजी प्रबंधन, ग्राहक विश्वास एवं सफल उद्यमी बनने के मंत्रों से अवगत कराया। उनके अनुभवजन्य मार्गदर्शन को युवाओं ने बड़े ध्यान से सुना और भविष्य में स्वयं का रोजगार स्थापित करने की प्रेरणा ग्रहण की।

***मड़ई मेले में संस्कृति, संवाद और स्वरोजगार का संगम***- मड़ई मेले में पारंपरिक कला, संस्कृति और जनजातीय विरासत का प्रदर्शन हुआ। साथ ही युवा वर्ग के लिए आयोजित संवाद कार्यक्रम ने इस आयोजन को और अधिक सार्थक बनाया। जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपरा, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आधुनिक सोच का यह समन्वय जनजातीय गौरव दिवस के वास्तविक उद्देश्यों को दर्शाता है। कुल मिलाकर, भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित यह संयुक्त आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव रहा, बल्कि युवाओं को स्वरोजगार के नए विकल्पों से जोड़ने वाला प्रेरक कार्यक्रम भी सिद्ध हुआ।

# सभी विभाग मना करेंगे तो कैसे होगी चुनाव ड्यूटी : हाईकोर्ट

## 10 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हाईकोर्ट का झटका

### चुनाव ड्यूटी नहीं कराने लगाई थी गुहार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश के महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत 10 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चुनाव में डयूटी लगाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिस पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया। दरअसल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने याचिका लगाकर चुनाव में डयूटी नहीं कराने की गुहार लगाई थी। दरअसल प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने मूल कामों के साथ-साथ इलेक्शन में ड्यूटी करने का काम दिया था। इस अतिरिक्त जिम्मेदारी के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं शासकीय एकता यूनियन भोपाल की ओर से याचिका दाखिल की गई थी।

***यह था याचिकाकर्ताओं का तर्क***- याचिकाकर्ता का कहना था कि आईसीडीएस सेवाओं का काम अनिवार्य है, ऐसे में अगर दूसरा काम करते है, तो मुख्य काम प्रभावित होता है। हाईकोर्ट के इस फैसले का असर अब प्रदेश की 10 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर पड़ेगा। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि आईसीडीएस सेवाओं के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से दूसरे कोई काम न लिए जाएं।

***कर्मचारी सरकार के सिस्टम का ही हिस्सा***- चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यदि सभी विभागों के कर्मचारी मना कर देंगे तो फिर इलेक्शन ड्यूटी की जिम्मेदारी कौन निभाएगा। उच्च न्यायालय ने कहा- चूंकि, सरकार को चुनाव कराना है तो वह अपने कर्मचारियों को ही जिम्मेदारी सौंपेगी, वे उसके सिस्टम के हिस्से हैं।

## बाईक की टक्कर से भाई-बहन घायल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर थानातंर्गत पोड़ीकला नगर के पास एक तेज रफ्तार बाईक चालक ने मोटर साइकिल सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। जिससे दोनों को चोटे आ गई। जिन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस को गोसलपुर कन्या स्कूल के समीप रहने वाले 30 वर्षीय अरुण चौधरी ने बताया कि उसकी पत्नी दुर्गा चौधरी रिश्तेदारी में मझगवा से वापस गोसलपुर अपने रिश्ते के भाई जितेन्द्र के साथ मोटर सायकल से वापस आ रही थी। रात लगभग 10-30 बजे जैसे ही वे पोड़ीकला नगर के पास मोड़ पर पहुॅची तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनके 6422 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जितेन्द्र की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे जितेन्द्र व दुर्गा मोटर साइकिल सहित गिर गये, जिससे दोनों को चोटे आ गई।

# आरक्षक की आत्महत्या के बाद 6वीं बटालियन में उजागर हुआ करोड़ों का घोटाला

## तीन दोषी कर्मचारी निलंबित, घोटाले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित

जबलपुर(स्वतंत्र मत)

6वीं बटालियन एसएएफ रांझी में करोड़ों के भत्ता घोटाले का मामला सामने आया है। भत्ता आवंटित करने का कार्य देख रहे आरक्षक ने विगत सप्ताह आत्महत्या कर ली थी। घोटाले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस पूरे घोटाले में शामिल संदिग्ध कर्मचारियों के बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिये गये है और तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। 6वीं बटालियन एसएएफ के कमांडेंट अधिकारी सिद्धार्थ चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्रा और स्वास्थ्य सहित अन्य भत्तों के नाम पर विगत पांच-छ सालों से घोटाला किया जा रहा था।




दूसरे कर्मचारी को विश्वास में लेकर उनके खातों में भत्ते की जारी की जाती थी और बाद में बंदरबांट कर लेते थे। प्रारंभिक जांच के बाद संदिग्ध कर्मचारियों के बैंक खाते फ्रीज करते हुए घोटाले में प्रारंभिक जांच में दोषी पाये गये तीन कर्मचारियों को निलंबित भी कर दिया है। वर्तमान में भत्ता राशि आवंटन का कार्य देख रहे आरक्षक अभिषेक झारिया ने विगत 12 नवंबर को सतपुला रेलवे क्रॉसिंग में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी।

### घोटाले की हर पहलू से जांच कर रही टीम

उन्होने बताया कि भत्ते के नाम पर कितनी राशि का घोटाला हुआ है और कौन-कौन से कर्मचारी दोषी है,इसकी जांच जारी है। जांच के लिए डिप्टी कमांडेट पी एल परसते के नेतृत्व में तीन सदस्यी टीम का गठन किया गया है। टीम में उनके अलावा दो डीएसपी स्तर के अधिकारी है। विभागीय सूत्रों का कहना हैं कि एसएएफ डीजी की जांच के दौरान अभिषेक द्वारा ही मामले का खुलासा किया गया था जिससे मामले से जुड़े अन्य पुलिसकर्मियों को अभिषेक से खासी नाराजगी थी इसी दौरान अभिषेक की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत पर चर्चाओं का बाजार सरगर्म है। परिजन के द्वारा उच्च स्तरीय जांच की मांग अधिकारी से की गयी है।



## राग द्वेष मोह से ऊपर उठे बिना आत्मा की प्राप्ति संभव नहीं

**जबलपुर।** पिसनहारी तीर्थ में आयोजित धर्म सभा में आचार्य समय सागर महाराज ने अपनी दिव्य देशना में कहा कि संयम के साथ आराधना करने के लिए यह मनुष्य पर्याय मिली है। इसलिए अधिकांश समय विषयों में व्यतीत ना करके कम से कम जितना बन सके जिनवाणी (जैन ग्रंथो) की आराधना करने के लिए समय का सदुपयोग करना चाहिए। आचार्य श्री कहते थे जानने योग्य पदार्थ विश्व में अनंतानंत हैं किंतु छोड़ने योग्य केवल तीन हैं राग, द्वेष, मोह। जब तक हम राग द्वेष मोह से अपने आप को ऊपर नहीं उठाएंगे तब तक आत्मा की प्राप्ति संभव नहीं है। शुद्ध आत्म तत्व जो है वह हमारे लिए ग्रहण करने योग्य है बाकी पंचेंद्रीय की विषय सामग्री है वह छोड़ने योग्य है। यह जीव इन पंचेंद्रीय के विषयों को छोड़ने में पसीना आता है और बटोरता रहता है। भोग्य सामग्री हेय है यह श्रद्धान हुआ है। श्रद्धान सबका है यह संसार छोड़ने योग्य है उसी प्रकार अपने को शुद्ध परमात्मा तत्व प्रकट करने के लिए यथार्थ श्रद्धान करने की आवश्यकता है। जब तक चरित्र के पथ पर कदम नहीं बढ़ाएंगे तब तक मुक्ति मिलने वाली नहीं है।

## खेत के कुएं के पानी में उतराते मिला युवक का शव

**जबलपुर।** बरगी थाना क्षेत्रातंर्गत घाट सिमरिया निवासी 40 वर्षीय भैयाजी यादव का शव खेत में बने कुएं के पानी में उतराते हुए मिला। ग्राम कोटवार विनोद कुमार चड़ार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# विधायक ने किया 28 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण

गोसलपुर

शासकीय माध्यमिक शाला रमखिरिया में बुधवार को आयोजित एक समारोह में क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकड़े के कर कमलों द्वारा दूरस्थ ग्रामों से पढ़ने आने वाली छात्राओं को नि.शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर खुशी और मुस्कान साफ देखी गई इस पहल से अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी और वे समय पर शाला में उपस्थित हो सकेंगी। विधायक बरकड़े ने छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडलों का भी अवलोकन किया उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला



महामंत्री राजेश दाहिया, उपाध्यक्ष अनुपम सराफ, जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, राजमणि सिंह, पुष्पराज सिंह, जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, दिलीप पटेल, मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरहिया, शिवकुमार पटेल, बुद्धू लाल साहू, मुकेश पटेल, अभिषेक राय, शाला की प्रधानाध्यापक स्मिता परौहा, शिक्षक गण अनिल ज्योतिषी संजीव उरमलिया संदीप पटेल राजेश कुम्हार, प्रवीण बर्मन, और एसएमसी अध्यक्ष नरेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

# मतदाताओं के सत्यापन का शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने पर बीएलओ का कलेक्टर ने किया सम्मान



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाताओं के सत्यापन और गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने पर पाटन विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-52 (मेहगवां) के बीएलओ इन्द्रराज सिंह ठाकुर का कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आज बुधवार को सम्मान किया। इंद्रराज सिंह ठाकुर जबलपुर जिले के पहले बीएलओ हैं जिन्होंने अपने मतदान केंद्र के सभी 595 मतदाताओं के गणना पत्रक भरवाकर उनका डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में इन्द्रराज सिंह को इस उल्लेखनीय कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप एक हजार रुपये की राशि भी प्रदान की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने मतदाताओं के सत्यापन का शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने में बीएलओ इन्द्रराज सिंह के सहयोगी पटवारी रजत कुमार कोरी का भी सम्मान किया। इस अवसर पर पाटन विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम मानवेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

## सूने घर में चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानातंर्गत ग्रीन सिटी स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कीमती जेवर और नगदी चुरा ले गये। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त पीड़ित परिवार अपने पैतृक गांव गया हुआ था। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्रीन सिटी गली नंबर-5 निवासी 38 वर्षीय दुर्गेश महोबिश्या 14 नवंबर की रात अपने घर में ताला लगाकर सपरिवार अपने गांव लखाखेरा थाना बड़वारा जिला कटनी गया था।

## प्रस्तावित जनबसों का यात्री किराया निर्धारण निजी ऑपरेटरों के हाथों में सौंपना उचित नहीं

### किराया निर्धारण समिति का गठन जरूरी, परिवहन मंत्री तथा मुख्य सचिव को भेजा पत्र

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** वर्तमान में शहरों में संचालित बस सेवाओं की कंपनीया प्रदेश में प्रस्तावित जनबसों का संचालन निजी ऑपरेटरों द्वारा करेगी, इन्ही सब ऑपरेटरों द्वारा यात्री बस किराया निर्धारण किया जायेगा, यह किराया रेटस स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार होंगे। ऐसे में प्रस्तावित जनवसों के किरायों का निर्धारण पुर्णत: नीजी हाथों में रहेगा, जो भविष्य में साधारण यात्रीयों पर आर्थिक बोझ साबित होगा, अत: जनबस किराया निर्धारण समिति का गठन जरूरी है। यह आपत्ति नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने प्रदेश के परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंग, तथा मुख्य सचिव अनुराग जैन को भेजी है। उल्ल्रेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने 18 नवंबर को बैठक आयोजित कर प्रदेश के 25 जिलों में 6000 रूटस् पर 10,879 जन बसेस संचालित करने का निर्णय लिया है, यह संचालन अप्रैल 2026 से शुरू होगा। इसके लिए सरकार ने परिवहन और इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी गठित की है। मंच ने बताया कि सरकार ने अधिकारियों की मॉनिटरिंग कमेटी जरूर गर्वित की है, लेकिन उसे यात्री किराया निर्धारण, या उसके मॉनिटरिंग करने का अधिकार नहीं दिया है। इसी कारण एक अलग किराया निर्धारण समिति गठित होना जरूरी है।

# नरेश कुलस्ते बने जिला अध्यक्ष



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ, संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे ने बताया कि एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लेते हुए शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के नरेश कुलस्ते को जबलपुर जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र शर्मा द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर की गई है। इस घोषणा के बाद संघ द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में भव्य स्वागत रैली निकालकर श्री कुलस्ते का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय महामंत्री अजय दुबे ने कहा कि श्री कुलस्ते जी को संगठन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विभाग में सबसे अधिक शोषित और उपेक्षित वर्ग है, और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु आपकी भूमिका निर्णायक होनी चाहिए। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रांतीय सचिव सहदेव रजक, संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे, वैद्यनाथन अय्यर, पूर्व जिला अध्यक्ष रविकांत दहायत, प्रेम नारायण ठाकुर, हबीब खान, ओमप्रकाश पंनगरहा,राजू महतो, शंकर वानखेडे , सुरेश बाल्मिक, सुनील पाठक, सूरज मिश्रा, विजय यादव, मोहित वर्मा, दयाशंकर पटेल, अशोक सतनामी, रामेश्वर सोनी आदि अन्य उपस्थित रहे।



## ई-सेवा केन्द्र का हुआ शुभारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शाहपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत गंगई में बुधवार को सरपंच श्रीमती जानकी राजपूत और ग्राम के ग्राम सचिव, सहसचिव द्वारा सीएससी अटल ई सेवा केन्द्र का उद्घाटन समारोह सम्पंन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का प्रोग्राम भी दिखाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



# संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर(स्वतंत्र मत)

16 नवंबर को जिला पंचायत सदस्य किसान एवं ओबीसी समाज के नेता इंद्र कुमार पटेल के ऊपर ग्राम कंदरा खेड़ा थाना पनागर के अंतर्गत विकास कार्य करते वक्त शराब के नशे में ग्रसित बदमाश युवकों में पेट में चाकू मार कर प्राण घातक हमला किया। जिसके कारण इंद्र कुमार पटेल गंभीर रूप से घायल हुए। इस घटना से समूचे क्षेत्र में सनसनी मच गई किजनप्रतिनिधि समाज सेवक ओबीसी समाज और किसने की लड़ाई लड़ने वाली भी अब सुरक्षित नहीं है। नगर में एवं ग्रामीण व्यवस्था को लेकर और शराब खोरी के अड्डे जो स्थापित हैं। उनके कारण घटनाएं बढ़ रही है। ऐसे ही 18 अक्टूबर से सेन समाज की नाबालिक श्रीनाथ की तलैया निवासी एक बेटी जो मां के यहां अध्ययन करती थी, कोचिंग क्लास गई थी और लापता हो गई। जिसकी लाश साली चौका जिला नरसिंहपुर रेलवे ट्रैक पर मिली। आज तक उसे बेटी को भी न्याय नहीं प्राप्त हुआ। घटनों के विरोध में संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने प्रदर्शन कर एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर समाजसेवी रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा ,नोखेलाल प्रजा ,घनश्याम यादव, सत्येंद्र यादव ,वृंदावन वर्मा ,राजेंद्र पिल्लई ,जितेंद्र कुर्मी, एडवोकेट गया प्रसाद कुशवाहा शैलेश लोधी ,एडवोकेट परमानंद साहू, एडवोकेट मनोज चौधरी ,विनय भगत ,रवि भगत ,अशोक यादव आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं की सृजनात्मक संभावनाओं का मंच है युवा उत्सव: कुलगुरु प्रो. वर्मा

## रादुविवि में तीन दिवसीय अंतर जिला युवा उत्सव का रंगारंग शुभारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

युवा उत्सव जैसे मंच युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं और उभरती प्रतिभाओं को जिला, मंडल, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करते हैं। ये युवाओं के अंदर मौजूद सर्जनात्मक संभावनाओं का मंच है। इसके माध्यम से युवा, कला की शास्त्रीय और लोक परंपराओं को समझने के साथ नवाचार के लिए भी आगे आए। वे अपनी प्रतिभा और रुचि के अनुरूप भविष्य में आगे बड़े। ये आव्हान माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने बुधवार को विवि के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में आयोजित अंतर जिला (विश्वविद्यालय स्तर) युवा उत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए किया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार त्रिदिवसीय अंतर जिला (विश्वविद्यालय स्तर) युवा उत्सव का 19 नवम्बर, बुधवार से रंगारंग आगाज हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल ने द्वीप प्रज्जवलन कर युवा उत्सव का शुभारंभ किया और सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं देते हुए संदेश में कहा कि युवा उत्सव में शामिल सभी प्रतिभागी अपनी सांस्कृतिक विरासत को प्रदेश और देश स्तर पर प्रचार, प्रसार करें। उद्घाटन कार्यक्रम में विवि छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं आयोजन संयोजक प्रो. विवेक मिश्रा, सह संयोजक डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, आयोजन सचिव डॉ. सुनील देशपाण्डे, आयोजन महासचिव डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. शैलेष प्रसाद, डॉ. जावेद, डॉ. हरीश यादव, डॉ. विवेक सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ. सुनील देशपांडे ने किया।



***विवि पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह*** - विवि के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में प्रात: अभिनय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत स्किट, माईम, मिमिक्री का आयोजन संयोजक डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. सुनील देषपाण्डे एवं डॉ. रजनी शर्मा की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इसमें स्किट में 3 जिलों- जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर के प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता की। इसके साथ ही माइम में पांच जिलों जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, डिण्डोरी के प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता की। इसमें सभी प्रतिभागियों ने अपनी अभिनय कला का बखूबी प्रदर्शन किया। अपरांह विवि के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने सामाजिक एवं समसामयिक परिस्थितियों पर अपने अभिनय के माध्यम से कटाक्ष करते हुए जागरूकता के संदेश प्रसारित किये।

***विवि एमबीए कांफ्रेंस हॉल*** - विवि एमबीए कांर्फ्रेस हॉल में साहित्यिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत वाद-विवाद, भाषण, प्रश्नमंच का आयोजन संयोजक प्रो. आशीष शर्मा निदेशक एमबीए, एसके व्यास की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसमें सभी प्रतिभागियों ने अपनी साहित्यिक कला को प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विवि एमबीए लाईब्रेरी हॉल में रूपांकन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, कोलॉज, स्पॉट पेंटिंग, कार्टूनिंग, रांगोली, क्ले मॉडलिंग का आयोजन डॉ. शालिनी यादव, डॉ. हिमानी सिंह, डॉ. सीमा मिश्रा की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इसमें सभी प्रतिभागियों ने अपने कलात्मकता क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन कर सभी को आकर्षित किया।

# नक्सली मुठभेड़ में हॉक फोर्स का इंस्पेक्टर शहीद

## जांबाज जवान को दो वीरता पदक मिले थे, तीन नक्सलियों को मार गिराया था

बालाघाट (स्वतंत्र मत)






मार्च 2026 नक्सली डेड लाईन घोषित होने के बाद मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ ने जॉइंट ऑपरेशन पुलिस चला रहीं है। इसी दौरान बुधवार की अलसुबह बालाघाट में हॉक फोर्स में पदस्थ इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की गोली लगने से शहीद हो गए। एंटी नक्सल ऑपरेशन डीजीपी पंकज श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की हैं। जानकारी अनुसार, तीनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र के बोर तालाब के पास नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस के पहुंचने पर नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ बालाघाट की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव जिले के बोरतालाब थाना क्षेत्र स्थित कौहापानी के पास जंगल की है। इस जगह नक्सल के खिलाफ तीन राज्यों की पुलिस का संयुक्त अभियान चल रहा था। तीनों टीम को लीड कर रहे इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को गोली लग गई। उन्हें घायल अवस्था में डोंगरगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नरसिंहपुर एसपी डॉ. ऋषिकेश मीना एएसपी संदीप भूरिया समेत पुलिस बल आशीष शर्मा के घर के लिए रवाना हो गया हैं। एएसपी ने बताया कि अभी शहीद के घर में जानकारी नहीं दी है। सिर्फ उनके भाई को बताया है, जो पार्थिव शरीर लेने बालाघाट के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों राज्यों की संयुक्त पार्टी तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान नक्सलियों ने घात लगाकर फोर्स पर हमला कर दिया। फोर्स ने भी जवाबी कार्रवाई की और दोनों तरफ से कई घंटे तक गोलीबारी चलती रही थी। इसी दौरान कई गोलियां इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को लग गई। उन्होंने बताया कि घायल पुलिस अधिकारी को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ अस्पताल लाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अब भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। नक्सलियों और एमपी की स्पेशल नक्सल-विरोधी हॉक फोर्स के बीच मुठभेड़ में हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हो गए। 40 वर्षीय जवान को मुठभेड़ में कई गोलियां लगी थीं। आशीष शर्मा को दो वीरता पदक मिले थे और उन्हें बारी-बारी से प्रमोशन मिला था। वह फरवरी 2025 में बालाघाट जिले के रौंदा जंगलों में हुई एक बड़ी मुठभेड़ का अहम हिस्सा थे, जिसमें तीन वांछित महिला नक्सलियों को मार गिराया गया था। बताया जा रहा है कि आशीष शर्मा मूल रूप से मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा तहसील अंतर्गत ग्राम बोहानी के रहने वाले थे। उनका चयन 2016 में सब इंस्पेक्टर के पद पर हुआ था। इससे पहले, वे इंटेलिजेंस में आरक्षक के पद पर सेवाएं दे रहे थे। किरनापुर के किन्ही पुलिस चौकी में हॉक फोर्स के निरीक्षक के पद पर भी रहे। नक्सलियों का एनकाउंटर करने पर पुरस्कार स्वरूप मध्य प्रदेश सरकार ने आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया था। पिछले दो साल में भारत सरकार से उन्हें दो वीरता पदक मिला। पारिवारिक मित्रों ने बताया कि आशीष शर्मा की शादी तय हो गई थी। दो महीने बाद जनवरी 2026 में शादी होनी थी।

## शापित साबित हो रहा नया एसडीएम कक्ष लगातार हो रही घटनाओं से बढ़ी शंका

**उमरिया ।** जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित बांधवगढ़ एसडीएम कक्ष इन दिनों सुर्खियों में है। 3 साल में आधा दर्जन से अधिक एसडीएम आये और उस नए कक्ष में बैठते ही कुछ न कुछ अनहोनी होनी शुरू हो जाती है। अभी हाल ही में एसडीएम अम्बिकेश सिंह के एक्सीडेंट के बात हर किसी की जुबान से यही बात निकल रही है कि 2022 से इस एसडीएम कक्ष में अधिकारी बैठता है उसके ग्रह नक्षत्र खराब होने लगते हैं और वो किसी न किसी विवाद या हार्ट् अटैक या फिर एक्सीडेंट का शिकार हो जाता है। लेकिन इसमें सबसे अनहोनी बात तो ये है कि टी आर नाग दो बार एसडीएम बने लेकिन उस कक्ष में नहीं बैठे और वो सबसे सेफ एसडीएम साबित हुए। ये कहानी शुरू होती हैं 1 नवम्बर 2022 से जब युवा सिद्धार्थ पटेल एसडीएम बने और हार्ट अटैक के शिकार हुए फिर उसके बाद नाग साहब और फिर 2023 में अमित सिंह। इनके साथ भी अनहोनी हुई और एक मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री ने भोपाल से ही सस्पेंड कर दिया। उसके बाद फिर नाग साहब बने और एसडीएम चेम्बर में बैठे ही नही और सेफ रहे फिर उसके बाद रीता डेहरिया जी एसडीएम बनी और हाइवे मुआवजा विवाद में नाम आया और फिर कमलेश नीरज एसडीएम बने और उन्हें भी हार्ट अटैक हुआ और उसके बाद हरनीत कौर एसडीएम बनी तो वो भी ग्राम पंचायतों में 50 रुपयों की पर्ची विवाद में रही फिर उसके बाद अभी हाल ही में अम्बिकेश सिंह एसडीएम बने और एक्सीडेंट के शिकार हुए। अब तो एसडीएम उस कक्ष में बैठने से भी कतराने लगे है। ये मात्र संयोग है या फिर कुछ और कहा नही जा सकता लेकिन जो भी बैठता है अनहोनी का शिकार अवश्य हो रहा है।



# भाजपा नेता सागर ने फसल में पानी समस्या को जल संसाधन मंत्री से की मुलाकात, सौंपा पत्र

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता सागर बिसेन ने किसानों की रबी धान फसल में पानी की समस्या को लेकर भोपाल में म.प्र. सरकार के जल संसाधन विभाग, मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात कर राजीव सागर परियोजना नहर संभाग 3 कटंगी की बाएं तट मुख्य नहर से मुरझड़ वितरक नहर पर सर्वे कर जोड़े जाने के सम्बंध विस्तृत चर्चा कर पत्र सौंपा गया। मंत्री श्री सिलावट के द्वारा सर्वे करवाये जाने के लिये आश्वस्त किया हैं। जानकारी अनुसार, भाजपा कार्यकर्ता सागर बिसेन ने जल संसाधन मंत्री तूलसी सिलावट से पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि राजीव सागर परियोजना नहर संभाग क्रमांक 3 कटंगी (बालाघाट) के अंतर्गत आने वाले भजियादंड, डोंगरिया, अमई, झरिया, सालेटेका मुरझड़, हेटीटोला व अन्य ग्रामों के भूमि का रकबा सिंचाई होना दर्शाया गया हैं। इन ग्रामों तक नहर तो बनाई गई है लेकिन आखरी छोर (टेल) पर होने के कारण पानी नहीं पहुंच पाता है, इस कारण विगत वर्ष में पानी के अभाव में किसानों की धान (रबी) की फसल सूख गई। यह स्थिति जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को मालूम हैं। राजीव सागर परियोजना के अंतर्गत मुरझड़ वितरक नहर को पूर्व में खड़गपुर से सीधे न जोड कर खड़गपुर से 3 किलोमीटर नीचे स्थित ग्राम पौनेरा से जोडा गया हैं यहां से उमरवाड़ा, लालपुर होते हुए मुरझड़ वितरक नहर के भजियादंड, अमई, झरिया, डोंगरिया, सालेटेका, हेटीटोला ग्रामों को सिचाई के लिये जोड़ा गया है इस कारण पानी नहीं पहुंच पा रहा है। अगर विभाग द्वारा नया सर्वे करवाकर मुरझड़ वितरक नहर को सीधे खड़गपुर मुख्य नहर, जिसकी दूरी 4 किलोमीटर की है से जोड़ दिया जाता है तो उपरोक्त सारे ग्रामों में पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंच सकता है। उन्होने कहा कि हजारों हेक्टीयर में रबी की धान फसल सैकड़ो किसान लगाते हुए ऐसे में उनकी फसल के लिए मुरझड़ वितरक नहर को खड़गपुर मुख्य नहर (राजीव सागर परियोजना संभाग क्रमांक 03 कटंगी) बाएं तट मुख्य नहर के चैन क्रमांक 2216 से मुरझड़ वितरक नहर के 158 चैन पर सर्वे करवा कर सीधे जोड़ने से इन ग्रामों के किसानों को सीधा फसल को पानी मिल पायेगा। जल संसाधन विभाग, मंत्री तुलसी सिलावट ने इस मुलाकात पर भाजपा नेता को आश्वश्वत किया हैं कि सर्वे कर किसानों के लिए पानी की सुगम व्यवस्था बनाई जायेगी।

# कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित

बालाघाट(स्वतंत्र मत)




कलेक्टर मृणाल मीना ने 19 नवंबर कों मतदात सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 06 बीएलओ कों प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मप्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) की प्रक्रिया जारी है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य किया जा रहा है, जिसमें बालाघाट जिले की अलग-अलग विधानसभाओं के मतदान केंद्रो में निर्धारित बीएलओ द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिले के विधानसभा क्षेत्र बालाघाट-111 के मतदान केन्द्र-53 सोनेवानी के बीएलओ चतुर्भुज राणा द्वारा 100 प्रतिशत डिजिलाईजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 108- बैहर के मतदान केन्द्र-93 जल्दीदाण्ड के बीएलओ रविन्द्र सोनवाने द्वारा 98.71 प्रतिशत एवं मतदान केन्द्र-164 दुगलई के बीएलओ कृष्ण कुमार रहांगडाले द्वारा 96.30 प्रतिशत, मतदान केन्द्र-82 भारी के बीएलओ रजनीश गजभिए द्वारा 91.25 प्रतिशत, मतदान केन्द्र-95 सुमेरीखेडा के बीएलओ अजय सिसोदिया द्वारा 91.26 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 86 पोगांरटोला के बीएलओ देवलाल जामने द्वारा 90.48 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र परसवाडा-110 के मतदान केन्द्र क्रमांक-19 कोसमी की बीएलओ श्रीमति प्रमिला पटले द्वारा 91.86 प्रतिशत और विधानसभा क्षेत्र लांजी-109 के मतदान केन्द्र-292 टाटीकला के बीएलओ ओमप्रकाश ढाण्डेकर द्वारा 90.48 प्रतिशत डिजिलाईजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर श्री मीना द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में तत्परता व सुगमता के साथ उत्कृष्ट कार्य करने पर शीर्ष 06 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

# बांधवगढ़ में अधिकारियों ने सीखा वन्यजीव प्रबंधन



उमरिया (स्वतंत्र मत)

जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला स्थित जैव विविधता प्रशिक्षण केंद्र में तीन दिवसीय श्वन्यजीव प्रबंधनश् रिफ्रेशर कोर्स संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण प्रदेश के मैदानी वन अमले के कौशल उन्नयन के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें रीवा, शहडोल और भोपाल वन वृत्तों के विभिन्न वनमंडलों से 22 राज्य वन सेवा के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इस कोर्स में एसीएफ, रेंजर, डिप्टी रेंजर और वनरक्षक स्तर के अधिकारियों को फील्ड दौरा कराया गया। इस दौरान उन्होंने पैदल गश्त करते हुए वन क्षेत्र में मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष साक्ष्यों को पहचानने, एकत्रित करने और उनका आकलन करने की तकनीकों का प्रेक्टिकल ट्रेनिंग प्राप्त किया। विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को रहवास (हैबिटेट) प्रबंधन और वन्य प्राणी आकलन की वैज्ञानिक विधियां भी समझाई। इसमें बाघ के पंजों (पगमार्क) के आधार पर उसके शिकार करने, पानी पीने या आराम करने के स्थानों की पहचान करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। तीन दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में वन्यजीव रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रक्रियाओं और वन्य प्राणी संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, रात में फील्ड विजिट के दौरान टाइगर रिजर्व में अपनाई जा रही प्रबंधन तकनीकों का मैदानी प्रदर्शन भी किया गया। क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि इस कोर्स में अधिकारियों को फील्ड के साथ-साथ वन अपराध और प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें वन्य प्राणी प्रबंधन के साथ बारहसिंगा बाड़ा और ट्रांसलोकेशन जैसी विशिष्ट तकनीकों पर भी प्रकाश डाला गया।

## नायब तहसीलदार मानपुर सनत कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नायब तहसीलदार तहसील मानपुर सनत कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब लिखित में समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने की बात कही है। समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत न करने एवं जवाब संतोषजनक न होनें की स्थिति में आपके विरूद्ध अनुशानात्मक का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जावेगा। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 की कार्यवाही प्रचलित है। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक का वितरण/वापसी एवं एसआईआर से संबंधित समस्ति कार्य की मॉनिटरिंग हेतु विधानसभा क्षेत्र 90-मानपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 151 से 225 तक के लिए नायब तहसीलदार कि लगाई गई तथा प्रतिदिन फील्ड में जाकर बीएलओ/बीएलओ सुपरवाईजर से संपर्क कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में गणना पत्रक डिजिटाईजेशन का कार्य 20 प्रतिशत तक किये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आवंटित मतदान केन्द्रों के गणना पत्रक डिजिटाईजेशन अत्यंत कम पाई गई। जिसके संबंध में आपसे दूरभाष पर जानकारी चाही गई जिसमे आपके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तथा फील्ड में न जाने के संबंध में आपके द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वाहन न होनें की समस्या बताकर तहसील कार्यालय में उपस्थित होना बताया गया। आपके द्वारा भारत निर्वाचन आयोग की अति महत्वहपूर्ण कार्यक्रम निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 में कोई रूचि नहीं ली जा रही है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति जानबूझकर लापरवाही तथा वरिष्ठ अधिकारी के आदेश की अव्हेलना की गई है, जो स्वेच्छाचारिता की श्रेणी में आता है।

# उमरिया कालरी में मेडिकल हेल्थ कैम्प का आयोजन

उमरिया (स्वतंत्र मत)



एसईसीएल जोहिला क्षेत्र की ईकाई उमरिया कालरी में उपक्षेत्रीय प्रबन्धक आर0व्ही गोतमारे व प्रबंन्धक सी0पी0डोंगरे के निर्देशन में मेडिकल हेल्थ कैम्प उमरिया कालरी टाईम आफिस के परिसर में लगाया गया।जवाहर कालोनी डिस्पेंसरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा 0 संतोष कुमार व उनकी टीम न कर्मचारियों की डायबिटिज सुगर व रक्तचाप की जांच की व आवश्यक दवाई का निशुक्ल वितरण किया गया।प्रबंन्धक सी0पी0डोंगरे व सुरक्षा अधिकारी श्रेयस पुराणिक ने कर्मचारियों को आगह किया कि नियमित स्वास्थ्य जांच से आप गम्भीर रोगों के पनपने से पहले ही सजग हो जायेंगे। स्वास्थ्य से सुरक्षित होकर सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुऐ अपनी डुयुटी कर कोयला उत्पादन में अपना भरपूर योगदान दे सकेंगे।इस तरह ही जब आपको पीएमई की सूचना मिले तो अवश्य ही रीजनल हास्पिटल में अपनी पीएमई जांच करायें जिससे आपको किसी भी रोग की जानकारी मिल सकेगी।डा0संतोष कुमार ने बताया कि मधुमेह व रक्तचाप सम्बघी बीमारियों से कई प्रकार के रोग पनपते है इसलिये खासकर ठण्ड में इनके प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।साथ ही ठण्ड में सर्दियों में होने वाले सामान्य रोगों में सर्दी-जुकाम, फ्लू, गले में खराश, साइनसाइटिस, ब्रोंकाइटिस और निमोनिया शामिल हैं। ये बीमारियाँ इसलिए ज़्यादा होती हैं क्योंकि ठंडे मौसम में वायरस अधिक पनपते हैं और लोग ज़्यादातर समय घर के अंदर रहते हैं, जिससे संक्रमण आसानी से फैलता है। इसके अलावा, त्वचा संबंधी बीमारियाँ जैसे एक्जिमा भी रूखी त्वचा के कारण बढ़ जाती हैं।उन्होने आगाह किया कि नियमित व्यायाम योग करने से इन बीमारियों व हार्ट अटैक व ब्रेन स्ट्रोक से भी बच सकेंगे।

## प्रा. शिक्षक शा.मा.शाला बिछिया, बीएलओ पर एक वार्षिक वेतन वृध्दि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की शास्ति अधिरोपित

**उमरिया ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रा. शिक्षक शा.मा.शाला बिछिया, विकासखण्ड करकेली मान सिंह उद्दे पर म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-10 के तहत आगामी एक वार्षिक वेतन वृध्दि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की शास्ति अधिरोपित की है। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना-पत्रक वापसी एवं डिजिटाईजेशन का कार्य प्रतिदिन 10प्रतिशत से अधिक किये जाने हेतु निर्धारित किया गया है, निर्देशानुसार जिले के समस्त बीएलओ को गणना-पत्रक डिजिटाईजेशन निर्धारित लक्ष्य अनुसार समय-सीमा में किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 284-बिछिया विधानसभा क्षेत्र 89-बांधवगढ़ में नियुक्त बीएलओ मान सिंह उद्दे, प्रा. शिक्षक शा.मा.शाला बिछिया विकासखण्ड करकेली द्वारा कुल 697 मतदाताओं में से मात्र 9 (1.29प्रतिशत) मतदाताओं का गणना-पत्रक डिजिटाईजेशन कार्य किया गया है जो असत्य है, जिससे यह स्पष्ट है कि मान सिंह उद्दे, प्रा. शिक्षक द्वारा अपने मतदान केन्द्र में सत्त भ्रमण नहीं किया गया और न ही मतदाताओं से संपर्क किया गया। श्री उद्दे की प्रगति के संबंध में सायं काल गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा की गई जिसमें उनके द्वारा उक्त गूगल मीट में उपस्थित होने के बावजूद भी कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि मान सिंह उद्दे, प्रा. शिक्षक द्वारा भारत निर्वाचन आयोग की अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 में जान बूझकर कोई रुचि नहीं ली जा रही है तथा अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही व वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अव्हेलना की गई है, जो म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 का उल्लंघन होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। यह आदेश प्रभावशील हो गया है।

# राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए सेन्ट्रल एकेडमी के दो छात्र

उमरिया (स्वतंत्र मत)




जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेन्ट्रल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल उमरिया के दो छात्रों ने एक बार फिर विद्यालय के साथ-साथ राज्य का नाम रोशन किया हैं। विद्यालय की प्रतिभासम्पन्न छात्रा कु0 कृति शुक्ला कक्षा 12वीं ने 17-18 नवंबर को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025 में कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर, मध्यप्रदेश के साथ विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उक्त उपलब्धि के आधार पर कु कृति शुक्ला का चयन राष्ट्रीय युवा उत्सव प्रतियोगिता हेतु हुआ है। जो 12 जनवरी 2026 को दिल्ली में आयोजित होगी जिसमें कृति शुक्ला मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं दूसरी और विद्यालय का होनहार छात्र सौर्य सिंह तोमर कक्षा 8वीं ने दिनांक 13/10/2025 से 17/10/2025 को उमरिया में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता (14 वर्षीय) मे संभाग शहडोल टीम से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें फाइनल में शहडोल संभाग टीम बिजेता बनी। अत: छात्र सौर्य सिंह तोमर के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण उसका चुनाव 69वीं राष्ट्रीय फुटवाल प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश के टीम में हुआ। यह छात्र मध्यप्रदेश फुटबाल टीम (14 वर्षीय) का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता में खेलेगा। जो दिनांक 01-12-2025 से 06-12-2025 तक उमरिया में आयोजित की जायेगी। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्राचार्या सोनिया मिश्रा ने कहा कि हर छात्र में किसी न किसी विधा की प्रतिभा होती है. विद्यालय छात्रों की उस प्रतिभा को निखारने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। मैं चाहती हूँ की मेरे सभी शिक्षक इसी तरह मनोयोग से कार्य करते रहें ताकि हम सबको बार-बार अपने छात्रों को शुभकानाएं प्रेषित करने का अवसर प्राप्त होता रहें। छात्रों की इस सफलता पर समूचे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल हैं। विद्यालय प्रबंधन तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहा. शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक शा. हाई स्कूल असोढ को किया निलंबित

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इन्द्रपाल दहायत, सहा. शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक शा. हाई स्कूल असोढ विकासखण्ड मानपुर, जिला उमरिया को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 में रुचि न लेने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अव्हेलना व निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने के कारण म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय उमरिया नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 की कार्यवाही प्रचलित है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक वापसी एवं डिजीटाइजेशन का कार्य प्रतिदिन 10 प्रतिशत से अधिक किये जाने हेतु निर्धारित किया गया है, निर्देशानुसार जिले के समस्त बीएलओ को गणना-पत्रक डिजीटाइजेशन निर्धारित लक्ष्य अनुसार समय-सीमा में किये जाने तथा बीएलओ सुपरवाईजरों को इसकी सत्त निगरानी कर कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 90-मानपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 21 से 30 में नियुक्त बीएलओ सुपरवाईजर इन्द्रपाल दहायत, सहा. शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक शा. हाई स्कूल असोढ विकासखण्ड मानपुर द्वारा तक आवंटित मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के गणना-पत्रक डिजीटाइजेशन कार्य मात्र 6 प्रतिशत से कम कराया गया है जो असत्य है, जिससे यह स्पष्ट है कि श्री दहायत, सहा. शिक्षक द्वारा अपने आवंटित मतदान केन्द्रों में सतत भ्रमण नहीं किया गया और न ही बीएलओ से संपर्क किया गया।

## कलेक्टर ने सौंपा गणना प्रपत्र

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ उमेश झरिया को विधिवत फीडिंग के लिए सौंपा गया। इस अवसर पर उन्होंने निर्वाचन कार्यों की पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण निर्वाचन प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए बीएलओ समय-सीमा के भीतर सभी गणना प्रपत्रों की सटीक फीडिंग सुनिश्चित करें।

## पुनरीक्षण कार्य जारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत भोंडी में बीएलओ द्वारा घर-घर पहुँचकर गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों से प्राप्त भरे हुए गणना प्रपत्रों की ऑनलाइन फॉर्म फीडिंग का कार्य भी लगातार गति से जारी है।

## सीईओ ने किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। इसी कड़ी में सीईओ जनपद पंचायत बीजाडांडी श्रीमती बसंती दुबे ने मंगलवार को ग्राम पंचायत कालपी के पोषक ग्राम दलकापांडे का औचक निरीक्षण किया और चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्रीमती बासंती दुबे ने पाया कि ग्राम दलकापांडे में कुल 765 मतदाताओं में से अब तक 278 मतदाताओं की फीडिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती के द्वारा राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिशु स्वास्थ्य एनआरसी तथा राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि लक्ष्य पूर्ण किये जाने के लिए जिले के सभी विकासखण्ड को फोकस करें। जिले में बम्हनी शहरी क्षेत्र मवई में 78 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत सबसे कम उपलब्धि है खण्ड चिकित्सा अधिकारी बम्हनी एवं मवई को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

## रोजगार मेला में 8 अभ्यार्थी चयनित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय आईटीआई एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार युवा संगम मेले का आयोजन नगर पालिका टाउन हॉल मंडला में किया गया। मेले में स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की 6 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया एवं मेले में 95 अभ्यर्थी उपस्थित हुए रोजगार युवा संगम मेले में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं विभागों के प्रमुखों द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य आईटीआई श्रीमती मनीषा भूरिया एवं सहायक संचालक डीआईसी बलराम यादव के द्वारा स्वरोजगार हेतु शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कंपनियों द्वारा 31 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। 8 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप में चयन किया गया। स्वरोजगार के लिए 6 हितग्राहियों को सेंक्शन लेटर वितरित किए गए। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत 5 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

## सहिष्णुता दिवस कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासकीय आईटीआई में प्राचार्य श्रीमती मनीषा भूरिया के निर्देशन एवं प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती वैशाली कामडे, हितेन्द्र तुमराम के मार्गदर्शन में सहिष्णुता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहिष्णुता दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

## करंट लगने से दम्पति की मौत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पिंडरई क्षेत्र के अतरिया गांव में बुधवार की सुबह को एक बेहद दर्दनाक हादसा हो गया जिसमें राधे मर्सकोले और उनकी पत्नी की करंट लगने से मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दम्पति नदी में लगी मशीन निकालने का प्रयास कर रहे थे तभी अचानक मशीन में करंट प्रवाहित हो गया और दोनों इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद ग्राम में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों द्वारा तुरंत दोनों को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक दम्पति की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पिंडरई पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ में पहुंचे श्री मरकाम ने कहा धर्म समाज और संस्कृति की रक्षा हम सभी का दायित्व





मण्डला(स्वतंत्रमत)

नगर मुख्यालय के कुंभ स्थल में आयोजित विराट 108 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ के तृतीय दिवस कार्यक्रम अवसर पर लक्ष्मण सिंह मरकाम एडीशन सेक्रेटरी आईईएस मुख्यमंत्री कार्यालय मप्र शासन भोपाल मुख्य रूप से पहुंचे जिनका गायत्री परिवार ने पुष्पमाला से स्वागत करते हुए तिलंक वंदन किया। यहां पर हरिद्वार से आए टोली नायक आचार्य राजकुमार भृग एवं कार्यक्रम संयोजक संदीप साहू ने उन्हें शॉल श्रीफल से सम्मान करते हुए उन्हें मंच में स्थान ग्रहण कराया। इस अवसर पर श्री मरकाम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म संस्कृति की रक्षा और सुरक्षा हम सभी का दायित्व है उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का साक्षात दर्शन होना और नर्मदा तट पर इस विशाल गायत्री महायज्ञ का होना अपने आप में इस बात के संकेत हैं धर्म की जड़ हमारे पूर्वजों से जुड़ी हुई है उन्होंने मां रेवा के अनेक वृतांत को विस्तार से बताया और कहा कि गायत्री महायज्ञ में सहभागिता करने वाले परिवार हमेशा निरोगी और खुश रहते हैं इस दौरान उन्होंने मां गायत्री की महाआरती करते हुए दीपदान भी किया कार्यक्रम स्थल में हजारों की संख्या में दीपक जलाए गए थे जो हमे अंधकार से उजाले की ओर ले जाने की प्रेरणा दे रहे थे। श्री मरकाम के मंडला आगमन पर उनका स्वागत कटरा बायपास में किया गया। यहां पर जिला पंचायत सदस्य जगत मरावी, वनवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक, रोहित बघेल, मनीष तिवारी, अरूण बैरागी, सोमेन्द्र कुशराम ने पुष्पमाला से स्वागत किया यहां से श्री मरकाम महाराजपुर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल पहुंचे जहां पर उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर मल्यार्पण करते हुए पुष्पवर्षा की। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि उनका मंडला से पुराना नाता है वे अकसर मंडला आते रहते हैं उन्होंने कहा कि मां नर्मदा की नगरी के साथ ऐतिहासिक नगरी होने के कारण मंडला की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर है केन्द्र की मोदी सरकार और मप्र की मोहन सरकार लगातार मंडला के विकास के लिए काम कर रही है उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई सौगाते मंडला को मिलने वाली है इस दौरान उन्होंने जनजातीय समूह के लोगों से आग्रह किया कि वे समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें ताकि यह समाज भी मूलधारा में आ सकें। जनजाति लोगों का एक समूह है जो समान वंशावली और संस्कृति को साझा करते हैं। भारत की जनजातियां देश के लगभग सभी राज्यों में फैली हुई है। अलग अलग राज्यों में इनके रीति रिवाज और रहन सहन भी एकदम अलग होते हैं। जनजातियां, भारतीय आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जनजातीय संस्कृति भारत की अमूर्त राष्ट्रीय विरासत का एक अभिन्न अंग है। साथ ही संगठनात्मक स्वरूप एवं संगीत, प्रवचन राष्ट्र समर्थ और सशक्त कैसे बने सप्त आंदोलन पर उपस्थित टोली नायक आचार्य राजकुमार भृगु के द्वारा विस्तार से बताया गया। यहां पर हजारों की संख्या पर गायत्री परिवार से जुडे परिजन पहुंचे जिन्होनें यज्ञ में आहूती देते हुए पूजन पाठ किया सुबह से ही यहां पर चहल पहल देखी गई दूर-दूर से आए गायत्री परिवार के परिजन 108 कुंण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए। नर्मदा तट युगऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के संकल्प मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण को साकार करने व अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी एवं अखण्ड दीप के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य पर अपने क्षेत्र के जनमानस को आद्यशक्ति वेदमाता गायत्री के महामंत्र को साधनात्मक पुरुषार्थ राष्ट्र शौर्य समृध्दि हेतु मण्डला नगर में माँ नर्मदा के पावन तट पर 108 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृध्दि गायत्री महायज्ञ के रूप में युग निर्माण योजना अंतर्गत अद्वितीय योगदान का एक वैश्विक उत्सव हो रहा है। वहीं कार्यक्रम में तृतीय दिवस प्रात: 6:00 से 7:30 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञा योग-व्यायाम प्रात: 8:00 से 11:00 बजे तक संस्कार परंपरा गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न वैदिक संस्कार दोप. 2:00 से कार्यकर्ता गोष्ठी, 3:00 बजे तक अनुयाज कार्यक्रम दोप. 3:00 से 6:00 बजे तक अखण्ड दीप एवं वंदनीया माताजी जन्म शताब्दी संकल्प दीप महायज्ञ यज्ञ किया गया। वहीं यज्ञ स्थल में ऋषि प्रणीत वैदिक संस्कार नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, मंत्र दीक्षा- यज्ञोपवीत विवाह, जन्मदिन एवं विवाह दिवस आदि संस्कार नि:शुल्क सम्पन्न कराए जा रहे हैं। श्री मरकाम ने देव संस्कृति दिग्दर्शन प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से समाज में एक नया संदेश जाएगा। वहीं ब्रम्हकुमारी द्वारा कार्यक्रम स्थल में 12 ज्योर्तिलिंग की स्थापना की गई है जहां पर दीप प्रज्वालन करते हुए ब्रम्हकुमारी दीदीयों से चर्चा की। कार्यक्रम समापन पर सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले अनेक कार्यकर्ताओं का मंच से सम्मान किया गया।

# फर्जी सीमांकन कर जमीन हथियाने की चल रही कोशिश



मण्डला(स्वतंत्र मत)

जिले की ग्राम पंचायत झुरगी पौड़ी जनपद पंचायत मोहगांव के अंतर्गत चौकी चाबी क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां किसान सुकरत दास सोनवानी ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि पटवारी लाल सिंह उईके ने गांव के कुछ लोगों के साथ मिलकर उसके खेत का फर्जी सीमांकन कर दिया और सिर्फ आपसी रंजिश निकालने के लिए उसकी पुश्तैनी जमीन में घुसपैठ कर तोड़फोड़ की जा रही है। किसान सुकरत दास ने बताया कि उसके खेत में सरकारी नाला मौजूद हैं लेकिन पटवारी ने कथित रूप से मिलीभगत करते हुए फर्जी तरीके से बदलाव कर सरकारी नाले को खेत के बीच से दिखा दिया ताकि उसके खेत की जमीन पर गांव के कुछ प्रभावी लोग कब्ज़ा जमा सकें। किसान का आरोप है कि पूरे मामले में पटवारी पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सुकरत दास का कहना है कि मेरी गैरमौजूदगी में मेरी फेंसिंग तोड़ी गई मेरे खेत में घुसकर मेढ बंधान को उखाड़ फेंका गया। मेरा पूरा परिवार डर और दहशत में है। गांव के कुछ लोग कलिका प्रसाद, प्रेम भवेदी, दुर्गेश भवेदी, कंसु मरकाम, बिरसिंह मरकाम, फागू मरकाम, मिथलेश मरकाम, शिवकुमार मरकाम और दयाराम भवेदी लगातार मारपीट धमकी और परेशान कर रहे हैं। किसान ने यह भी खुलासा किया कि पटवारी ने सीमांकन सही करने के नाम पर 5 हजार रुपये की अवैध मांग की जिसमें से 3,500 नकद और 1,500 रुपए फोनपे के माध्यम से वसूले गए। किसान ने इसके सबूत भी होने की बात कही है। इतना ही नहीं बरसात के समय से किसान के खेत में लगातार अवैध घुसपैठ तोड़फोड़, मारपीट और धमकियों का सिलसिला जारी है। किसान सुकरत दास ने बताया कि मुझे आदिवासी होने का हवाला देकर एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी जा रही है ताकि मैं चुप रह जाऊं और अपनी पुश्तैनी जमीन छोड़ दूं।

किसान ने चौकी चाबी एवं तहसील मोहगांव के अधिकारियों से भी शिकायतें दर्ज कराईं लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने से उसने कलेक्टर और एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग की है। किसान के पास तोड़फोड़ का वीडियो फुटेज, भुगतान का प्रमाण और पूरी घटनाओं के सबूत मौजूद हैं इसके बावजूद कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

### इन्होंने कहा

शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी, चौकी चाबी को शिकायत फॉरवर्ड किया गया है, ओर चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि उचित जांच करे।

**रजत सकलेचा, पुलिस अधीक्षक मंडला**

मैने किसी प्रकार की पैसे की मांग नहीं की है, मेरे खाते में अनेक तरह के पैसे आते रहते है, मुझे नहीं पता उन्होंने मेरे खाते में क्यों पैसे डाले है मैने कोई पैसे की मांग नहीं की है ओर मैं फिर से सुकरात का सीमांकन करवा दूंगा। और गांव के लोगों को मैने नहीं बोला था तोड़फोड करने के लिए उन्होंने खुद ही तोड़फोड़ किया है।

**लाल सिंह उईके, पटवारी**

# अधिवक्ता संघ बिछिया के चुनाव संपन्न

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

अधिवक्ता संघ भुआबिछिया का द्विवार्षिक निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव में उपाध्यक्ष एवं सचिव पद पर एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में होने के कारण कार्यालय परिसर में मतदान प्रक्रिया कराई गई। सुबह निर्धारित समय पर मतदान शुरू हुआ जिसमें अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतगणना पूर्ण होने के बाद उपाध्यक्ष पद पर संदीप पटेल ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराते हुए विजय हासिल की। वहीं सचिव पद पर पीयूष पांडेय ने जीत का परचम लहराया। दोनों विजेताओं का समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। मतदान उपरांत निर्वाचन प्रक्रिया का विधिवत समापन करते हुए निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश नारायण मिश्रा ने विजयी पदाधिकारियों की आधिकारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि आगामी दो वर्षों के लिए निर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष विजय चौरसिया, महिला उपाध्यक्ष रक्षा कोष्ठा, उपाध्यक्ष संदीप पटेल, सचिव पीयूष पांडेय, सह सचिव नानकराम धुर्वे, कोषाध्यक्ष बलराम शर्मा, ग्रंथपाल दिलीप कोर्वे नियुक्त हुए हैं। परिणाम घोषित होते ही संघ परिसर में उल्लास का माहौल देखा गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वे अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान संगठन की मजबूती और सकारात्मक कार्य संस्कार को प्राथमिकता देंगे निर्वाचन प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुई। मतदान से लेकर परिणाम तक अधिवक्ताओं ने अनुशासित व्यवहार का परिचय दिया। निर्वाचन अधिकारी व उनकी टीम ने चुनाव को पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समिति की बैठक गोलमेज कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वन अधिकार एवं पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स की समिति के सदस्य डॉ. शरदचन्द्र लेले, गिरीश कुबेर, कालूसिंह मुजाल्दा, रूपनारायण मांडवे शामिल हुए समिति के सदस्यों ने कहा कि वन ग्रामों में किये जा रहे सर्वे कार्य में पारदर्शिता रखें भविष्य में गांवों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि फार्म ख और ग दोंनो एक साथ ही भराए। गांव की ट्रेनिंग भी कराई जाएगी। बैठक में वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन के विषय में सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए भी वन अधिकार के दावों को प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम डिप्टी डायरेक्टर कान्हा टाइगर रिजर्व कोर पुनीत गोयल वनमण्डल अधिकारी सुश्री प्रीता एसएम और एसी ट्राइबल सहित संबंधित उपस्थित थे।

# 35वीं बटालियन में करियर काउंसलिंग

मण्डला(स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा की उपस्थिति में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर शिक्षाविद एवं गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. अनिल उपाध्याय द्वारा प्रेरक संबोधन दिया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बच्चों की रुचि के अनुसार करियर चयन के महत्व पर जोर दिया सकारात्मक सोच लक्ष्य निर्धारण कड़ी मेहनत और समय प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान किया तथा बच्चों के लिए फ्री ऑनलाइन क्लास एवं आवश्यकतानुसार ऑफलाइन क्लास की सुविधा उपलब्ध कराने की जानकारी दी कार्यक्रम में जिला पुलिस गैलेंद्र नागेश, कमलेश मरावी, नीरज दुबे, कमलेश पटेल, लाभ सिंह, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत 35वीं बटालियन में भी मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उप सेनानी प्रदीप शेंडे, बल्लभ सैयाम, इन्द्र सिंह परस्ते, सहायक सेनानी शैलेंद्र सिंह ठाकुर,बलबीर सिंह,देवेंद्र शर्मा,रुचिता चतुर्वेदी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कृषि विभाग ने किया कृषकों को मसूर चिया, किनोवा बीज का वितरण

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश सरकार कृषकों को उन्नतिशील बनाने विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत बीज उपलब्ध करा रहा है। जिनमें सब्सिडी पर बीज देना, मुफ्त बीज बांटना सहित साथी पोर्टल के माध्यम से बीज वितरण की व्यवस्था शामिल है। मुख्य उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कर किसानों की उत्पादकता बढ़ाना है। 19 नवम्बर को कृषि विभाग नैनपुर के द्वारा ग्राम पंचायत मक्के पहुंच सरपंच श्रीमति कमला परते की उपस्थिति में श्रीमति पंचशीला वरकडे प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नैनपुर, सुश्री पूजा ढडोरे कृषि विस्तार अधिकारी नैनपुर के द्वारा 16 कृषकों को मसूर, चिया एंव किनोवा बीज का वितरण किया गया। इस दौरान कृषकों व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। कृषकों को श्रीमति पंचशीला वरकडे प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा उपरोक्त बीज का अच्छा उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी गई।

# नैनपुर विकासखंड के ग्राम अतरिया के थावर नदी में दर्दनाक हादसा

### मोटर हटाते समय करंट की चपेट में आए पति-पत्नी की मौत

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

तहसील क्षेत्र में बुधवार अलसुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। नैनपुर थाना के अंतर्गत पिंडरई पोलिस चौकी के ग्राम अतरिया निवासी राधे मर्सकोले उम्र 36 और उनकी पत्नी सीमा मर्सकोले उम्र 30 की थावर नदी में करंट लगने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों नदी के भीतर लगी मोटर और मशीन को हटाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट का तेज प्रवाह पानी में फैल गया, जिससे दोनों पतिङ्कपत्नी उसकी चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि राधे मर्सकोले पहले नदी में



उतरकर मोटर निकाल रहे थे। तभी विद्युत आपूर्ति से जुड़ी मशीनरी में तकनीकी खराबी आ गई और पानी में करंट फैल गया। पति को बचाने के लिए जैसे ही पत्नी सीमा नदी की ओर दौड़ी, वह भी करंट की चपेट में आ गई। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तुरंत पिंडरई चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा, जहां पंचनामा तैयार कर दोनों शवों को नैनपुर अस्पताल में पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है और करंट के स्रोत एवं कारणों की जांच की जा रही है। इस अचानक हुए हादसे ने मर्सकोले परिवार को पूरी तरह बिखेर कर रख दिया। पतिङ्कपत्नी दोनों की एक साथ हुई मौत से बच्चे, परिजन और रिश्तेदार गहरी सदमे की स्थिति में हैं। गांव के लोगों का कहना है कि राधे और सीमा अपने परिवार की रीढ़ थे, उनके जाने से घर का सहारा टूट गया है। पूरे गांव में शोक की लहर है और लोग परिवार को ढांढस देने पहुंच रहे हैं घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है और समाजजन परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

संपादकीय

# विकास के रास्ते पर देश

भारत की आबादी 146 करोड़ से अधिक हो चुकी है। इतनी बड़ी आबादी के साथ किसी विकासशील देश का विकसित राष्ट्र का सपना देखना, और उसे साकार करना आसान नहीं होता है। लेकिन भारत ने लकीर खींच दी है। लक्ष्य है कि देश जब 100वां स्वतंत्रता दिवस मनाए तो भारत के पास विकसित राष्ट्र का तमगा हो, यानी 2047 तक देश को विकसित बनाना है। भले ही बड़ी आबादी एक बड़ी चुनौती है, लेकिन जिस तेजी से घरेलू डिमांड बढ़ रही है, उसमें इसी बड़ी आबादी की बड़ी भूमिका है। आज भारत का विशाल बाजार दुनियाभर के देशों को आकर्षित कर रहा है, फिलहाल भारत की ग्रोथ स्टोरी की सबसे बड़ी ताकत यही है। घरेलू मांग के अलावा डिजिटल ग्रोथ और इंफ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश ने भी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने का काम किया है। लक्ष्य आसान नहीं है... पर नामुमकिन भी नहीं। भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां चुनौतियां भी हैं और बड़े मौके भी। दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं धीमी हो रही हैं, लेकिन भारत अभी भी तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था पर दुनियाभर की निगाहें भी टिकी हैं। हालांकि विकसित राष्ट्र बनने के लिए देश को करीब 8 फीसदी की ग्रोथ रेट बरकरार रखनी होगी।

दरअसल, जिस तरह से तमाम अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियां भारत पर भरोसा जता रही हैं, उसमें भारत की आर्थिक ताकत झलकती है। देश के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, नई सड़कें, बंदरगाह, एयरपोर्ट और डिजिटल नेटवर्क मिलकर देश की ग्रोथ स्टोरी को मजबूत बना रहे हैं। खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ी है, जिससे बाजारों में हर तरफ हलचल दिखाई दे रही है। पिछले कुछ वर्षों में बदलती राजनीति की वजह से जनता को डायरेक्ट कैश मिल रहा है, इससे सबसे निचले तबके की आय बढ़ी है। टेक्नोलॉजी भारत की अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा इंजन बन चुकी है। डिजिटल पेमेंट्स से लेकर ई-कॉमर्स, फिनटेक से लेकर स्टार्टअप्स हर सेक्टर में भारत तेजी से आगे बढ़ा रहा है। आज गांव का दुकानदार भी यूपीआई से पेमेंट ले रहा है और शहर का युवा क्रिप्टो, एआई और ऑनलाइन इन्वेस्टिंग की दुनिया में कदम रख रहा है। यह बदलाव सिर्फ तकनीकी नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक दोनों तरह का है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में मेक इन इंडिया भी रफ्तार में है, दुनिया की बड़ी से बड़ी कंपनियां भारत का रुख कर रही हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो पार्ट्स से लेकर डिफेंस इक्विपमेंट का भारत में प्रोडक्शन बढ़ रहा है। इससे रोजगार भी बढ़ रहे हैं और निर्यात भी मजबूत हो रहा है। सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव जैसे कदम उठाए हैं, जिनसे विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। महंगाई कई बार इकोनॉमी के रास्ते में रोड़े अटकाती है। कृषि क्षेत्र को अभी भी ज्यादा आधुनिक तकनीक और बेहतर बाजार जहां उचित दाम मिले की जरूरत है। छोटे व्यवसायों के लिए आसान लोन, स्किल ट्रेनिंग और मजबूत मार्केट एक्सेस जरूरी है। इस बीच बेरोजगारी भी एक ऐसा मुद्दा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर, भारत की आर्थिक कहानी उम्मीद और ऊर्जा से भरी हुई है। दुनिया जहां अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, भारत वहां स्थिरता और विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है।

# बिहार जीत से उभरी नई उम्मीदें और गहरी चुनौतियां



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

बिहार का यह चुनाव केवल एक राजनीतिक मुकाबला नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की चेतना, जनता के विश्वास और नेतृत्व की विश्वसनीयता को परखने का अवसर भी था। परिणाम जिस तरह सामने आए, उन्होंने न केवल बिहार बल्कि पूरे देश एवं दुनिया को चौका दिया। यह जीत केवल गठबंधन की सामूहिक ताकत की नहीं, बल्कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्षों से स्थापित सुशासन मॉडल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के अटूट भरोसे का परिणाम है। बिहार की महिलाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई है-उनकी उम्मीदें, उनका साहस और उनका भरोसा इस परिणाम के मूल में खड़ा दिखाई देता है। बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया, बल्कि खुद को परिपक्व एवं जागरूक प्रदर्शित करते हुए मूल्यों एवं विकास के मानकों पर मतदान दिया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है कि अब बिहार जंगलराज नहीं चाहता, विकास की नई सुबह देखना चाहता है, एसआईआर को वोट चोरी के रूप में दी गयीप्रस्तुति उसे स्वीकार्य नहीं हुई, वह अतीत के भ्रष्ट शासन से मुक्ति के लिये अतीत की त्रासद यादों एवं भविष्य के सुनहरे भविष्य के बीच चयन करते हुए लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की की काली छाया नहीं चाहता। भले ही तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे।

नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं थे। उनकी छवि को धुंधलाने एवं उन्हें बीमार घोषित करने के भी पूरे प्रयत्न हुए लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक एवं सुशासन-पुरुष हैं। वह अब तक नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। लेकिन इस बार उनकी चुनौतियां भाी बड़ी है। वैसे लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जीत जितनी बड़ी होती है, चुनौतियां भी उतनी ही व्यापक हो जाती हैं। बिहार में एनडीए की इस ऐतिहासिक विजय के बाद जिस दौर की शुरुआत हो रही है, वह उत्साह से कहीं अधिक



जिम्मेदारी का दौर है। नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री बन रहे हैं, यह अपने-आप में निरंतरता, स्थिरता और सुशासन की अपेक्षाओं को नयी ऊँचाई देता है। परंतु अब उनके सामने जो प्रश्न खड़े हैं, वे कहीं अधिक गहरे, जटिल और चुनौतीभरे हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार केवल एक राजनीतिक पराजय नहीं, बल्कि परिवारवादी राजनीति के प्रति जनता की निर्णायक और स्पष्ट निष्पत्ति है। मतदाताओं ने यह संदेश दो टूक दिया है कि राजनीति किसी परिवार, वंश या व्यक्तिगत प्रभुत्व की जागीर नहीं हो सकती। खासकर क्षेत्रीय दलों में फैला वंशवाद, व्यक्तिवाद और उत्तराधिकार की अनिवार्य राजनीति जनता को लगातार विचलित करती रही है। परिणामों ने यह उजागर कर दिया कि अब मतदाता सिर्फ चेहरे और परिवारों के मोहजाल में नहीं फँसना चाहते, बल्कि वे विकास, पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को प्राथमिकता देने लगे हैं। महागठबंधन की हार उसी व्यापक जनभावना का परिणाम है, जिसमें जनता ने यह तय कर दिया कि लोकतंत्र में जनता की सत्ता सर्वोपरि है, किसी भी राजनीतिक खानदान की नहीं।

बिहार की सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है। वर्षों से यह राज्य बेरोजगारी के दर्द से जूझता रहा है। करोड़ों युवाओं की आंखों में नौकरी, अवसर और सुरक्षित भविष्य का सपना है। चुनावी वादे जिस उत्तेजना के साथ किए जाते हैं, उन्हें व्यवस्थित नीति, धैर्य और राजनीतिक ईमानदारी से लागू करना किसी भी सरकार के लिए आसान कार्य नहीं होता। लेकिन जनता ने इस बार उम्मीदों की जो गठरी सौंपी है, वह स्पष्ट संकेत है कि अब पूरा बिहार ठोस काम चाहता है, खोखले वादे नहीं। दूसरी बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था की है। सुशासन का मॉडल तभी सार्थक है जब आम नागरिक के जीवन में सुरक्षा की ठोस अनुभूति हो। अपराध, राजनीतिक संरक्षण, दंगा-फसाद और अराजकता किसी भी समाज की प्रगति को रोकते हैं। नीतीश कुमार से जनता की अपेक्षा है कि वे एक बार फिर वही कठोरता, वही व्यवस्था और वही संतुलित रणनीति लेकर आएंगे, जिसने कभी 'जंगलराज' को समाप्त कर सुशासन का नया इतिहास लिखा था। महिलाओं से किए गए वादे भी अब सरकार की प्राथमिक कसौटी बनेंगे। आधी आबादी ने जिस उत्साह और भरोसे के साथ एनडीए को पुनः सशक्त किया है, यह सरकार के लिए प्रेरणा के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी है। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान-ये पांच मुद्दे बिहार की महिलाओं की असली जरूरत हैं, और चुनावी वादों का मूल्यांकन भी अब इन्हीं पर होगा।

बिहार की अर्थव्यवस्था की मजबूती केंद्र सरकार के सहयोग पर भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनके विकास-एजेंडे ने इस चुनाव को निर्णायक रूप दिया। जब केंद्र और राज्य की नीतियों में तालमेल होगा, तब ही आर्थिक सुधार, निवेश, उद्योग, रोजगार-सृजन और आधारभूत संरचना के बड़े सपने साकार होंगे। बिहार को अब केवल वित्तीय सहायता की ही नहीं, बल्कि विकास की स्थायी संरचना की जरूरत है, जिससे आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हों। लेकिन इन सबके बीच एक बड़ा प्रश्न मन को झकझोरता है-लोकतंत्र में चुनाव कब तक केवल 'सौदेबाजी' बने रहेंगे? कब तक वादों की भीड़, लुभावने नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर जनता के विश्वास की खरीद-फरोख्त चलती रहेगी? आखिर लोकतंत्र की स्वस्थ दिशा क्या हो? यह चुनाव परिणाम हमें इस सवाल के सामने खड़ा करता है कि राजनीति को फिर से मूल्यों, दृष्टि, दीर्घकालिक योजनाओं और नैतिकता की ओर लौटना होगा। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा तभी बचेगी जब राजनीति भविष्यदर्शी बने, जब चुनाव उत्सव कम और उत्तरदायित्व अधिक हों।

बिहार, जिसे कभी पिछड़ेपन, गरीबी, पलायन और अपराध का प्रदेश कहा जाता था, आज भारतीय लोकतंत्र का एक जीवंत प्रयोगशाला बन गया है। यह प्रदेश भविष्य में किस दिशा में जाएगा, यह केवल सत्ता की नीतियों पर ही नहीं, बल्कि जनता की जागरूकता, मीडिया की ईमानदारी और राजनीतिक दलों की नैतिक प्रतिबद्धता पर भी निर्भर करेगा। आज बिहार के पास अवसर है कि वह खुद को एक प्रगतिशील, शिक्षा-संपन्न, रोजगार-समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करे। बिहार की यह जीत इतिहास में दर्ज होगी-सिर्फ इसलिए नहीं कि परिणाम अप्रत्याशित थे, बल्कि इसलिए कि इसने एक नए अध्याय के लिखे जाने की उम्मीद जगाई है। अब समय है कि यह उम्मीद हकीकत में बदल सके। राजनीति तभी सार्थक होगी जब यह जनता के जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम बने और बिहार इस दिशा में देश के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

# 'आयरन लेडी' को सजा-ए-मौत

बंगलादेश का निर्माण करने वाली 'आयरन लेडी' को वहां के अन्तर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने पूरी तरह से पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर फांसी की सजा सुना दी है। शेख हसीना भारत में किसी अज्ञात स्थान पर रह रही हैं। शेख हसीना को इतनी कड़ी सजा सुनाए जाने के बाद बंगलादेश में हिंसा और अराजकता का नया दौर शुरू हो चुका है। 77 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री ने शायद इसकी कल्पना भी नहीं की होगी कि जिस न्यायाधिकरण का गठन कट्टर युद्ध अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए उन्होंने ही किया था वही एक दिन उन्हें कठघरे में खड़ा करेगा। न्यायाधिकरण की स्थापना कभी पाकिस्तान प्रस्तों को सजा देने के लिए स्थापित की गई थी। अब वह पूरी तरह से कंगारू कोर्ट बन चुकी है। इस कोर्ट का उद्देश्य 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान हुए नरसंहार, बलात्कार, यातना और अन्य अत्याचारों में शमिल लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके। आईसीटी ने कई बड़े ऐतिहासिक फैसले भी दिए हैं। उसी कोर्ट ने अपदस्थ प्रधानमंत्री को मानवता के विरुद्ध घोर अपराधों के आरोप में सजा सुनाई है। तीन न्यायाधीशों की एक पीठ ने पिछले साल देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान निहत्थे प्रदर्शनकारियों की हत्या से जुड़े दो मामलों में हसीना को अधिकतम सजा सुनाई। पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी यही सजा मिली, जबकि हसीना सरकार में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को अभियोजन पक्ष का गवाह बनने के बाद बरी कर दिया गया। यह फैसला एक ऐसी प्रक्रिया का समापन करता है जो पहले दिन से ही प्रतिशोधात्मक प्रतीत होती रही है। आईसीटी में ऐतिहासिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधीश और कुछ मामलों में अंतर्राष्ट्रीय अभियोजक भी शामिल रहे हैं लेकिन पूरी तरह से बंगलादेशी न्यायाधीशों से बना न्यायाधिकरण, जिसे व्यापक रूप से पक्षपाती माना जाता है, का मतलब था कि हसीना के खिलाफ हमेशा ही हालात बने रहे। बंगलादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) से जुड़े एक न्यायाधीश की नियुक्ति से लेकर जिसने इस फैसले का स्वागत किया है, हसीना का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी उचित बचाव पक्ष के अभाव तक, तीन महीने तक चली यह कार्यवाही अपदस्थ प्रधानमंत्री के प्रति मुहम्मद यूनुस शासन की शत्रुता से भरी रही। कथित तौर पर सरकार द्वारा नियुक्त बचाव पक्ष के वकील ने कोई स्थगन नहीं मांगा और न ही किसी गवाह को बुलाया। कार्यवाहक सरकार जिसने इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है, ने न्याय' के इस उपहास से खुद को ही नीचा दिखाया है, उसने एक घटिया शासन होने के आरोपों को न्यौता दिया है। शेख हसीना बंगलादेश में होती तो शायद उन्हें फांसी पर लटका दिया होता, या उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान की तरह हत्या कर दी गई होती।

इसमें कोई संदेह नहीं कि बंगलादेश को कामचलाऊ सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने कट्टरपंथियों के हाथों सौंप दिया है। यूनुस सरकार कोइस्लामी कट्टरपंथियों का समर्थन प्राप्त है जो बंगलादेश कोएक इस्लामिक राज्य बनाना चाहते हैं। धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील दलों पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। फैसले के बाद यूनुस सरकार ने भारत सरकार से शेख हसीना के प्रत्यार्पण की मांग की है। यूनुस ने अपनी भारत विरोधी चाल चल दी है। शेख हसीना भारत के लिए दशकों तक एक भरोसेमंद साझेदार रही हैं। आईसीटी के फैसले के बाद यह मामला कितना भी नाजुक क्यों न बन जाए लेकिन भारत शेख हसीना को बंगलादेश नहीं भेजेगा। यद्यपि भारत ने पूरे प्रकरण पर बड़ी सधी हुई प्रक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह सभी पक्षों से रचनात्मक बातचीत करेगा। शेख हसीना ने भी अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों से इंकार करते हुए फैसले को पक्षपातपूर्ण और राजनीति से प्रेरित बताया है। शेख हसीना के पास दो विकल्प बचे हैं। या तो वह 30 दिन के भीतर आत्मसमर्पण कर फैसले को चुनौती दें। अगर वह आत्मसमर्पण या गिरफ्तार नहीं होतीं तो उनके पास अपील का अधिकार भी नहीं होगा। उनके पास अब एक ही विकल्प है कि वह भारत में ही रहे और भारत सरकार से उम्मीद करें कि वह किसी हाल में उन्हें बंगलादेश को न सौंपे। भारत फिलहाल स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है। शेख हसीना की पार्टी अभी भी अपना प्रभाव जमाए हुए है। बंगलादेश के हालात बहुत खराब हैं। मोहम्मद यूनुस की सरकार खुद को बचाने के लिए भारत के खिलाफ जहर उगल रही है।

हाल ही में मोहम्मद यूनुस ने ग्रेटर बंगलादेश का नक्शा जारी किया था, जिसमें भारत के पूर्वी राज्यों को अपने देश का हिस्सा बताया था। इसके अलावा बंगलादेशइस समय पाकिस्तान की गोद में बैठा हुआ है। हाल ही में पाकिस्तानी सेना के नंबर दो अधिकारी और पाक नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने ढाका दौरा किया था। पाकिस्तान और बंगलादेश के सैन्य अधिकारियों के बीच हालिया महीनों में कई बैठकें हुई हैं। बंगलादेश अब खुलकर अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ कर रहा है। कई रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि बंगलादेश की राजधानी ढाका आईएसआई का अड्डा बन चुकी है। भारत अचानक उन्हें ऐसे माहौल में वापस भेजकर पुराना रिश्ता खत्म नहीं करना चाहेगा।

भारत और बंगलादेश के बीच भले ही प्रत्यार्पण संधि हो लेकिन भारत कई और मार्ग अपना सकता है। फरवरी 2026 में वहां होने वाले चुनावों का औचित्य ही नहीं रहा है लेकिन यह भी हो सकता है कि यूनुस सरकार के लिए यह फैसला आत्मघाती साबित हो और बंगलादेश के हालात काबू से बाहर निकल जाएं और यूनुस सरकार का ही तख्ता पलट जाए। भारत के सामने एक और कूटनीतिक परीक्षा की घड़ी आ गई है।

# मिशन-2026: माओवादी आतंक का खात्मा तय

कृष्णमुरारी त्रिपाठी अटल

देश सहित छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा हो रहा है। छत्तीसगढ़ का कुख्यात माओवादी आतंकी हिडमा 18 नवंबर को मारा गया। छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने हिडमा की पत्नी समेत कुल 6 नक्सली-माओवादियों को ढेर कर दिया है। वस्तुत: नक्सलवाद-माओवाद के समूलनाश के पीछे केन्द्र की मोदी सरकार और राय की साय सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता है। जो सरेंडर करने वालों का स्वागत भी कर रही है। पुनर्वास भी सुनिश्चित कर रही है। लेकिन अगर माओवादी,आतंक का रास्ता नहीं छोड़ते तो उनका अंत भी तय है। यानी मिशन-2026 पूरी तरह से एक्टिवेट है।

17 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में रामनाथ गोयनका व्याख्यान में भी माओवादी आतंक की समाप्ति का ज़िक्र किया। अर्बन नक्सलियों और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि -पूरे देश में नक्सलवाद-माओवादी आतंक का दायरा बहुत तेजी से सिमट रहा है, लेकिन कांग्रेस में ये उतना ही सक्रिय होता जा रहा था। आप भी जानते हैं, बीते पांच दशकों तक देश का करीब-करीब हर बड़ा राय, माओवादी आतंक की चपेट में, चपेट में रहा। लेकिन ये देश का दुर्भाग्य था कि कांग्रेस भारत के संविधान को नकारने वाले माओवादी आतंक को पालती-पोसती रही और सिर्फ दूर-दराज के क्षेत्रों में जंगलों में ही नहीं, कांग्रेस ने शहरों में भी नक्सलवाद की जड़ों को खाद-पानी दिया। कांग्रेस ने बड़ी-बड़ी संस्थाओं में अर्बन नक्सलियों को स्थापित किया है।

साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी गंभीरता के साथ देश की एकता पर गंभीर ख़तरे को भी चिन्हांकित किया। उन्होंने कहा कि - 10-15 साल पहले कांग्रेस में जो अर्बन नक्सली, माओवादी पैर जमा चुके थे, वो अब कांग्रेस को मुस्लिम लीगी- माओवादी कांग्रेस, रूल्ष्ट बना चुके हैं। और मैं आज पूरी जिम्मेदारी से कहूंगा कि ये मुस्लिम लीगी- माओवादी कांग्रेस, अपने स्वार्थ में देशहित को तिलांजलि दे चुकी है। आज की मुस्लिम लीगी- माओवादी कांग्रेस, देश की एकता के सामने बहुत बड़ा खतरा बनती जा रही है।

यानी संदेश साफ है कि नक्सलवाद-माओवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति तय है। मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद-माओवाद का संपूर्ण खात्मा सुनिश्चित है। ये अभियान अपने अंतिम चरण पर है। साथ ही नक्सलवाद-माओवाद को पालने-पोसने वालों और समर्थकों के लिए कड़ी चेतावनी है। अगर देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा से खेलेंगे तो अंज़ाम बुरा होगा।

वहीं छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजयशर्मा जिस तरह से नक्सलवाद-माओवाद के उन्मूलन में मिशन मोड में लगे हैं। वो क़ाबिले तारीफ़ है। माओवादी हिडमा के मारे जाने के पहले विजय शर्मा उसके गांव पूवर्ती गए थे। हिडमा की मां के साथ भोजन किया था। पुत्रवत रुप में उनका आदर सत्कार किया था। हिडमा की मां से सरेंडर करवाने के लिए अपील भी करवाई थी। इसके बाद जब हिडमा ने सरेंडर नहीं किया तो सुरक्षाबलों ने उसे नेस्तनाबूद कर दिया। 2023 में छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार की वापसी होने के बाद बस्तर क्षेत्र से माओवादियों का खात्मा हो रहा है। व्यापक स्तर पर आत्मसमर्पण कराया जा रहा है। पहले बोली फिर गोली दोनों का प्रयोग किया जा रहा है। स्थायी शांति की ओर तमाम प्रयास किए जा रहे हैं।? इसके साथ ही जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चेताया है चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। माओवादियों का अर्बन मॉडल जिसे अर्बन नक्सली के नाम से जाना जाता है। वो अभी भी देश भर में सक्रिय हैं। नई रणनीतियों पर लगा हुआ है। लेकिन ये तय है कि देश भर से नक्सलवाद-माओवादी आतंकवाद का खात्मा होगा। अर्बन नक्सलियों के ताबूत में भी अंतिम कील ठोंकी जाएगी। स्थायी शान्ति और विकास की बहाली होगी। ये नया भारत है। जो अपने नागरिकों की सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संदेश साफ है देशविरोधी कोई कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

**(साहित्यकार, स्तंभकार एवं पत्रकार)**

# समस्याओं से निपटने का तरीका योगी सरकार से सीखें राज्य

योगेंद्र योगी

अपराधियों से निपटने और धार्मिक स्थलों की आड़ में आम लोगों का जीना दुश्वार करने वाले लोगों को कानून का पाठ पढ़ाने की सीख उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार से देश के अन्य राज्यों की सरकारों को भी लेनी चाहिए। दलगत राजनीति से हटकर योगी सरकार ने साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत और व्यापक जनहित से जुड़े हों तो समझाइश से भी समस्या का हल किया जा सकता है। ऐसा धार्मिक स्थलों पर कानफाड़ू लाउडस्पीकर्स को हटा कर किया गया। योगी सरकार ने साफ कर दिया है कि धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर्स की तेज आवाज से होने वाला ध्वनि प्रदूषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लखनऊ में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया। राजधानी लखनऊ में धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से लगे लाउड स्पीकर हटाने का अभियान के तहत वजीरगंज इलाके में पुलिस की टीम ने मस्जिदों और मंदिरों में लगे लाउडस्पीकर और स्पीकर हटवाए।

पुलिसकर्मियों ने मस्जिदों के इमामों और मंदिरों पुजारियों को समझाया कि तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर का इस्तेमाल गैर कानूनी है, इसे उतार लें। यह कार्रवाई धार्मिक नेताओं और स्थानीय समितियों के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। उत्तर प्रदेश में 1400 से ज़्यादा लाउडस्पीकर हटाए गए या उनकी आवाज़ कम की गई। ये लाउडस्पीकर धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक जगहों पर लगे थे। यह कार्रवाई ध्वनि प्रदूषण (नियमन और नियंत्रण) नियमों के उल्लंघन की शिकायतों के बाद की गई है। कानपुर जोन में इस अभियान के तहत 8 जिलों से 382 लाउडस्पीकर हटाए गए। मेरठ जोन में 381 लाउडस्पीकर हटाए गए। इनमें से अकेले हापुड़ से 110 लाउडस्पीकर निकाले गए, जो राज्य में सबसे ज़्यादा हैं। प्रयागराज जोन में, जहाँ 7 जिले शामिल हैं, 233 लाउडस्पीकर तय शोर सीमा से ज़्यादा पाए गए। उन्हें आवाज़ को तय सीमा तक कम करने का निर्देश दिया गया, जबकि 51 लाउडस्पीकर हटा दिए गए। इस जोन में करीब 1200 लाउडस्पीकर लगे हुए हैं।

लखनऊ जोन में भी कम से कम 350 लाउडस्पीकर हटाए गए। आगरा जोन में भी करीब 150 लाउडस्पीकर हटाए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ध्वनि प्रदूषण से आम जनता को परेशानी न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे। लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नियमों के दायरे में ही होना चाहिए, ताकि किसी को असुविधा न हो। गौरतलब है कि योगी सरकार ने 2022 से यूपी के धार्मिक स्थलों से अवैध लाउडस्पीकर हटाने का अभियान शुरू किया था और अब तक यूपी में धार्मिक स्थलों से एक लाख से ज्यादा लाउडस्पीकर्स हटाये जा चुके हैं वहीं, डेढ़ लाख से ज्यादा लाउडस्पीकर्स की आवाज कम की जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धार्मिक आयोजन धार्मिक स्थल के भीतर तक ही सीमित होने चाहिए। सड़क पर किसी भी पर्व त्यौहार का आयोजन नहीं होना चाहिए,वहीं लाउडस्पीकर दोबारा न लगे यह जिम्मेदारी जिलाधिकारियों की होगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन धार्मिक स्थल के परिसर में ही होना चाहिए। रास्तों में इसका आयोजन नहीं होना चाहिए।

महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर पर हो रहे अजान को लेकर राज ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी दी थी। इसके बाद से ही देश के कई राज्यों में लाउडस्पीकर के खिलाफ आवाज उठने लगी। शहरी ध्वनि प्रदूषण चुपचाप हमारे समय की सबसे उपेक्षित जन स्वास्थ्य समस्याओं में



से एक बनकर उभरा है। ध्वनि प्रदूषण सिर्फ़ पर्यावरणीय उदासीनता नहीं है। यह संवैधानिक उपेक्षा की सीमा पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शांत क्षेत्रों में सुरक्षित सीमा दिन में 50 डीबी (ए) और रात में 40 डीबी (ए) है। फिर भी, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे शहरों में, संवेदनशील संस्थानों के पास रीडिंग अक्सर 65 डीबी (ए)-70 डीबी (ए) तक पहुँच जाती है। शहरी ध्वनि प्रदूषण और त्यौहारों का शोर सुनने की क्षमता के लिए खतरा बन रहा है। जब शांत क्षेत्र शोर का केंद्र बन जाते हैं, तो यह राज्य की क्षमता और नागरिक सम्मान पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। साल 2024 में सर्वोच्च न्यायालय ने पुनः पुष्टि की कि पर्यावरणीय व्यवधान - जिसमें अत्यधिक शोर भी शामिल है। अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और सम्मान के मौलिक अधिकार का उल्लंघन कर सकते हैं। ध्वनि प्रदूषण (वी) मामले में, न्यायालय ने माना कि अनियंत्रित शहरी शोर मानसिक स्वास्थ्य नागरिक स्वतंत्रता के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करता है।

भारत में ध्वनि प्रदूषण से होने वाली मौतों का कोई सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन अनुमान है कि इससे हुए इस्कीमिक हृदय रोग के कारण लगभग 12,000 मौतों और प्रति वर्ष 48,000 नए मामलों के लिए जिम्मेदार है। ध्वनि प्रदूषण से उच्च रक्तचाप, तनाव, नींद की कमी और सुनने में समस्या जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जो अप्रत्यक्ष रूप से मौतों का कारण बन सकती हैं। पर्यावरण क्षेत्र में कार्य करने वाली अर्थ फाइवआर संस्था ने 2023 में भारत में ध्वनि प्रदूषण पर एक व्यापक सर्वेक्षण में बताया गया कि आवासीय क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण का शोर का स्तर 50 डीबी की सीमा से लगभग 50 प्रतिशत अधिक था। 80 डीबी वाली ध्वनि कानों पर अपना प्रतिकूल असर शुरू कर देती है। 120 डीबी की ध्वनि कान के पर्दों पर भीषण दर्द उत्पन्न कर देती है और यदि ध्वनि की तीव्रता 150 डीबी अथवा इससे अधिक हो जाए तो कान के पर्दे फट सकते हैं, जिससे व्यक्ति बहरा हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि भारत में ध्वनि प्रदूषण की वजह से कम सुनने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत 6.3 करोड़ की आबादी ऐसी है, जो सुनाई नहीं देने की समस्या से पीड़ित है। इतना ही नहीं यूनाइटेड नेशंस एनवाइयरमेंट प्रोग्राम की ओर से जारी कई गई वार्षिक 'फ्रंटियर रिपोर्ट 2022 में भारत के मुरादाबाद शहर को विश्व का दूसरे नंबर का सबसे अधिक ध्वनि प्रदूषित शहर घोषित किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि ध्वनि प्रदूषण की वजह से शारीरिक और मानसिक कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। खासकर इन एक्टिविटीज से भारत के युवा अपनी श्रवण क्षमता यानी सुनने की क्षमता तेजी से खोते जा रहे हैं। यही हाल रहा, तो साल 2030 तक भारत में कम सुनने वालों की संख्या दोगुनी से ज्यादा यानी 13 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी। इस रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि भारत में 10 में से दो लोग ही इस समस्या का इलाज करवाते हैं और श्रवण यंत्र पहनते हैं। भारत का कानूनी ढाँचा, कागज़ों पर तो मज़बूत है, लेकिन उसके क्रियान्वयन में बिखराव है। ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 को शहरी वास्तविकताओं के अनुरूप शायद ही कभी क्रियान्वित किया जाता है। नगर निकायों, यातायात पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के बीच समन्वय बहुत कम है। राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एक राष्ट्रीय ध्वनिक नीति की तत्काल आवश्यकता है। ऐसे ढाँचे में सभी क्षेत्रों में अनुमेय डेसिबल स्तरों को परिभाषित किया जाना चाहिए, नियमित ऑडिट अनिवार्य किए जाने चाहिए और स्थानीय शिकायत निवारण तंत्र को सशक्त बनाया जाना चाहिए। अंतर-एजेंसी तालमेल के बिना, प्रवर्तन छिटपुट और प्रतीकात्मक ही रहेगा।

शहरी शोर के विरुद्ध लड़ाई केवल नियामक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक भी है। शहरों को ध्वनि-सहिष्णुता की साझा नैतिकता विकसित करनी होगी। जन अभियानों को नारों से आगे बढ़कर स्कूलों, चालक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सामुदायिक स्थलों में गहन शिक्षा तक पहुँचाना चाहिए। जब तक भारत शहरी शोर के प्रति अधिकार-आधारित दृष्टिकोण नहीं अपनाता, तब तक उसके स्मार्ट शहर ध्वनि के स्तर पर रहने लायक नहीं रह पाएँगे।

# दम है तो हथियार डलवा कर देख लो...हमास ने ट्रंप को ललकारा

नई दिल्ली

ट्रंप की अगुवाई में जब गाजा में युद्ध विराम का ऐलान हुआ तो उस वक्त इस बात पर सहमति बनी थी कि गाजा में हमास अपने हथियार डालेगा और एक इंटरनेशनल फोर्स का गठन होगा जो गाजा में फिर से सरकार की बहाली तक सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। हालांकि देखते ही देखते हमास ने अब साफ कर दिया कि वह अपने हथियार नहीं डालेगा। लेकिन हमास को गाजा की सत्ता से बेदखल करने के लिए ट्रंप और नेतन्याहू संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव लेकर आए हैं। जिससे हमास को हमेशा हमेशा के लिए गाजा से बेदखल किया जा सके। लेकिन सुरक्षा परिषद ने इस प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही हमास ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। हमास का कहना है कि यह प्रस्ताव बेहद ही खतरनाक है। हमास ने खुद और गाजा के दूसरे संगठनों के आधार पर इस प्रस्ताव को ठुकराया है।



हमास ने सुरक्षा परिषद के इस फैसले को खारिज कर दिया है। हमास ने कहा कि यह प्रस्ताव फिलिस्तीनियों के अधिकारों और मांगों को पूरा करने में विफल और गाजा पर एक अंतर्राष्ट्रीय न्यास थोपने का प्रयास करता है। हमास ने विशेष रूप से स्थिरीकरण बल को सशस्त्र समूहों को निष्क्रिय करने का निर्देश देने वाले प्रावधानों की तीखी आलोचना की। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, हमास ने कहा- अंतर्राष्ट्रीय फोर्सेस को गाजा पट्टी के अंदर कार्य और भूमिकाएं सौंपना, इसकी तटस्थता को समाप्त करता है। वहीं नेतन्याहू के कार्यालय ने एक्स पर लिखा कि हमारा मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप की योजना शांति और समृद्धि की ओर ले जाएगी, क्योंकि यह (योजना) गाजा के पूर्ण विसैन्यीकरण, निरस्त्रीकरण और कट्टरपंथ के खात्मे पर जोर देती है। यह प्रस्ताव अंतरराष्ट्रीय बल को व्यापक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें सीमाओं की निगरानी, सुरक्षा प्रदान करना और गाजा का विसैन्यीकरण शामिल है। हमास ने कहा कि निरस्त्रीकरण सहित बल का अधिदेश उसकी तटस्थता से वंचित कर देता है। इसने कहा, "यह प्रस्ताव फलस्तीनी लोगों की राजनीतिक और मानवीय मांगों तथा अधिकारों के स्तर पर खरा नहीं उतरता है।' हमास ने मांग की कि कोई भी अंतरराष्ट्रीय बल संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में होना चाहिए, जो युद्धविराम की निगरानी के लिए केवल गाजा की सीमाओं पर तैनात हो और यह विशेष रूप से फिलिस्तीनी संस्थानों के साथ काम करे। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन ने कतर, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, जॉर्डन और तुर्की के साथ एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें अमेरिकी प्रस्ताव को 'शीघ्र अपनाने' का आह्वान किया गया। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले मुस्लिम-बहुल देश इंडोनेशिया और तुर्किये दोनों ने कहा कि वे द्वि-राष्ट्र समाधान की दिशा में काम करेंगे, जिसका नेतन्याहू ने विरोध किया है। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को "20-सूत्री योजना को आगे बढ़ाने और इसे न्यायपूर्ण एवं स्थायी शांति में बदलने के लिए मिलकर काम करने की ज़रूरत है।

## लैंडिंग के वक्त टूटा कांगो के मंत्री के प्लेन का गियर, बाल-बाल बची जान

**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के कोलवेजी हवाई अड्डे पर सोमवार को बड़ा विमान हादसा टल गया। जहां कांगो के खनन मंत्री लुई वाटम कबाम्बा और उनके 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को ले जा रहा अंगोला का चार्टर्ड एम्ब्रेयर ईआरजे-145 विमान लैंडिंग के दौरान फिसल गया। हादसे के दौरान मुख्य लैंडिंग गियर टूट के बाद विमान में आग लग गई। हालांकि, गनीमत रही कि आग भड़कने से ठीक पहले सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। इस दिल दहला देने वाले हादसे का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें डीआरसी के कोलवेजी हवाई अड्डे पर एम्ब्रेयर ईआरजे-145 की क्रैश लैंडिंग दिखाई गई है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह चार्टर्ड विमान देश के खान मंत्री लुई वाटम कबाम्बा को लुआलाबा क्षेत्र के कोलवेजी हवाई अड्डे पर ले जा रहा था, जहां उन्हें पास की एक कोबाल्ट खदान में जाना था, जहां एक पुल ढहने से 32 लोगों की मौत हो गई थी। लैंडिंग करते वक्त गियर टूट गया और विमान रनवे से हटकर जमीन पर आ गया। नागरिक उड्डयन विभाग दुर्घटनाओं की स्वतंत्र जांच एजेंसी, कांगो की बीपीईए ने दुर्घटना की जांच शुरू की।

# जो भारत पर गर्व करता है, वही हिंदू : भागवत

नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने इस बात पर ज़ोर देते हुए कि हिंदू धर्म धार्मिक अर्थों से बंधा नहीं है, बल्कि समावेशी है, कहा है कि अगर मुसलमान और ईसाई इस देश की पूजा करते हैं, भारतीय संस्कृति का पालन करते हैं, यहाँ तक कि अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं को छोड़े बिना भी, तो वे भी हिंदू हैं। मंगलवार को आरएसएस के शताब्दी समारोह के तहत असम की अपनी यात्रा के दौरान बुद्धिजीवियों, विद्वानों, संपादकों, लेखकों और उद्यमियों के एक समूह को संबोधित करते हुए, भागवत ने कहा कि जो लोग मातृभूमि के प्रति समर्पण, हमारे पूर्वजों के गौरव और हमारी संस्कृति की विरासत को आगे बढ़ाते हैं, वे सभी हिंदू हैं। हिंदू धर्म को धार्मिक अर्थों में नहीं लिया जाना चाहिए। हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति केवल भोजन और पूजा नहीं हैं। यह समावेशी है मोहन भागवत ने आगे कहा कि इसमें और भी कई लोग शामिल हो सकते हैं। अगर मुसलमान और ईसाई अपनी पूजा-अर्चना, रीति-रिवाज और परंपराओं को छोड़े बिना भी इस देश की पूजा करते हैं, भारतीय संस्कृति का पालन करते हैं और भारतीय पूर्वजों पर गर्व करते हैं, तो वे हिंदू हैं। इसके अलावा, उन्होंने पाँच प्रमुख सामाजिक परिवर्तनों - पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक अनुशासन, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण - के बारे में विस्तार से बात की।



भागवत ने मंगलवार को कहा कि जो कोई भी भारत पर गर्व करता है, वह हिंदू है। भागवत ने यहां प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ बातचीत में दावा किया कि हिंदू केवल एक धार्मिक शब्द नहीं है, बल्कि हजारों वर्षों की सांस्कृतिक निरंतरता में निहित एक सभ्यतागत पहचान है। उन्होंने कहा कि भारत और हिंदू पर्यायवाची हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र होने के लिए किसी आधिकारिक घोषणा की आवश्यकता नहीं है। इसकी सभ्यतागत प्रकृति पहले से ही इसे दर्शाती है।' भागवत ने कहा कि आरएसएस की स्थापना किसी का विरोध करने या उसे नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने और भारत को वैश्विक नेता बनाने में योगदान देने के लिए की गई थी। इनमें से, आरएसएस प्रमुख ने परिवार संस्था को मज़बूत करने पर विशेष ज़ोर दिया और हर परिवार से अपने पूर्वजों की कहानियों को संजोने और युवा पीढ़ी में ज़िम्मेदारी और सांस्कृतिक गौरव का संचार करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि लचित बोरफुकन और श्रीमंत शंकरदेव जैसे आदर्शों से सभी भारतीयों को प्रेरणा मिलनी चाहिए, भले ही उनका जन्म किसी विशेष प्रांत में हुआ हो, लेकिन वे हमारे राष्ट्रीय आदर्श हैं।

भागवत ने स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन में डॉ. हेडगेवार के कारावास और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान देश भर के अनगिनत स्वयंसेवकों के योगदान को याद किया। पूर्वोत्तर को भारत की विविधता में एकता का एक ज्वलंत उदाहरण बताते हुए, भागवत ने पुष्टि की कि लचित बोरफुकन और श्रीमंत शंकरदेव जैसे व्यक्तित्व केवल क्षेत्रीय ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रासंगिकता रखते हैं।

## नेपाल भेजी जा रही 100 बोरी यूरिया के साथ एक युवक गिरफ्तार

महराजगंज (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में थाना कोल्हुई पुलिस ने नेपाल भेजा जा रहा सौ बोरी यूरिया से भरा एक मिनी ट्रक पकड़कर एक युवक गिरफ्तार किया है। जिसका वजन लगभग 5000 किलो बताया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीना के निर्देशन में नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोल्हुई पुलिस की टीम जोगियाबारी के पास वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी दौरान उप निरीक्षक हौसिला प्रसाद तथा उनकी टीम को एक मिनी ट्रक संदिग्ध रूप से आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने वाहन को रुकवाया और तलाशी ली तो ट्रक में छिपाकर नेपाल भेजने के लिए रखी गई 100 बोरी यूरिया खाद बरामद हुई। पुलिस ने मौके से आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान शेषमन गौतम (26), निवासी ग्राम नौनिया, थाना सोनौली, जनपद महराजगंज के रूप में हुई है।

# भाजपा पर्यवेक्षक नहीं, पर्चीवेक्षक भेजती है : अखिलेश यादव

लखनऊ (वार्ता)

बिहार में सरकार गठन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाने पर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आड़े हाथों लिया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक लोकतंत्र का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पार्टी में फैसले पर्ची से होते हैं।



बुधवार को अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए श्री यादव ने व्यंग्य करते हुए कहा, भाजपा ने इनसे जिस पद का वायदा किया था, उसको छोड़कर इन्हें बाक़ी सारे पद और ज़िम्मेदारियाँ दी जा रही हैं। जहाँ पर्ची से फ़ैसला होता है वहाँ क्या ये पर्ची पढ़ने जा रहे हैं? भाजपा पर्यवेक्षक नहीं दरअसल पर्चीवेक्षक भेजती है। भाजपा और लोकतंत्र विलोम हैं।

गौरतलब है कि भाजपा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके साथ ही केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के अनुसार भाजपा के संसदीय बोर्ड ने यह नियुक्तियाँ चुनाव की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से की हैं।

## जापानी शहर में भीषण आग के बीच 175 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**टोक्यो, (वार्ता)।** जापान के क्यूशू द्वीप पर स्थित ओइता शहर में भीषण आग लगने से आवासीय भवनों सहित 170 संरचनाएं नष्ट हो गयी जिसके बाद 175 लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। एनएचके प्रसारक ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग मंगलवार शाम को लगी और तेज़ हवाओं के कारण शहर में फैल गयी। एनएचके के अनुसार आज सुबह तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका और यह आग पास के पहाड़ी जंगल में भी फैल गयी है। आग के कारण 350 घरों में बिजली व्यवस्था ठप है। इस अभियान में कुल 115 परिवारों यानी 175 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।इस हादसे के बाद एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना है।

## रूसी वायु रक्षा ने 65 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराये

**मास्को, (वार्ता/स्पुतनिक)।** रूसी वायु रक्षा बल ने मंगलवार रात चार रूसी क्षेत्रों और काला और आज़ोव सागर में 65 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पिछली रात, वायु रक्षा प्रणालियों ने 65 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों को रोक कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि काला सागर के ऊपर 16 ड्रोन, वोरोनिश क्षेत्र क्रास्नोडार क्षेत्र के ऊपर 14-14 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर 11 ड्रोन, आज़ोव सागर के ऊपर नौ ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र के ऊपर एक ड्रोन नष्ट किया गया।

## ताइवान में सात लोगों पर चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप

**ताइपे, (वार्ता)।** ताइवान के अभियोजकों ने देश के पूर्व एवं वर्तमान सैन्यकर्मियों सहित सात लोगों पर चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया है। यह जानकारी ताइपे टाइम्स अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि हांगकांग का एक व्यक्ति बार-बार व्यापार और पर्यटक वीजा पर ताइवान का दौरा करता था और उसने दो सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों की भर्ती की, जिन्होंने बाद में अपने पूर्व साथियों को द्वीप के सशस्त्र बलों के बारे में गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के लिए भर्ती किया। रिपोर्ट के अनुसार, जासूसी सेल के सदस्यों को उनके द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर भुगतान किया जाता था और कुल 3,56,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई थी। ताइवान 1949 से चीन से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है जबकि ताइवान निर्वाचित सरकार वाला एक स्वायत्त देश है, हालांकि वह अपनी स्वतंत्रता की घोषणा करने से बचता है।

## योगी ने नहर व्यवस्था सुधार के लिए 95 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी

**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिंचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कुल 39453.39 लाख की लागत वाली इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी, जिससे लगभग नौ लाख किसान और ग्रामीण आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही 273 हेक्टेयर विभागीय राजकीय भूमि को संरक्षित किया जा सकेगा।

# यूनुस सरकार भारत के साथ अवामी लीग के संबंधों को कभी नहीं समझ सकती

ढाका, (वार्ता)

अवामी लीग के वरिष्ठ नेता एवं बंगलादेश के पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री मोहम्मद अली अराफात ने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इस्लामी चरमपंथियों द्वारा समर्थित अंतरिम सरकार कभी भी अवामी लीग के भारत के साथ संबंधों की महराई को नहीं समझ सकती। उनकी यह टिप्पणी देश के घरेलू अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) द्वारा 17 नवंबर के फैसले के मद्देनजर आई है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को जुलाई 2024 के विद्रोह के दौरान कथित मानवता के खिलाफ अपराध के लिए फांसी की सजा सुनाई गई है। न्यायाधिकरण ने पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और वर्तमान में जेल में बंद पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को भी मृत्युदंड की सजा सुनाई है जो क्षमादान के बदले में सरकारी गवाह बन गए थे और उनकी सजा घटाकर पांच साल कर दी गई है।

सोमवार को ढाका ने औपचारिक रूप से भारतीय अधिकारियों से सुश्री हसीना और श्री कमाल दोनों को तुरंत वापस भेजने का अनुरोध किया और कहा कि नयी दिल्ली संधि के तहत अपने दायित्वों का पालन करने के लिए बाध्य है। पूर्व प्रधानमंत्री अपनी सरकार के पतन के बाद पांच अगस्त, 2024 से भारत में रह रही हैं।

आईसीटी के फैसले और सरकार की मांग पर प्रतिक्रिया



व्यक्त करते हुए श्री अराफात ने कहा कि अंतरिम प्रशासन के पास भारत के साथ बंगलादेश की दीर्घकालिक साझेदारी को समझने के लिए राजनीतिक या ऐतिहासिक आधार का अभाव है। उन्होंने लिखा, भारत के साथ हमारे संबंध केवल 1971 पर ही आधारित नहीं हैं बल्कि घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूहों से संयुक्त रूप से मुकाबला करने सहित कई मोर्चों पर हमारे आपसी हितों पर भी आधारित हैं। प्रधानमंत्री हसीना के नेतृत्व में प्राप्त उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने ढाका द्वारा भूमि सीमा समझौते पर हस्ताक्षर करने, सम्मानजनक एवं रचनात्मक सहयोग के माध्यम से समुद्री सीमा विवाद का समाधान तथा संपर्क और ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने की ओर ध्यान आकर्षित किया।

श्री अराफात ने इस बात पर बल दिया कि अवामी लीग की विदेश नीति का दृष्टिकोण 1971 के मुक्ति संग्राम की भावना पर आधारित है जो बंगलादेश की स्वतंत्रता में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका के संदर्भ में है न कि पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान के सुरक्षा सिद्धांतों पर। उन्होंने लिखा, 1971 के परिप्रेक्ष्य में सहयोग एवं सहभागिता पर आधारित कूटनीति हमेशा समस्याओं को सुलझाने और दोनों देशों के लोगों की भलाई में सुधार लाने में मदद करेगी, जैसा कि शेख हसीना के शासनकाल में सकारात्मक रूप से हुआ था। उन्होंने कहा, इसके विपरीत, पाकिस्तान सैन्य प्रतिष्ठान की सिफारिशों से निर्मित भारत के साथ कूटनीति से केवल पारस्परिक नुकसान ही होगा और अंततः नुकसान जनता को ही होगा। प्रधानमंत्री हसीना के कूटनीतिक रुख का वर्णन करने के लिए खेल सिद्धांत का हवाला देते हुए, श्री अराफात ने तर्क दिया कि अवामी लीग के दृष्टिकोण से दोनों पक्षों को लाभ हुआ जिसे वर्तमान अंतरिम सरकार पहचानने में असमर्थ है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 74 वर्ष की हुई जीनत अमान

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जीनत अमान आज 74 वर्ष की हो गयी हैं। जीनत अमान का जन्म 19 नवंबर 1951 को जर्मनी में हुआ। उनके पिता अमानउल्लाह ने मुगलेआजम और पाकीजा जैसी सुपरहिट फिल्मों में बतौर लेखक काम किया था । महज 13 वर्ष की उम्र में जीनत के सिर से पिता का साया उठ गया। तब उनकी मां उन्हें जर्मनी लेकर चली गईं। लगभग पांच वर्ष तक जर्मनी में रहने के बाद महज 18 साल की जीनत मुंबई आ गईं । मुंबई आने के बाद जीनत ने सेंट जेवियर कालेज से स्नातक की शिक्षा पूरी की और आगे की पढ़ाई के लिए अमरीका के मशहूर कालेज कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में दाखिला लिया।



जीनत अमान ने अपने करियर की शुरूआत मशहूर पत्रिका 'फेमिना'से बतौर पत्रकार के रूप में की लेकिन जल्द ही उनका मन इससे उचट गया और वह मॉडलिंग के क्षेत्र में उतर गईं। इसके बाद जीनत अमान ने मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें वह दूसरी उप विजेता रहीं और बाद में उन्हें मिस इंडिया पैसिफिक प्रतियोगिता का खिताब जीता। जीनत अमान ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1971 में ओ.पी.रल्हन की फिल्म 'हलचल'से की । वर्ष 1971 में ही जीनत को एक बार फिर से ओ.पी.रल्हन के साथ फिल्म ..हंगामा में काम करने का मौका मिला । दुर्भाग्य से उनकी दोनों फिल्में टिकट खिड़की पर विफल साबित हुईं। जीनत अमान को प्रारंभिक सफलता वर्ष 1971 में प्रदर्शित फिल्म 'हरे रामा हरे कृष्णा'से मिली। इस फिल्म में जीनत अमान ने देवानंद की बहन की भूमिका निभाई थी। फिल्म में दमदार अभिनय के लिये जीनत अमान को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार भी मिला। जीनत अमान के अभिनय का सितारा निर्माता.-निर्देशक नासिर हुसैन की 1973 में प्रदर्शित फिल्म 'यादों की बारात' से चमका। बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की कामयाबी ने जीनत अमान को स्टार के रूप में स्थापित कर दिया। फिल्म में उन पर फिल्माया यह गीत 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को 'आज भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता है। वर्ष 1978 में जीनत अमान को महान शो मैन राजकपूर की फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' में काम करने का मौका मिला। फिल्म के कुछ दृश्यों में जीनत अमान ने जमकर अंग प्रदर्शन किया हांलाकि इसके लिए उनकी काफी आलोचना भी हुई । यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई लेकिन सिने दर्शकों की नजर में बतौर अभिनेत्री जीनत अमान के सिने करियर की यह सर्वश्रेष्ठ फिल्म है ।

वर्ष 1978 में ही प्रदर्शित फिल्म 'डॉन' जीनत अमान के करियर के लिए अन्य महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में जीनत अमान ने अपनी छवि में परिवर्तन करते हुए पहली बार एक्शन से भरपूर किरदार निभाया। उनके लिए यह किरदार काफी चुनौती भरा था लेकिन उन्होंने अपने सहज अभिनय से न सिर्फ इसे सदा के लिए अमर बना दिया साथ ही भविष्य की पीढ़ी की अभिनेत्रियों के लिए इसे उदाहरण के रूप में पेश किया। अस्सी के दशक में जीनत अमान पर आरोप लगे कि वह केवल ग्लैमर वाले किरदार ही निभा सकती है लेकिन जीनत अमान ने वर्ष 1980 में प्रदर्शित बी आर चोपडा की फिल्म 'इंसाफ का तराजू' में संजीदा किरदार निभाकर आलोचको का मुंह सदा के लिए बंद कर दिया। वर्ष 1980 में ही जीनत अमान की एक और सुपरहिट फिल्म 'कुर्बानी' प्रदर्शित हुई। निर्माता निर्देशक फिरोज खान की इस फिल्म में उन पर फिल्माए गए गीत 'लैला मैं लैला ऐसी मैं लैला ' और 'आप जैसा कोई मेरी जिंदगी में आए' काफी लोकप्रिय हुए । जीनत अमान के सिने करियर में उनकी जोड़ी अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ खूब जमी। हेमा मालिनी के अलावा जीनत ही उन दुर्लभ अभिनेत्रियों में शामिल हैं जिन्होंने राजकपूर, देवानंद , अमिताभ बच्चन ,मनोज कुमार, धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, जीतेंद्र , शशि कपूर के आदि बड़े नायकों के साथ काम किया। अस्सी के दशक में अभिनेता मजहर खान के साथ शादी करने के बाद जीनत अमान ने फिल्मों में काम करना काफी कम कर दिया। जीनत अमान ने अपने पांच दशक लंबे सिने करियर में लगभग 90 फिल्मों में काम किया है।



# रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज

जियो स्टूडियोज़ और बी62 स्टूडियोज़ ने फिल्म 'धुरंधर' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। वास्तविक घटनाओं पर बनी फिल्म धुरंधर साल के अंत की सबसे बड़ी और सबसे दमदार रिलीज़ मानी जा रही है। यह एक ऐसी रोमांचक कहानी है जो गुप्त एजेंटों की खतरनाक दुनिया को दिखाती है जहाँ हर फैसला जानलेवा हो सकता है और देश की लड़ाई चुपचाप लड़ी जाती है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक आदित्य धर,इस बार एक भव्य और तेज-तर्रार कहानी लेकर आए हैं। रणवीर सिंह इसमें अपने अब तक के सबसे ज़बरदस्त रूप में दिख रहे हैं। उनके साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल जैसे बड़े कलाकार और सारा अर्जुन अपनी पहली भूमिका में नजर आएँगी। रणवीर सिंह ने कहा,हमने एक ऐसा चलचित्र बनाने की कोशिश की है जो दुनिया की किसी भी बड़ी फिल्म की बराबरी करे। यह कच्ची है, तीखी है और पूरी तरह भारतीय है।आदित्य ने इस कहानी को बहुत खूबसूरती से संभाला है यह जटिल भी है और रोमांचक भी। बेहतरीन तकनीक और शानदार अभिनय ने इसे और ऊँचा उठा दिया है।यह भारत के वैश्विक मंच पर चमकने का समय है और हम चाहते हैं कि यह फिल्म उस पल का हिस्सा बने।

# 50 वर्ष की हुयी सुष्मिता सेन

अभिनेत्री और पूर्व यूनिवर्स सुष्मिता सेन आज 49 वर्ष की हो गयी। सुष्मिता सेन का जन्म आंध्रप्रदेश के हैदराबाद में 19 नवंबर 1975 को हुआ था। सुष्मिता सेन के पिता सुबीर सेन एयर फोर्स में विंग कमांडर थे, जबकि मां शुभरा सेन ज्वैलरी व्यवसाय से ताल्लुक रखती थीं। सुष्मिता सेन ने वर्ष1994 में मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें वह प्रथम चुनी गयी। इसके बाद वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन मिस यूनिवर्स चुनी गयी। सुष्मिता सेन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म दस्तक से की, लेकिन



यह फिल्म कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।इसके बाद सुष्मिता सेन को वर्ष 1997 में सन्नी देओल के अपोजिट जोर में काम करने का अवसर मिला, लेकिन यह फिल्म भी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी। वर्ष 1999 सुष्मिता सेन के करियर के लिये अहम साल साबित हुया। इस वर्ष उनकी बीबी नंबर वन और सिर्फ तुम जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुईं। बीबी नंबर वन के लिए सुष्मिता सेन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये सम्मानित किया गया। वहीं, सिर्फ तुम के लिये इसी श्रेणी में नामांकित किया गया। वर्ष 2002 में सुष्मिता सेन को मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म फिलहाल में काम करने का अवसर मिला।मेघना गुलजार की यह पहली निर्देशित फिल्म थी। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये सुष्मिता सेन को एक बार फिर से सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म मैं हूँ ना सुष्मिता सेन के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म में सुष्मिता सेन को पहली बार किंग खान शाहरूख खान के साथ काम करने का अवसर मिला। फराह खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2005 में सुष्मिता सेन ने सलमान खान के साथ मैने प्यार क्यू किया जैसी सुपरहिट फिल्म में भी काम किया।इसके बाद सुष्मिता की कई फिल्में प्रदर्शित हुईं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुयी। सुष्मिता सेन की फिल्म वर्ष 2010 में नो प्रॉब्लम प्रदर्शित रिलीज हुई। सुष्मिता सेन ने अपने सिने करियर में करीब 40 फिल्मों में काम किया है। उनके करियर की अन्य फिल्मों में हिंदुस्तान की कसम, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता, आंखें, तुमको ना भूल पायेंगे, चिंगारी, बेवफा, जिदंगी रॉक्स, कर्मा और होली, डु नॉट डिसटर्ब, दुल्हा मिल गया, आर्या ,आर्या 2 ,आर्या 3 और ताली शामिल है।

# दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों पर रखें कड़ी नजर

## कलेक्टर ने सर्वेयर्स को खरीदी केंद्र के नोडल अधिकारी के साथ समन्वय से कार्य करने की दी हिदायत

### धान खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त सर्वेयरों, समिति प्रबंधकों व आपरेटर्स के प्रशिक्षण सत्र में कलेक्टर के निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)।



कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन वर्ष 2025-26 हेतु नियुक्त सर्वेयरों को उपार्जन केन्द्रों के नोडल अधिकारियों से समन्वय बनाकर धान का गुणवत्ता परीक्षण करने की हिदायत दी। सर्वेयर्स प्रतिदिन उपार्जन केन्द्र में समय पर पहुंचें और सभी की गूगल लोकेशन से प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। कलेक्टर ने यह निर्देश मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में धान उपार्जन हेतु नियुक्त सर्वेयरों, समिति प्रबंधकों और उपार्जन केन्द्र के कंप्यूटर आपरेटर्स के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम देवेन्द्र तिवारी, वेयरहाउस कारपोरेशन के जिला प्रबंधक सेंगर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने सर्वेयरों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों का विस्तृत विवरण संधारित करने हेतु जिला उपार्जन समिति को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने कम्प्यूटर ऑपरेटरों को सख्त हिदायत दी गई किए कृषकों की उपज की तौल जिस क्रम में होती है, उसी क्रम में उनको पावती प्रदान करें एवं उनके उपज का परिदान करें।

कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को दो टूक लहजे में ताकीद किया की उपार्जन केन्द्रों में बाहरी धान की आवक और दलालों, व्यापारियों एवं बिचौलियों की सक्रियता को रोकने का कार्य सख्ती से करें। कलेक्टर ने धान उपार्जन की गुणवत्ता हेतु नियुक्त आर बी एसोसियेट्स के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सर्वेयरों को उनके क्षेत्र और विकासखंड मुख्यालय में ही रुकने और ठहरने आदि का प्रबंध करें। ताकि उपार्जन केन्द्रों में उनकी सहज उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में संबंधितों को बख्शा नहीं जाएगा। इसलिए उपार्जन कार्य से संबंधित सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। जिला आपूर्ति अधिकारी एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा उपार्जन केन्द्र के प्रभारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा एवं उपार्जन हेतु आवश्यक सभी संसाधनों की उपलब्धता के सम्बंध में निर्देशित किया तथा भारत सरकार के पोर्टल पर उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एवं फोटोग्राफ्स सही तरीके से अपलोड करने के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अनुसार भारत सरकार द्वारा उपार्जन केन्द्रों का श्रेणीकरण किया जाना है। भारतीय खाद्य निगम की मैनेजर गुणवत्ता दीपिका अवधिया ने सर्वेयर्स को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। बताया गया कि उपार्जन केन्द्र में बिक्री के लिए आने वाली धान की सर्वेयर गुणवत्ता एप से गुणवत्ता परीक्षण करेंगे। इसके बाद सर्वेयर आनलाइन एप पर दर्ज करेगा। इसके बाद यह नागरिक आपूर्ति निगम के ई-उपार्जन पोर्टल पर दिखने लगेगा कि धान गुणवत्ता पूर्ण एफएक्यू श्रेणी की है।

# शिविर में दी कार्यकर्ताओं को एसआईआर की जानकारी

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस कार्यालय में प्रशिक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)।



जिला कांग्रेस कार्यालय, कटनी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में नियुक्त प्रशिक्षण अधिकारी राशुल खान द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अधिकारी ने उपस्थित सभी साथियों को एसआईआर क्या है, इसकी प्रक्रिया, तथा अंतिम तिथि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि दावा-आपत्ति कब और कैसे लगानी है, तथा बीएलओ द्वारा दिए जाने वाले फॉर्म को सही तरीके से भरने की संपूर्ण विधि समझाई गई। शिविर में कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही और सभी ने अपने प्रश्न पूछकर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रशिक्षण अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता समय सीमा का ध्यान रखते हुए दस्तावेज़ों की जांच पूरी करे, ताकि कोई भी पात्र मतदाता प्रक्रिया से वंचित न रहे। जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे, जिससे संगठनात्मक कार्यों में और अधिक पारदर्शिता तथा दक्षता सुनिश्चित की जा सके। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष प्रशिक्षण में उपस्थित रहे प्रभारी व प्रदेश सचिव राजेश कुमार चौबे, प्रेम बत्रा, कमल पांडे, प्रशांत जायसवाल, आफताब अहमद, संजय गुप्ता, अभय खरे, दिग्विजय सिंह, अजय कोल, राजेश कुमार गुप्ता, उर्मिला ओमप्रकाश कुशवाहा, श्याम पाहुजा, रमेश मिश्रा, पुरुषोत्तम गौतम, मनीराम पांडे, विजय चंदवानी, देवीदास तुलस्तानी, सुरेंद्र कुमार राणा, कैलाश कनौजिया, सलाउद्दीन खान, अशोक बहरानी, प्रियंक बिचपुरिया, राजमणि तिवारी, शशिकांत शेखर भारद्वाज, मंजू निषाद, रमेश अहिरवार, विनोद अहिरवार, हरि बर्मन, मुकेश बहरानी, रामकृपाल सूर्यवंशी, राजकुमार विश्वकर्मा, श्याम सुंदर कुशवाहा, हर्षित मिश्रा आदि अधिक संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।



# बिलहरी पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी को महिला संबंधी अपराधों में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक कटनी नेहा पच्चीसया व थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय को सूचना प्राप्त हुई की चौकी बिलहरी थाना कुठला के अपराध क्रमांक 511/25 धारा 137(2) 64(1), 64(2), (उ)351 बीएनएस 3,४,5(1)16 पाक्सो एक्ट का आरोपी बाहर भागने की फिराक मे ग्राम बरखेड़ा से कनकी रोड के बीच में बस का इंतजार कर रहा है चौकी प्रभारी सुयश पाण्डे द्वारा हमराह स्टाफ के साथ जाकर उक्त स्थान पर पहुंच कर देखा गया तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा जिससे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ कर गिरप्तार किया गया। सराहनीय योगदान: उक्त संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक 182 संतोष चक्रवर्ती, आरक्षक 568 लव कुमार उपाध्याय, आरक्षक 09 दिलकेश्वर, आरक्षक 534 सौरभ जैन का सराहनीय योगदान रहा है।

# पुलिस का व्यापक अभियान - 169 वारंटियों व अपराधियों की गिरफ्तारी

## सड़क सुरक्षा हेतु शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 16 चालकों पर कड़ी कार्रवाई

कटनी (स्वतंत्रमत)।



जिला कटनी में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं समस्त एसडीओपी के मार्गदर्शन में विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। स्थाई वारंटी- कटनी पुलिस द्वारा काम्बिग गस्त अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 40 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए। गिरफ्तारी वारंटी- काम्बिग गस्त के दौरान विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 104 वारंटी गिरफ्तार किए गए। गुंडा चेकिंग- पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 54 गुंडा चेक किए गए। निगरानी बदमाश- कटनी पुलिस द्वारा अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 61 निगरानी बदमाश चेक किए गए। अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 23 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए। जमानती वारंट- कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमस व 58 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए। समंस- कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमस व 50 समंस गस्त के दौरान तामील किए गए। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत हुई कार्यवाही- कटनी पुलिस द्वारा रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कटनी पुलिस द्वारा 16 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई। जुआ अधिनियम- जुआ खेलते पाये जाने पर जुआरियो के विरूद्ध 02 प्रकरण कायम किये गये। धारा 170 बीएनएसएस की कार्यवाही- परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 02 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 126,135 बीएनएसएस की कार्यवाही- परिशांति कायम रखने हेतु 90 प्रकरणों 90 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 129 बीएनएसएस की कार्यवाही- परिशांति कायम रखने हेतु 35 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।



# एसीसी ग्राउंड में टूर्नामेंट में कटनी क्रिकेट अकैडमी बनी विजेता

कटनी (स्वतंत्रमत)।

फाइनल में कटनी क्रिकेट अकैडमी यन्त्र इंडियन अकैडमी के बीच मुक़ाबला हुआ जिसमे पहले बल्ले बाजी करते हुए कटनी क्रिकेट अकैडमी राहुल बाग ने 25 ओवर के मैच में कटनी क्रिकेट अकैडमी ने 189/3 के नुकसान में बनाया जिसमें यंत्र इंडिय अकैडमी मात्र 90 रन बना कर ऑलआउट हो गई। जिसके केसीए की तरफ से सार्थक गिरी ने अच्छी बल्लेबाज़ी करते हुए 76 रन बनाया एवम ओमी भारद्वाज ने नाबाद 67 बनाया और वही केसीए की और से गेदबाज़ी करते हुए तनीष निषाद ने दो ओवर में जीरो रन दे कर पाँच विकेट प्राप्त किये वही मैच का मन ऑफ दा मैच तनीष निषाद को मिला।

# कक्षा 2 से 8 तक के छात्रों की ओलंपियाड परीक्षा आयोजित



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कक्षा 2 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं की ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी ने बताया कि जिले के 51 जन शिक्षा केंद्रों में कक्षा 2 से 3, 4 से 5, 6 से 8 के परीक्षार्थियों के लिए ओलंपियाड वर्ल्ड पावर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। कक्षा 2 से 3 में कुल विद्यार्थियों की संख्या 6 हजार 626 जिसमें से 5 हजार 179 विद्यार्थियों ने पार्टिसिपेट किया। कक्षा चार से पांच में 7 हजार 192 छात्रों में से 6 हजार 225 छात्रों ने भाग लिया। इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 में 11 हजार 48 छात्रों में से 10 हजार 250 छात्रों ने प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता की। कक्षा 2 से 3 में हिंदी, अंग्रेजी, गणित और कक्षा चार से पांच हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण कक्षा 6 से कक्षा 8 हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षाओं को छात्रों ने ओएमआर शीट पर अपने उत्तर अंकित किया। इस परीक्षा में जिला शिक्षा केंद्र से जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी, एपीसी अकादमिक सुबरण सिंह राजपूत, प्रीति सिंह, प्रतिभा गर्ग सहित सभी बीआरसीसीएबीएसी व जनशिक्षकों ने परीक्षा की लगातार मॉनिटरिंग की।

इस परीक्षा के रिजल्ट के तुरंत बाद जिला स्तरीय व तत्पश्चात् राज्य स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की जाएगी।



# मतदाता सूची सुधार में सहभागी बने अशोक विश्वकर्मा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत हो रही मतदाता सूची सुधार में सहभागी बने जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा जिन्होंने टिकरिया क्षेत्र स्थित हेमंत कुशवाह बीएलओ को अपनी व्यक्तिगत जानकारी से अवगत कराया और जन समुदाय को भी अधिक से अधिक मतदाता सूची सुधार कार्य सहभागिता करने का निवेदन किया साथ ही बीएलओ भी प्रोत्साहित किया।

# जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ने किया बड़वारा विधानसभा क्षेत्र का दौरा

कटनी (स्वतंत्रमत)।



जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह ने मंगलवार को जिले की बड़वारा विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर पर पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए बीएलए और पार्टी कार्यकर्ताओं में मुलाकात कर जमीनी स्तर का जायजा लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बडवारा और ढीमरखेड़ा ब्लाक पहुंचे और बूथ लेवल एजेन्टों से एसआईआर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जारी विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने के लिए विस्तृत चर्चा कर प्रत्येक बूथ पर बीएलए की अनिवार्यता पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि आज कि परिस्थितियों में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाना ही सबसे बड़ा राजनीतिक अस्त्र है। हर बूथ स्तर पर प्रत्येक मतदाताओं की सही पहचान करना हमारे बीएलए की जिम्मेदारी है जिससे मतदाता और लोकतंत्र दोनों सुरक्षित रहेंगे। साथ ही सभी की जिम्मेदारी है कि संगठनात्मक संरचना को बूथ स्तर पर अधिक से अधिक मजबूत किया जाए। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक विस्तारित करने की बात भी कही। इस मौके पर बड़वारा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम, ढीमरखेड़ा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आंनद मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रंजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित मौजूद रहे।

# एसआईआर के दौरान दस्तावेज प्रस्तुति के संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित किए गए नियमों को किया स्पष्ट

कटनी (स्वतंत्रमत)।

भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता-हितैषी बनाने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि गणना चरण दौरान किसी भी मतदाता को अनावश्यक कागज़ी प्रक्रिया या दस्तावेज़ प्रस्तुत करने की आवश्यकता न पड़े। इसी उद्देश्य से आयोग ने निम्नलिखित नियम अनिवार्य रूप से लागू किए हैं:- गणना चरण में किसी भी मतदाता से कोई भी दस्तावेज़ जैसे जन्म प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण, पहचान पत्र आदि नहीं लिया जाएगा। बीएलओ का कार्य केवल घर-घर जाकर भौतिक उपस्थिति की पुष्टि करना और उपलब्ध जानकारी को फॉर्म में दर्ज करना है। ईआरओ द्वारा दस्तावेज़ केवल तभी माँगे जाएंगे जब डाफ्ट रोल त्वसस प्रकाशित होने के बाद किसी मतदाता की उपलब्ध जानकारी, डेटाबेस से मेल न खाती हो। जिन मतदाताओं या उनके मातादृपिता का नाम राज्य की अंतिम सूची ;2003 या उससे पहले में दर्ज है, ऐसे सभी मतदाताओं को पूर्व-सत्यापित माना गया है। ऐसे मतदाताओं से बीएलओ द्वारा किसी भी प्रकार के प्रमाण-पत्र या दस्तावेज़ की माँग नहीं की जाएगी। बीएलओ केवल वर्तमान निवास की पुष्टि करेगा। आयोग का उद्देश्य नागरिकों को सरलीकृत, सुगम और भरोसेमंद प्रक्रिया उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता दस्तावेज़ों की कमी, भ्रम या अनावश्यक औपचारिकताओं के कारण मतदाता सूची से बाहर न रह जाए।

# कलेक्टर ने डिजिटाइजेशन कार्य में गति लाने पूरी गंभीरता से जुटने के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने देर शाम वीडियो कांफ्रेंसिंग से की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम कार्य कटनी जिले में युद्ध स्तर पर जारी है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर स्वयं गांव-गांव जाकर कार्य की प्रगति का जायजा ले रहे हैं। गूगल मीट वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर प्रतिदिन देर शाम को डिजिटाइजेशन कार्य की गहन समीक्षा करते हैं। सोमवार की शाम गूगल मीट से निगमायुक्त तपस्या परिहार, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सभी जनपद पंचायत सीईओ, सहित शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रों में हेल्प डेस्क को सक्रिय करने और एसआईआर के कार्य के प्रति मैदानी अमले को मोबिलाइज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में बीएलओ के साथ-साथ, बीएलओ सुपरवाइजर की महती और केन्द्रीय भूमिका है। इसलिए इनका प्रभावी तरीके से उपयोग कर बेहतर प्रगति लायें। कलेक्टर ने कहा आपस में सतत् संपर्क, संवाद और पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ इस कार्य को संपादित किया जाना सुनिश्चित हो। बताते चलें कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए 1168 बूथ लेवल अधिकारियों के साथ-साथ 120 बीएलओ सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। जो गांव-गांव, घर-घर जाकर इस कार्य में लगे हैं।



# सनशाइन एकेडमी रायवाड़ा के बच्चों को मिला ताइक्कांडो और स्केटिंग का प्रशिक्षण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सनशाइन अकादमी रायबाड़ा के छात्रों को स्केटिंग एवं ताइक्काडो का प्रशिक्षण दिया गया। तायक्कोंडो एक मार्शल आर्ट है, सभी उम्र के लोगों के लिए आवश्यक है और ये गतिविधियाँ बच्चों की मांसपेशियों की टोन, ताकत, लचीलापन, चपलता, सजगता और सहनशक्ति को बेहतर बनाने में मदद करती है। यह उन्हें तनाव से राहत दिलाने में भी मदद करता है, ठीक वैसे ही जैसे यह वयस्कों के लिए करता है। स्केटिंग पूरे शरीर की कसरत प्रदान करती है जो बच्चों को मांसपेशियों की ताकत, हृदय की सहनशक्ति और चपलता विकसित करने में मदद करती है। सभी शिक्षिको ने बच्चों को ताइक्कांडो और स्केटिंग की बेसिक जानकारी देते हुए उसके सही तरीकों को समझाया। इस आउटडोर एक्टिविटी में बच्चों ने बहुत ही हर्षोल्लाह के साथ भाग लिया और बच्चों ने ताइक्कांडो और स्केटिंग के सभी नियमों को समझा इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका जूही जैन ने कहा कि स्कूलों में मार्शल आर्ट के माध्यम बच्चे अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता को विकसित करते हैं। इसके साथ ही स्कूल की वाईस प्रिंसिपल शबनम अख्तर ने बच्चों के भविष्य की उज्जवल कामना की।

# दस भारतीय मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगे

ग्रेटर नोएडा (वार्ता)



विश्व चैंपियन जैस्मीन लैम्बोरिया (57 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कज़ाकिस्तान की उल्ज़ान सरसेनबेक, जो एशियाई युवा चैंपियनशिप की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता हैं, को 5-0 से हराकर विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल 2025 के फाइनल में प्रवेश किया। जैस्मीन और अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ, जो गुरुवार को शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जदुमणि सिंह और पवन बर्तवाल भी अपने प्रतिद्वंद्वियों पर सर्वसम्मति से जीत हासिल करने के बाद शामिल हुए। पूरे आत्मविश्वास और नियंत्रण के साथ लड़ते हुए, जैस्मीन ने शुरुआत में ही अपने शानदार संयोजनों से अपनी धाक जमाई, ब्लॉक और स्लिप के बावजूद अपनी रक्षात्मक रक्षापंक्ति को मजबूत बनाए रखा और तीसरे राउंड के आखिर में अपनी प्रतिद्वंद्वी के आक्रामक रुख को शांतचित्त होकर झेलते हुए एक बेहतरीन जीत दर्ज की। विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 की स्वर्ण पदक विजेता, अपने वर्ग की सबसे प्रतिष्ठित मुक्केबाजों में से एक, पेरिस ओलंपिक पदक विजेता चीनी ताइपे की वू-शिह यी के खिलाफ एक धमाकेदार खिताबी मुकाबले के लिए तैयार हैं।

भारत का फाइनल में पहुंचने का अभियान पवन (55 किग्रा) और जदुमणि (50 किग्रा) के माध्यम से जारी रहा, दोनों ने शानदार जीत हासिल कर मेज़बान देश की गति को बढ़ाया। इस सप्ताह की शुरुआत में मिली सफलता के शिखर पर पहुंचे पवन ने शुरुआती कड़े मुकाबले से उबरते हुए इंग्लैंड के एलिस ट्रोब्रिज पर गति, सटीकता और पलटवार के दो शानदार राउंड के साथ 5-0 से जीत हासिल की। जदुमणि ने ऑस्ट्रेलिया के ओमर इज़ाज-जो अस्ताना विश्व कप पदक विजेता हैं-को लगातार दबाव, तीखे हुक और चतुराई भरे फुटवर्क से परास्त किया, जिससे उनसे लंबे मुक्केबाज पूरे समय रस्सियों पर बने रहे। इससे पहले, जुगनू (85 किग्रा) 5-0 से हारकर बाहर हो गए, जबकि नीरज फोगाट (65 किग्रा) ने ओलंपिक पदक विजेता चेन निएन-चिन के खिलाफ जोशीला और निडर प्रदर्शन किया, लेकिन 3-2 के विभाजित निर्णय से हार गए। छठे सत्र के परिणामों के बाद, गुरुवार के फाइनल में दस भारतीय मुक्केबाजों के भाग लेने की पुष्टि हो गई है; सत्र 7 में चार मुक्केबाजों के भाग लेने के साथ और भी मुक्केबाज भाग ले सकते हैं। प्रीति (54 किग्रा) का मुकाबला इटली की सिरीन कैराबी से होगा, जो 2023 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता और 2025 विश्व कांस्य पदक विजेता हैं, जबकि मीनाक्षी (48 किग्रा) का सामना यूक्रेन की फोज़िलोना फ़ारज़ोवा से होगा। 63 किग्रा वर्ग में, परवीन जापान की अयाका तागुची के खिलाफ रिंग में उतरेंगी, जो विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में एक सिद्ध प्रतियोगी हैं। लियोनी मुलर के खिलाफ अपनी जीत के बाद, अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) फाइनल में उज्बेकिस्तान की अजीजा ज़ोकिरोवा से भिड़ेंगी, जो 2022 एशियाई युवा चैंपियन और 2024 एशियाई रजत पदक विजेता हैं। नूपुर (80 किग्रा) का मुकाबला उज्बेकिस्तान की सोतिम्बोएवा ओल्टिनोय से होगा, जबकि पूजा (80 किग्रा) को पोलैंड की अगाता काजमारस्का, जो 80 किग्रा वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं, के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पुरुषों की लाइनअप में, अंकुश फंगल (80 किग्रा) 2024 विश्व मुक्केबाजी कप चैंपियन, इंग्लैंड के शिट्टू ओलादिमेजी के खिलाफ एक धमाकेदार फाइनल में प्रवेश करेंगे। नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा) का सामना उज्बेकिस्तान के अजेय नॉकआउट विशेषज्ञ खलीमजोन मामासोलिएव से होगा, और अभिनाश जामवाल (60 किग्रा) का सामना जापान के शियोन निशियामा से होगा, जो विश्व कप और ओलंपिक क्वालीफायर में व्यापक अनुभव रखने वाले एक अनुभवी खिलाड़ी हैं।

# भारत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की करेगा शुरुआत

## फाइनल 6 फरवरी को होगा

दुबई (वार्ता)



आईसीसी ने 2026 अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। ज़िम्बाब्वे और नामीबिया संयुक्त रूप से 15 जनवरी से 6 फरवरी तक इस आयोजन की मेजबानी करेंगे। 16 प्रतिभागी टीमें तीन हफ्तों में 41 मैच खेलेंगी, जिसका फाइनल 6 फरवरी को हरारे में होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत एक व्यस्त शुरुआती दिन के साथ होगी जिसमें पिछले विश्व कप के उपविजेता भारत का सामना अमेरिका से, ज़िम्बाब्वे का स्कॉटलैंड से होगा, और तंजानिया एक ऐतिहासिक प्रदर्शन करेगा, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ किसी वैश्विक आईसीसी आयोजन में अपना पहला मैच खेलेगा। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 16 जनवरी को विंडहोक में आयरलैंड के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा के लिए अभियान शुरू करेगा। मैच दोनों मेजबान देशों के बीच पांच मैदानों पर खेले जायेंगे, जिनमें ज़िम्बाब्वे में हरारे स्पोर्ट्स क्लब, ताकाशिंगा और क्वींस स्पोर्ट्स क्लब, और विंडहोक में नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड और एचपी ओवल शामिल हैं। प्रतियोगिता की संरचना परिचित होगी- चार ग्रुप, एक सुपर सिक्स चरण, और फिर फ़ाइनल से पहले दो सेमीफ़ाइनल। अभ्यास मैच 9 से 14 जनवरी तक खेले जायेंगे। इस टूर्नामेंट के बारे में बात करते हुए, आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप लंबे समय से महानता का केंद्र रहा है, एक ऐसा टूर्नामेंट जो न केवल क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी को, बल्कि दिग्गजों की अगली पीढ़ी को भी सामने लाता है। ब्रायन लारा और सनथ जयसूर्या से लेकर विराट कोहली, केन विलियमसन, स्टीव स्मिथ और शुभमन गिल तक, इस आयोजन ने लगातार हमारे खेल के भविष्य को आकार दिया है। ज़िम्बाब्वे और नामीबिया में 2026 में होने वाले विश्व कप की ओर देखते हुए, हम युवा क्रिकेटरों को एक ऐसा विश्वस्तरीय मंच प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं जो सीनियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मानकों और दबावों को प्रतिबिंबित करता हो। यह टूर्नामेंट वह है जहां सपने प्रज्वलित होते हैं, प्रतिद्वंद्विताएँ जन्म लेती हैं, और वैश्विक क्रिकेट परिदृश्य अपना नया रूप लेना शुरू करता है। हमें तंजानिया का स्वागत करते हुए विशेष रूप से प्रसन्नता हो रही है क्योंकि वे पहली बार विश्वस्तरीय टीमों में शामिल हो रहे हैं। मैं सभी प्रतिभागी टीमों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ क्योंकि वे इस उल्लेखनीय यात्रा पर निकल रहे हैं और गर्व और आशा के साथ अपने देशों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# क्वार्टर फाइनल में अर्जुन की वेई यी से हार के साथ भारत की चुनौती समाप्त

**पणजी, (वार्ता)** फिडे विश्व कप 2025 में भारत की चुनौती बुधवार को क्वार्टर फ़ाइनल टाईब्रेक में ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के चीन के ग्रैंडमास्टर वेई यी से हारने के बाद समाप्त हो गई। क्वार्टर फ़ाइनल में अर्जुन एकमात्र भारतीय बचे थे और दोनों क्लासिकल गेम ड्रॉ होने के बाद, टाईब्रेक हमेशा से ही एक पेचीदा मुकाबला होने वाला था। वारंगल के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले टाईब्रेक गेम में काले मोहरों से फ्रांसीसी डिफेंस पर निशाना साधा और ऐसा लग रहा था कि भारतीय खिलाड़ी बीच के गेम में मुश्किल में पड़ जाएगा। लेकिन 27वीं चाल में वेई की एक सुरक्षित चाल चुनने की गलती ने अर्जुन को वापसी करने का मौका दिया और 66 चालों के बाद



गेम ड्रॉ पर समाप्त हुआ। 2023 के संस्करण में हमवतन आर प्रज्ञानंद के खिलाफ क्वार्टर फाइनल टाईब्रेक में हार चुके अर्जुन को सफ़ेद मोहरों से दूसरे गेम में जीत हासिल करने के लिए वेई के पेत्रोव डिफेंस को तोड़ना ज़रूरी था।

# भारतीय नौसेना ने आर्मी इलेवन को 5-2 से हराया

नयी दिल्ली (वार्ता)

सुशील धनवार के शानदार पाँच-इन-लाइन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय नौसेना ने एसएनबीपी 61वें नेहरू सीनियर हॉकी टूर्नामेंट के पूल डी में आर्मी इलेवन को 5-2 से हराकर शानदार बदला ले लिया। पिछले हफ़्ते नौसेना बेटन कप के सेमीफाइनल में आर्मी इलेवन से 3-0 से हार गई थी। कोलकाता में हुए टूर्नामेंट की विजेता आर्मी इलेवन आज शिवाजी स्टेडियम में पहले जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई। प्रताप लाकड़ा की हैट्रिक रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड द्वारा रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला को पूल डी के दूसरे मैच में 4-1 से हराने का मुख्य आकर्षण रही। नॉकआउट दौर में तीन जीत के बाद कपूरथला की टीम बिखरी हुई थी। नौसेना-सेना मैच के बाद, जिसमें हॉकी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिला, विजेता



टीम के मैनेजर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि बेटन कप सेमीफाइनल में हार के बाद उन्हें नींद नहीं आ रही थी। आज की जीत एक करारा जवाब थी। सुशील धनवार ने दूसरे क्वार्टर में तीन मौकों पर गोल दागे और अंतिम सत्र में दो और गोल किए, जिनमें से एक स्ट्रोक से हुआ। सेना एकादश के लिए कप्तान प्रताप शिंदे ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके अंतर कम किया, जिसके बाद आतिश दोराई ने एक स्ट्रोक गोल किया। सात गोलों में से पांच पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए गए, जबकि अन्य दो स्ट्रोक से हुए। इससे पहले प्रताप लाकड़ा के लगातार तीन गोलों की शानदार बदौलत आरएसपीबी ने आरसीएफ, कपूरथला को हराया। आरसीएफ, जिसने ग्रुप डी में तीन स्पष्ट जीत के साथ लीग राउंड में जगह बनाई थी, आज अपने मुक़ाबले में उतरी। आरसीएफ ने दूसरे और चौथे क्वार्टर में कुछ मौके बनाए, लेकिन अपने सात पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल सकी। इसके ठीक उलट, दर्शन गावकर द्वारा रेलवे स्पोर्ट्स बोर्ड को शुरुआती सत्र में 1-0 की बढ़त दिलाने के बाद, प्रताप लाकड़ा ने ज़बरदस्त आक्रामकता दिखाई। लाकड़ा ने अपने कोणीय शॉट्स से कार्पेट पर तीसरे क्वार्टर में मिले चार में से तीन पेनल्टी कॉर्नर का पूरा फ़ायदा उठाया।

# स्पाइसजेट ने 10 करोड़ से ज्यादा इक्विटी शेयर का किया आवंटन

नयी दिल्ली (वार्ता)




वित्तीय तंगी से जूझ रही निजी विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने विमान लीज पर देने वाली कंपनी कार्लाइल एविएशन को प्राथमिकता के आधार पर इक्विटी शेयर जारी कर 442 करोड़ रुपये का कर्ज उतार दिया है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसने कार्लाइल एविएशन को 10,41,72,634 इक्विटी शेयर जारी किये हैं। प्राथमिकता के आधार पर जारी 10 रुपये अंकित मूल्य वाले ये शेयर 32.32 रुपये के प्रीमियम पर 42.32 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से जारी किये गये हैं। इससे कंपनी को 442.50 करोड़ रुपये (पांच करोड़ डॉलर) की देनदारी समाप्त करने में मदद मिली है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, स्पाइसजेट के निदेशक मंडल ने 18 नवंबर को इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौते के अनुसार, यदि कार्लाइल को इन शेयरों की बिक्री से पांच करोड़ डॉलर से अधिक की राशि मिलती है तो उसे जितना मुनाफा होगा उसका एक हिस्सा भविष्य के लीज बकाया के भुगतान पर खर्च किया जायेगा। इसके अलावा, समझौते में यह भी प्रावधान है कि भविष्य विमान और इंजनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए स्पाइसजेट के पास 7.96 करोड़ डॉलर की राशि उपलब्ध होगी। वहीं, 99 लाख डॉलर नकदी प्रबंधन क्रेडिट के रूप में दिए जायेंगे। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, हमारे मौजूदा पुनर्गठन प्रयासों में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह स्पाइसजेट को दृढ़ तथा वित्तीय रूप से मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है। ऐसे समय में जब हम अपने बेड़े को फिर से बड़ा कर रहे हैं और परिचालन का विस्तार कर रहे हैं, देनदारी कम होने और मरम्मत तथा देखरेख के लिए वित्त रिजर्व से हमें सार्थक समर्थन मिलेगा। उन्होंने बताया कि कुछ अन्य पुनर्गठन पहलों पर काम चल रहा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि जल्द ही इन पहलों को भी मूर्त रूप दिया जा सकेगा।

# अब आईफोन चोरी होने या खो जाने पर भी एप्पलकेयर प्लस के तहत कवरेज

नयी दिल्ली (वार्ता)

अमेरिकी टेक दिग्गज एप्पल ने मंगलवार को भारत में एप्पलकेयर प्लस विकल्पों के विस्तार की घोषणा की जिसमें अब आईफोन चोरी होने या खो जाने पर भी कवरेज का लाभ मिलेगा। कंपनी ने बताया कि इसके तहत आईफोन के चोरी होने या खो जाने पर भी ग्राहकों को एप्पलकेयर प्लस का लाभ मिल सकेगा। ग्राहक मासिक या वार्षिक एप्पलकेयर प्लस प्लान ले सकेंगे। उनके पास अपने एप्पल प्रोडक्ट्स की सुरक्षा के बारे में अब अधिक विकल्प और लचीलापन उपलब्ध होगा, वे जब तक चाहें इसे एक्टिवेट रख सकते हैं और जब चाहें सबस्क्रिपशन आगे जारी नहीं रखने का फैसला कर सकते हैं। एप्पल की आईफोन उत्पाद विपणन की वैश्विक उपाध्यक्ष कायन ड्रेंस ने कहा, हमारे एप्पलकेयर ग्राहकों को यह जानकर मानसिक सुकून मिलेगा कि उनके



उत्पाद एप्पल विशेषज्ञों द्वारा सुरक्षित और समर्थित हैं। भारत में आज के अपडेट के साथ हम आईफोन के लिए हमारे सर्वाधिक परिपूर्ण कवरेज तक पहुंच के अलावा विश्वसनीय सुरक्षा प्राप्त करना आसान तथा अधिक किफायती बना रहे हैं। एप्पलकेयर प्लस हर साल चोरी या गुम होने की अधिकतम दो घटनाओं के लिए कवरेज प्रदान करता है। कंपनी ने बताया कि ग्राहक के आईफोन के खो जाने या चोरी हो जाने की स्थिति में अतिरिक्त अश्योरेंस के अलावा इस प्लान में एप्पलकेयर प्लस के पहले से जारी सभी लाभ मौजूद हैं जिन्हें उपयोगकर्ता जानते और पसंद करते हैं। इसमें बैटरी रिप्लेसमेंट सेवा, हर दिन चौबीसों घंटे प्राथमिकता के आधार पर मदद और ऑरिजिनल एप्पल पार्ट्स का उपयोग करके आकस्मिक क्षति के लिए असीमित मरम्मत शामिल है, जो एप्पल स्टोर्स और एप्पल के अधिकृत सेवा प्रदाताओं के विशाल नेटवर्क पर उपलब्ध है। आईफोन के लिए चोरी और खोने की स्थिति में कवरेज के साथ एप्पलकेयर प्लस प्लान 799 रुपये मासिक से शुरू होते हैं। ग्राहक अपने आईफोन, आईपैड या मैक पर सेटिंग्स ऐप से सीधे योग्य डिवाइसों के लिए सब्सक्रिप्शन के विकल्प देख सकते हैं और कवरेज के लिए भुगतान कर सबस्क्राइब कर सकते हैं। कवरेज तुरंत शुरू हो जाता है।

# चावल-गेहूं में तेजी, दाल-तेल नरम

नयी दिल्ली

(वार्ता) दिल्ली जिंस बाजार में बुधवार को सामान्य कारोबार के बीच मांग के समर्थन से चावल और गेहूं में तेजी का रुख दिखा जबकि विदेशों से नरमी के संकेतों के बीच ज्यादातर खाद्य तेलों के भाव नीचे थे। दालों में भी मसूर को छोड़ कर कुल मिला कर नरमी का रुख दर्ज किया गया। औसत दर्जे के चावल का भाव 13 रुपये गिर गया जबकि गेहूं में दो रुपये प्रति क्विंटल की नरमी दिखी। विभिन्न दालों के भाव चार रुपये से दस रुपये तक नीचे बोले गये जबकि दल मसूर में दो रुपये के दायरे में तेजी दिखी।



विदेशों में पाम आयल और सोयाबीन आयल के वायदा भावों में मिले जुले रुख के बीच स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी को छोड़ कर ज्यादातर खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। सरसों तेल में सबसे अधिक 44 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गयी । तेल मूंगफली , वनस्पति, सोया और पाम आयल में क्रमश: 10 रुपये, 20, 7 और 17 रुपये प्रतिक्विंटल की गिरावट दर्ज की गयी। मलेशिया वायदा बाजार में पाम आयल वायदा भाव प्रति क्विंटल 43 रिंगिट (1.02 प्रतिशत) तेज हो कर 4252 रिंगिट पर चल रहा था। अमेरिकी जिंस वायदा में सोयाबीन तेल 0.58 डॉलर यानी 1.11 प्रतिशत गिर कर 51.62 डालर प्रति पौंड पर चल रहा था। गुड़ का भाव रेवड़ी गजक इकाइयों की मांग के समर्थन में 9 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत रहा जबकि चीनी करीब करीब पिछले दिन के स्तर पर बनी हुई थी।दाल चना 7879.53 रुपये, मसूर काली 8166.84 रुपये, मूंग दाल 10095.32 रुपये, उड़द दाल 10383.48 रुपये, तूर दाल 10602.25 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2851.38 रुपये और चावल 3842.41 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3301.92 प्रति क्विंटल। चीनी एस 4326.16 रुपये और गुड़ 4997.75 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17663.85 रुपये, मूंगफली तेल 17699.43 रुपये, सूरजमुखी तेल 15692.4 रुपये, सोया तेल 13786.46 रुपये, पाम ऑयल 12468.83 रुपये और वनस्पति 14452.77 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# 85 हजार के पार बंद हुआ सेंसेक्स

## आईटी कंपनियों में जोरदार तेजी



**मुंबई, (वार्ता)** आईटी कंपनियों के नेतृत्व में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स वर्ष 2025 में पहली बार 85 हजार अंक के पार बंद हुआ। सेंसेक्स 513.45 अंक चढ़कर 85,186.47 अंक के इस साल के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 142.60 अंक की बढ़त में 26,052.65 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले गत 29 अक्टूबर को यह इस साल के उच्चतम स्तर 26,053.90 पर बंद हुआ था। आईटी सेक्टर की कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही। कनाडा के कैलगेरी में कार्यालय खोलने की घोषणा के बाद एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर सेंसेक्स में सवा चार फीसदी से अधिक चढ़े। मंगलवार को शेयर पुनर्खरीद के विवरण साझा करने के बाद इंफोसिस का शेयर भी पौने चार फीसदी की मजबूती के साथ बंद हुआ। टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर पौने तीन प्रतिशत से अधिक और मारुति सुजुकी का सवा फीसदी से ज्यादा टूट गया। मझौली कंपनियों में भी तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली अधिक देखी गयी। एनएसई में आईटी के बाद सार्वजनिक बैंकों के समूह में सबसे अधिक तेजी रही। स्वास्थ्य, रियलिटी, तेल एवं गैस और मीडिया समूहों के सूचकांक लुढ़क गये।

# जियो के सभी 5जी यूजर्स के लिए 18 महीने तक नि:शुल्क जेमिनआई 3 एक्सेस




**मुंबई (वार्ता)।** दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो ने बुधवार से अपने सभी 5जी यूजर्स के लिए जियो जेमिनआई प्रो प्लान बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इस प्लान में गूगल के नये और एडवांस जेमिनआई 3 मॉडल को शामिल किया गया है, जिससे यूजर्स को और भी अच्छा एआई अनुभव मिलेगा। पहले यह ऑफर केवल युवा ग्राहकों तक ही सीमित था लेकिन अब कंपनी ने इसे सभी अनलिमिटेड 5जी यूजर के लिए उपलब्ध कराने की घोषणा की है। कंपनी ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सभी जियो अनलिमिटेड 5जी ग्राहक 18 महीने तक जेमिनआई प्रो प्लान का मुफ्त लाभ उठा सकेंगे, जिसकी कीमत 35,100 रुपये है। यह सुविधा 19 नवंबर से सभी के लिए उपलब्ध होगी। माईजियो ऐप में क्लेम नाउ बैनर पर क्लिक करते ही तुरंत एक्टिवेट हो जायेगी।

# आरबीआई ने विदेशी मुद्रा विनिमय के सात प्लेटफॉर्म को अनाधिकृत की सूची में डाला

**मुंबई, (वार्ता)** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा विनिमय के सात प्लेटफॉर्म को अनाधिकृत की सूची में डाल दिया है। केंद्रीय बैंक ने बुधवार को बताया कि उसने स्टारनेटएफएक्स. कॉम, कैपप्लेस. कॉम, मिरॉक्स.कॉम, फ्यूजनमार्केट्स. कॉम, ट्राइव. कॉम, एनएक्सजीमार्केट्स. कॉम और नॉर्डएफएक्स. कॉम को अनाधिकृत विदेशी मुद्रा विनिमय प्लेटफॉर्म




की सूची में डाल दिया है। इसका मतलब है कि ये आरबीआई से मान्यता के बिना विदेशी मुद्रा विनिमय का कारोबार कर रहे हैं। इससे आम लोगों की वित्तीय सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है। इन सात नये प्लेटफॉर्मों के शामिल होने के बाद अब देश में अनाधिकृत तौर पर विदेशी मुद्रा विनिमय का कारोबार करने वाले प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़कर 95 हो गयी है।

# टूरिस्ट हेली सर्विस का उठाएं भरपूर लाभ : डॉ. यादव





## मुख्यमंत्री ने किया होटल द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस का शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व धरोहर स्थल खजुराहो और पन्ना टाइगर रिजर्व के आसपास पर्यटकों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। खजुराहो में एयरपोर्ट तो पहले से है ही, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से खजुराहो नई वंदे भारत ट्रेन की सौगात दे दी है, जिससे बुंदेलखंड की शान मतंगेश्वर महादेव सीधे काशी विश्वनाथ से जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी करते हुए नई पीएमश्री हेली टूरिस्ट सर्विस शुरू की है। इसके अलावा प्रदेशवासियों को इंटर स्टेट हवाई सेवा और एयर एंबुलेंस की सुविधा भी मिल रही है। पर्यटक इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या में 526 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। बीते साल 13 करोड़ 41 लाख से अधिक पर्यटक मध्यप्रदेश की धरती पर आए। हमारी पर्यटन प्रोत्साहन योजनाओं के कारण भविष्य में यह आंकड़ा और भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को खजुराहो में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने खजुराहो में होटल द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस का दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर ओबेरॉय ग्रुप के स्वामी अर्जुन ओबेरॉय ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढाकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

***खजुराहो को ईश्वर का विशेष आशीर्वाद प्राप्त***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो का ईश्वर का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। ओबेरॉय ग्रुप के राजगढ़ पैलेस होटल के माध्यम से आज खजुराहो समृद्धि के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। राज्य सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। खजुराहो की प्राचीनतम स्थापत्य कला को देखने के लिए पूरी दुनिया खिंची चली आती है। खजुराहो महाराजा छत्रसाल की राजधानी रही है। बुंदेलखंड में आल्हा-ऊदल की वीरता की कहानियां जोश से भर देती हैं। यहां 70 एकड़ में यह भव्य होटल बनकर तैयार हुआ है, जिससे पर्यटकों को तो लग्जरियस फेसिलिटी मिलेगी ही, स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा।

***खजुराहो एक विश्व धरोहर : शर्मा***- क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। खजुराहो एक विश्व धरोहर है, यहां रोजाना दुनियाभर के पर्यटक आते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में 17 आइकोनिक सिटी चिह्नित की हैं, इनमें खजुराहो भी शामिल है। यहां नजदीक ही पन्ना टाइगर रिजर्व को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक आते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने खजुराहो को हवाई सेवा के साथ सुपरफॉस्ट ट्रेन वंदे भारत की रेगुलर कनेक्टिविटी भी दे दी है। पन्ना में हीरे तो मिलते ही हैं, भविष्य में राजगढ़ पैलेस होटल इंडस्ट्री का डायमंड बनकर उभरेगा।

***राजगढ़ पैलेस पर्यटकों के लिए मध्यप्रदेश का गेट-वे बनेगा***- राजगढ़ पैलेस की भव्यता की जानकारी देते हुए अर्जुन ओबेरॉय ने बताया कि मध्यप्रदेश अतुलनीय पर्यटन संभावनाओं और संस्कृति का केंद्र है। राजगढ़ पैलेस के डिजाइन और रूप आगंतुकों को मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक विरासत को करीब से देखने का मौका देगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजगढ़ पैलेस पर्यटकों के लिए मध्यप्रदेश का गेट-वे बनेगा। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक अरविंद पटेरिया, विधायक ललिता यादव, विधायक राजेश शुक्ला, विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, अपर मुख्य सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिव शेखर शुक्ला, डी आईजी विजय खत्री, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक अगम जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ओबेरॉय ग्रुप के स्टॉफ मेंबर्स उपस्थित रहे।



## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

दमोह (स्वतंत्र मत)

शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला समिति द्वारा आयोजिक श्रीमति रुचि महेश असाटी ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। जिसमें असाटी समाज की सभी बहनों की उपस्थिति रही। एवं श्री राम दरबार की पूजा अर्चना की, पूजा के पश्चात सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ प्रारंभ किया गया एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद हनुमान चालीसा कर आरती की गई और भजन संगीत का कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी बहनों ने मिलजुल कर भजनों का गायन किया। प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## जन्मदिन पर ठंड से बचने छात्राओं को वितरित की स्वेटर

दमोह (स्वतंत्र मत)

शासकीय माध्यमिक कन्या उमा शाला में पदस्थ सुनीला पाटकर एवं उनकी पुत्री स्नेहलता पाटकर ने अपने जन्मदिन पर विद्यालय की छात्राओं को स्वेटर वितरित किए और आगामी दिवस में अन्य स्कूलों में छात्र-छात्राओं को ठंड से बचने स्वेटर वितरित करने की बात कही। इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर विद्यालय के प्राचार्य राजेश राय सहित विद्यालय स्टाफ ने भी संकल्प लिया कि विद्यालय के विद्यर्थियों की जो भी आवश्यकताएं होगी वह उन्हें सदैव पूर्ण करने के लिए हमेशा तत्पर रहकर उन्हें पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षक राजेश जैन, सुनीता जैन, जयंत सेन, रामेश्वर अहिरवाल, अतिथि शिक्षिका निकिता साहू, अवधेश नामदेव उपस्थिति रहे।



# मध्यप्रदेश के साथ साझी विकास यात्रा की अपार संभावनाएं

## आसियान समिति का प्रतिनिधि मंडल राजभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिला

भोपाल (स्वतंत्र मत)

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आसियान समिति से कहा है कि मध्यप्रदेश के साथ साझी विकास यात्रा की अपार संभावनाएं हैं। भारत और आसियान देश साझी सभ्यता वाले क्षेत्र हैं। मध्यप्रदेश और आसियान देशों के बीच सांस्कृतिक आत्मीयता, व्यापारिक समानता और सहयोग की संभावनाएँ अत्यंत मजबूत हैं। दोनों क्षेत्रों के पास युवा जनसंख्या की ऊर्जा, नवाचार की क्षमता, विविध सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति तथा विकास के प्रति समान संवेदनशील दृष्टिकोण मौजूद है। प्रदेश के साथ व्यापार, निवेश, पर्यटन, शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में असाधारण और दीर्घकालिक साझेदारियाँ करने की अनंत संभावनाएँ हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में स्थिर, सुरक्षित और उद्योग अनुकूल वातावरण इस यात्रा को और अधिक अर्थपूर्ण बनाएगा। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन में आमंत्रित आसियान समिति के प्रतिनिधि मंडल के साथ बुधवार को चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला भी मौजूद थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारत सरकार की एक्ट ईस्ट पॉलिसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। यह नीति भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के साझा इतिहास, सांस्कृतिक जड़ों और भविष्य की समृद्ध साझेदारी को मजबूत करने का मार्ग है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के साथ व्यापारिक, निवेश, तकनीकी, सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों में निरंतर वृद्धि से पारस्परिक रिश्ते मजबूत होंगे। नए अवसर उत्पन्न होंगे। हमारी सहभागिता आने वाले वर्षों में एक नए अधिक विकसित युग का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार पारदर्शी नीतियों के साथ निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करती है। इसी वर्ष प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी के द्वारा 18 नवीन इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियाँ लॉन्च की गईं। ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में मध्यप्रदेश देश के उत्कृष्ट सुधारक राज्यों में शामिल है। मध्यप्रदेश की जनता सरलता, परिश्रम, सहिष्णुता और सौहार्द की मिसाल है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को भारत का हृदय कहा जाता है, क्योंकि इस राज्य की धड़कनें भारत की संस्कृति, परंपराएँ, प्रकृति, अध्यात्म, सामाजिक विविधता, आर्थिक क्षमता और आधुनिक विकास को समेटे हुए हैं। उन्होंने प्रदेश के नगरों, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर के विकास और पर्यावरणीय संतुलन को रेखांकित किया। बताया कि राज्य में 11 एग्रो क्लाइमेटिक जोन होने के कारण इसे देश की फूड बास्केट कहते हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने आसियान समिति नई दिल्ली के प्रतिनिधियों को सांची की प्रतिकृति, स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

# 121 में 0 : मध्यप्रदेश सिविल जज-2022 परिणाम आदिवासी युवाओं के साथ सुनियोजित अन्याय का प्रतीक: विक्रांत भूरिया

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश सिविल जज-2022 के परिणाम ने पूरे आदिवासी समाज को गहरे आघात में डाल दिया है। कुल 191 पदों में से 121 पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थे, लेकिन इन 121 आरक्षित पदों पर एक भी आदिवासी उम्मीदवार का चयन नहीं होना केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सिस्टम में गहरे बैठे पक्षपात और संरचनात्मक भेदभाव का सबसे बड़ा प्रमाण है। यह सवाल केवल इतना भर नहीं है कि परिणाम क्या आया, असली सवाल यह है कि क्या सचमुच 121 सीटों पर एक भी योग्य आदिवासी युवा नहीं मिला या फिर चयन प्रक्रिया और पूरी प्रणाली ने उन्हें शुरुआत की सीढ़ी पर ही रोक दिया। पिछले चार वर्षों से लगातार एक ही पैटर्न सामने आ रहा है कि सिविल जज भर्ती प्रक्रिया में एसटी उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा की सीढ़ी तक पहुँचने ही नहीं दिया जाता, प्रारंभिक चरणों में ही ऐसे मानक, कट-ऑफ और प्रक्रियाएँ लागू की जाती हैं जिनके चलते आदिवासी युवाओं को व्यवस्थित रूप से बाहर कर दिया जाता है। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने इसे संविधान की आत्मा पर सीधा प्रहार बताते हुए कहा कि आरक्षण कोई भीख नहीं, बल्कि समान अवसर का संवैधानिक अधिकार है। 121 आरक्षित सीटों पर एक भी आदिवासी का चयन न होना, हमारे संविधान के मूल सिद्धांतों-न्याय, समानता और सामाजिक न्याय-का खुला अपमान है। यह स्थिति न केवल इस भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि संवैधानिक व न्यायिक संस्थाओं तक पहुँचने का रास्ता आदिवासी समाज के लिए किस तरह संकुचित और दुर्गम बना दिया गया है। इस परिणाम के दूरगामी और खतरनाक प्रभाव को रेखांकित करते हुए डॉ. भूरिया ने कहा कि न्यायपालिका में आदिवासियों का प्रतिनिधित्व लगभग समाप्ति की कगार पर पहुँच जाएगा।

जंगल, ज़मीन, वन-अधिकार, पुलिस अत्याचार, खनन, विस्थापन तथा परंपरागत अधिकारों से जुड़े मामलों में आदिवासी समाज की अपनी आवाज और भी कमजोर हो जाएगी। आने वाली पीढ़ियों के सामने न्याय के मंदिर का दरवाज़ा लगभग बंद होता दिखाई देगा और व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास और अधिक टूटेगा।

# भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में अभ्युदय मध्यप्रदेश के दर्शन

## एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा पर मध्यप्रदेश की विरासत से विकास की झांकियां बनीं आकर्षण

भोपाल (स्वतंत्र मत)

अभ्युदय मध्यप्रदेश के दर्शन प्रगति मैदान दिल्ली में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में किए जा सकते हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले मेला में मध्यप्रदेश की विरासत से विकास की अद्भुत झांकी, एक जिला-एक उत्पाद और परम्परागत कलाकृतियों ने आगंतुकों को आकृषित किया है। मंडप में आगामी 21 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में मध्यप्रदेश दिवस भी मनाया जाएगा। 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में मध्यप्रदेश मण्डप ग्वालियर किला के रूप में तैयार किया गया है तथा मण्डप के केन्द्र में 64 योगिनी मन्दिर मुरैना के दर्शन होते है। मण्डप को मेले की थीम एक भारत, श्रेष्ठ भारत के अनुरूप सजाया गया है। गौरतलब है कि लुटियन्स ने जब भारतीय संसद भवन का डिजाइन तैयार किया था तब उन्होने भारत वर्ष की नामी गिरामी इमारतों के डिजायन बुलवाये थे जिसमें से उन्होने मुरैना जिले के 64 योगिनी मन्दिर का चुनाव किया था। इसके आधार पर ही उन्होने भारतीय संसद के भवन का निर्माण कराया था। इस स्थान पर सभी देशी विदेशी पर्यटक भ्रमण करने के लिए आते हैं। जिससे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत होती है। मण्डप में मध्यप्रदेश की विश्व धरोहार खजुराहों, सांची स्तूप एवं भीमबेटका के साथ प्रस्तावित धरोहर स्थलों, विभिन्न सांस्कृतिक माहोत्सव, हस्तशिल्प, हाथकरघा, जी.आई. ओ.डी.ओ.पी. उत्पादों को भी सजाया गया है।

## कलेक्टर ने एसआईआर कार्यों का लिया जायजा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत जिले में चल रहे गणना प्रपत्र वितरण कार्य की प्रगति का जिला प्रशासन द्वारा मैदानी स्तर पर निरीक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने ग्राम पटना बुजुर्ग और अर्थखेड़ा सहित कई ग्रामों में पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरण एवं प्रपत्र फीडिंग कार्य की वास्तविक स्थिति जानी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य समयसीमा के भीतर कार्य सुनिश्चित किया जाये। इसी क्रम में एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने बताया कि जिन मतदान केंद्रों में स् कार्य की प्रगति कम पाई गई थी, वहां निरीक्षण कर सबंधितों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए ताकि आगे कार्य तेजी से हो सकेगा। साथ ही एसडीएम दमोह आरएल बागरी ने बादंकपुर में गणना प्रपत्र वितरण कार्य का निरीक्षण किया और उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## भजन संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दमोह।** भजन संध्या पर स्व. मनमोहन पटेल की दसवीं पुण्यतिथि पर स्थानीय प्यासी मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें आकाशवाणी कलाकार पंडित नंदराम तिवारी द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। दादा स्व. मनमोहन पटेल के शिष्यगणों द्वारा उनकी रचनाओं को भजन के रूप में गाकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में डॉ केदारनाथ शर्मा, कलाकार भोजराज दुबे, दयाशंकर प्रधान, प्रदीप अग्रवाल, मुन्ना चौबे, नंदराम तिवारी, लक्ष्मण अग्रवाल, अरुण तिवारी, बृजमोहन पुजारी, नर्मदा प्रसाद चौरसिया, नब्बू चौरसिया, गिरीश पटेल, मुन्नालाल पटेल रहे।


**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. /अ-20(1)/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 08/12/2025 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | कंदेली | 6<br>7/1 | 1583 वर्गफुट<br>2274 वर्गफुट | सजल नेमा आ. सुभाष नेमा निवासी गुलाब चौराहा महाजन वार्ड कंदेली | सजल नेमा आ. सुभाष नेमा निवासी गुलाब चौराहा महाजन वार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

लोककर्म विभाग

-: चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना :-

N.I.T.No./PWD/2025-26/04/E-tendering/PRO 575 — Date 19/11/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा कसता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_463212_1<br>19/11/2025 | संभाग क्रमांक-04 गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत एम.जी.एम. स्कूल के बाजू में एम-30 सी.सी. रोड, पेवर ब्लाक एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्यत्र (निगम मद) (4th call) | 04 माह<br>रू. 8.44 | 2,000/-<br>8,440/- | 08/12/2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड www://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री संभाग क्रमांक-04 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26 दिनांक 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विवेक अग्निहोत्री पिता स्व. विष्णु प्रकाश ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक 842 थाने के पीछे सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399197 पर दर्ज भूमि जिस पर निर्मित भूतल 2879 व.फु. प्रथम तल 1242 व.फु. पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र वसीयतनामा के आधार पर निगम में दर्ज श्री विष्णु प्रकाश अग्निहोत्री पिता स्व. एस.डी. अग्निहोत्री का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26 दिनांक 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमति इशिका कडवल पति आकाश मालपाणी (2) श्री आकाश मालपाणी पिता मांगीलाल मालपाणी ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक फ्लेट नं. टी-12 सत्यमेव जयते सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000429128 पर दर्ज भूमि जिस पर निर्मित तृतीय तल 1059 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री नितेश कुमार सोने पिता श्री रामदास सोने का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26 दिनांक 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति चांटीदेवी उर्फ चांटी बाई पति श्री रामलाल कुम्हार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक ख.नं. 47/8 का भाग अनुराधा कालोनी धोबीघाट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002166740 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकबा 1921 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री रामलाल कुम्हार पिता श्री स्व. भिम्मा कुम्हार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26 दिनांक 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रूप नारायण सिंह बघेल पिता श्री मदन सिंह बघेल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 1170 के बाजू से पुराने पुल वाली रोड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000380795 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1596 व.फु. सीमेंट शीट जिस पर निर्मित भूतल 588 व.फु. सीमेंट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री वीरेन्द्र सिंह पिता महावीर सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26 दिनांक 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति शशिकला कुशवाहा पति स्व. लीलाधर कुशवाहा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ख.न. 55/2 का भाग गौर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000383273 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1500 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री किशोरीलाल साहू पिता स्व. कंधीलाल साहू का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26 दिनांक 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति पुष्पा सिंह पति श्री चंद्र प्रकाश ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लेट नं. 502 ब्लाक एच. दत्त गार्डन व्यू अमार्टमेंट के पिन क्रमांक 2000244969 पर दर्ज भूमि जिस निर्मित पांचवी मंजिल 1200 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज (1) श्री आतमजीत सिंह पिता हरदयाल (2) रूपिंदर कोर साहनी पति आतमजीत सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी 832 श्री दिनकर राव पिता श्री रेनदास के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23/03/2019 को आवंटी के पक्ष में निषादित हो चुका है। उक्त भवन श्री दिनकर राव पिता श्री रेनदास ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11/12/2023 के माध्यम से श्री शिब्बू रजक पिता श्री नरेश रजक को विक्रय किया है। अतः श्री शिब्बू रजक पिता श्री नरेश रजक द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखंड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होन से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका कॉलोनी जबलपुर में भवन क्र. MIG-II-161 श्रीमति गिरजा नेमा पति श्री कृष्ण गोपाल नेमा, श्रीमति शशिकिरण नेमा पति श्री रामशंकर नेमा श्री राजेन्द्र कुमार नेमा पिता श्री कृष्ण गोपाल नेमा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 7/08/2004 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमति गिरजा नेमा, श्रीमति शशिकिरण नेमा, श्री रामशंकर नेमा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03/10/2025 के माध्यम से श्री श्रेयांश सरैया पिता श्री संतोष सरैया को विक्रय किया है। अतः श्री श्रेयांश सरैया पिता श्री संतोष सरैया द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखंड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होन से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

# बेखौफ लुटेरों ने रॉड से हमला कर अनाज व्यापारी के मुनीम से लूट लिए 19 लाख

## कृषि उपज मंडी गेट के सामने दिन दहाड़े दिया वारदात को अंजाम, व्यापारियों में आक्रोश





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में लुटेरों का आतंक चरम पर है। हालात यह है कि शहर में रोजाना ही किसी न किसी क्षेत्र में लूट की वारदातें घटित हो रही हैं। जिनकों देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि बेखौफ लुटेरों में पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। वहीं लगतार बढ़ रहे अपराधिक घटनाएं पुलिसिया कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला दीनदयाल स्थित कृषि उपज मंडी में बुधवार दोपहर को देखने को मिला। जहां स्कूटी सवार होकर आए दो लुटेरे अनाज व्यापारी के मुनीम पर लोहे की रॉड से हमला करते हुए उसके पास रखे 19 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। घटना उस दौरान हुई जब व्यापारी का मुनीम विकास साहू बैंक से रुपए निकालकर आफिस आ रहा था। बाइक पर सवार होकर विकास जैसे ही मंडी के गेट नंबर एक पर पहुंचा, अचानक लुटेरों ने उसे रोका और हमला कर 19 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी जैसे ही व्यापारियों को लगी तो बड़ी संख्या में मंडी कार्यालय पहुंचे और चेतावनी दी की जब तक लुटेरों को पकड़ा नहीं जाता, तब तक मंडी में खरीदी नहीं होगी। वारदात के बाद एएसपी आयुष गुप्ता विजय नगर थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए और व्यापारियों को शांत कराते हुए लुटेरों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

### रोजाना करोड़ों का होता है भुगतान

व्यापारियों ने बताया कि मंडी में रोजाना 15 से 20 करोड़ रुपए का भुगतान कैश में किया जाता है। बुधवार को अनाज व्यापारी मठोरेलाल गुप्ता के यहां पर काम करने वाले मुनीम ने बैंक से 19 लाख रुपए निकाले और वापस ऑफिस आ रहे थे, उसी दौरान गेट नंबर एक पर पहले से घात लगाकर बैठे दो लुटेरों ने उसके साथ मारपीट करते हुए 19 लाख रुपए लूट लिए। दिनदहाड़े हुई वारदात से नाराज अनाज व्यापारियों ने मंडी का गेट बंद करते हुए पुलिस-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। घटना के बाद से ही व्यापारियों में जहां आक्रोश फैला हुआ है, वहीं व्यापारी पुलिसिया कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं।

### नीलामी अनिश्चित काल के लिये स्थगित

घटना के बाद आक्रोशित व्यापारियों का कहना है कि मंडी सचिव को समय पर टैक्स देने के बाद भी सुरक्षा की कोई भी व्यवस्था नहीं है। आए दिन शराबखोरी, मारपीट और नशा करने वाले लोगों का घूमना आम हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि कई बार मंडी प्रशासन को लिखित में शिकायत देते हुए सुरक्षा की मांग की गई, पर इस पर ध्यान नहीं दिया गया, लिहाजा आज यह बड़ी घटना हो गई। जबलपुर अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष दीपक डोंगरिया का कहना है, कि अब जब तक आरोपी पकड़े नहीं जाते, तब तक ना ही खरीदी होगी, और ना ही कोई भी व्यापारी नीलामी में शामिल होगा। दिनदहाड़े हुए लूट की वारदात ने सभी को चिंता में डाल दिया है। वहीं मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हुई हैं। पुलिस जानकारी जुटाकर लुटेरों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# रिटायर्ड महिला प्रोफेसर की पेंशन रोके जाने पर हाईकोर्ट सख्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा रिटायर्ड महिला प्रोफेसर को चार साल बाद भी पेंशन और रिटायरमेंट लाभ न देने के मामले में जबलपुर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव अनुपम राजन को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। डॉ. अंजना शर्मा वर्ष 2021 में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से प्रोफेसर के पद से रिटायर हुई थीं। रिटायरमेंट के चार साल बीत जाने के बाद भी उन्हें पेंशन, ग्रेच्युटी सहित कोई भी सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया गया। आज तक उनका पेंशन पेमेंट आर्डर और ग्रेज्युटी पेमेंट आर्डर तक जारी नहीं किया गया है। पहले भी हाईकोर्ट ने इस मामले में विश्वविद्यालय को कई बार लाभ देने के आदेश दिए थे, लेकिन आदेशों की अवहेलना होने पर डॉ. अंजना शर्मा ने अधिवक्ता पंकज दुबे के माध्यम से अवमानना याचिका दायर की।

***चार सप्ताह में मांगा जबाव***- याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस की बेंच ने दोनों अधिकारियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे व रितिका गुप्ता ने पैरवी की। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि हाईकोर्ट ने पहले भी कई बार विश्वविद्यालय को पेंशन व अन्य लाभ तत्काल देने के स्पष्ट आदेश दिए थे। इसके बावजूद जानबूझकर अवहेलना की जा रही है। एक महिला प्रोफेसर को चार साल तक पेंशन से वंचित रखना घोर अन्याय है। अब कोर्ट ने अवमानना नोटिस जारी कर दिया है, उम्मीद है जल्द न्याय मिलेगा। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।


GSTIN - 23AUYPP0409J1ZB
Gulmohar Agency
GULMOHAR GARDEN
Behind Indian Oil Petrol Pump, Nadi par, Katni Mo. - 7354813922, 9827013292
BRITANNIA
Anmol
Aakash
SOBISCO
Jyothy labs
SELZER DETERGENT

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
mgm NURSING
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कटनी (म.प्र.)
फोरेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.)- 483501
ईमेल आई डी- mgmnursingkte@gmail.com फोन नंबर:- 07622-405074, मोबाइल नंबर:- 7771001902
वेबसाइट- www.mgmcollegeofnursing.in इंस्टा आईडी- mgm_college_of_nursing_katni
SC ST OBC
छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है।

| क्रमांक | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | जी.एन.एम. | 3 वर्ष | 12वीं (सभी विषय) सीधे प्रवेश |

मान्यता प्राप्त
. मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल (म.प्र.)
. इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली
. उच्च शिक्षा विभाग भोपाल से मान्यता प्राप्त
विशेषताएं एवं सुविधा
. छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
. अत्याधुनिक शिक्षा के माध्यम से स्मार्ट क्लासेस सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी एवं प्रयोगशालाएं कम्प्यूटर लैब सुविधा
. एम.जी.एम. अस्पताल एवं जिला अस्पताल, कटनी एवं मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
. सी.सी. टीवी कैमरा युक्त कॉलेज परिसर

equitas
Equitas Small Finance Bank
ग्राहक एवं आम जनता के लिए सूचना
आम जनता एवं ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि हमारी इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखा, जो वर्तमान में राधे ट्रेडर्स, जबलपुर रोड, बरगवां, एलआईसी बिल्डिंग के सामने, कटनी, मध्यप्रदेश 483501 में कार्यरत है, पुनर्स्थापित शाखा कार्यालय बरगवां, जबलपुर रोड, तनिष्क शोरूम के सामने, एलआईसी बिल्डिंग के पास, जिला -कटनी, मध्यप्रदेश - 483501 में स्थानांतरित किया जाएगा, और 24 नवंबर 2025 से स्थानांतरित परिसर में अपना परिचालन शुरू करेगा।
अधिक जानकारी या सहायता के लिए, कृपया हमारे शाखा प्रबंधक से 8085223646 पर संपर्क करें।

South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic
ruby moviemagic EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| DE DE PYAAR DE 2 (HINDI) | 10:30 AM, 12:40 PM, 1:30 PM, 3:30 PM, 4:30 PM, 6:30 PM, 7:30 PM, 9:30 PM & 10:30 PM; ruby 11:00 AM, 12:30 PM, 7:00 PM; ruby 9:00 PM & 9:50 PM |
| EK DEEWANE KI DEEWANIYAT (HINDI) | 12:15 PM \| ruby 1:50 PM |
| HAQ (HINDI) | ruby 4:30 PM |
| KANTARA(HINDI) | 6:00 PM |
| THE TAJ STORY | ruby 3:15 PM \| 9:15 PM |
| THAMMA (HINDI) | 3:10 PM \| ruby 6:15 PM |

@moviemagic_jbp
MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS
Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

Celebrating 9th Year of Establishment
HITKARINI LAW COLLEGE
Approved by Bar Council of India, Affiliated to Rani Durgavati University Jabalpur & Recognized by Higher Education, M.P. Bhopal
Opp. Victoria Hospital, Jonesganj, Jabalpur (M.P.)
Scan Enquiry
Courses Offered
- LL.B (3 Years Course) 180 Seats
- LL.M. 40 Seats (2 Years Course) in Criminal Group
- B.A.LL.B. 60 Seats (5 Years Integrated Law Program)

Achievements in the Last 10 Years
- Late Shri B.L. Shrivastava Memorial Award – Given to 10 Students
- Gold Medal Awards – Awarded to 10 Students
- Sant Kumar Tiwari Achievement Award – For 30 Lecture Series
- Moot Court Competition – 10 Awards
- National Seminars Organized by the College – 4
- Seminars Attended by Faculty – 25
- Papers Presented (National and International) – 6
- Articles Published by Faculty – 13

Advanced Learning Initiatives
- PPT-Based Classes
- Legal Aid Awareness Camps – 20Lectures by District Legal Services Authority (DLSA) – 20Para Legal Volunteers – 115 Students
- Practical Training for Students
- Visits to High Court, District Court, Police Station, Central Jail, and Other Institutions – 15
- Lok Adalat Visits – 10

RANK HOLDERS ( 3 Civil Judges)

Nalini Kesharvani

Vipin Thakur

Priti Thakur

GOLD MEDAL RECIPIENT

Bhupendra

Arpita Khare

Swati Chouhan

University & College TOPERS

Sakshi Tiwari

Dharmbrat Arya


Workshop on Professional Ethics: Bar and Bench, by Hon'ble Retd. Justice Dinesh Kumar Paliwal (17 Sept 2025)

Online Registration Admission Facility Available

Hitkarini is Proactively Looking to recruit exceptional TEACHING TALENT Across various fields
Scan to Apply
Click for Apply - https://careers.hitkarini.com/
FOR ADMISSION CONTACT: 0761-4129823
2401160, 9329335741, 9827393711
website- www.hitkarini.com
E-mail- hit.law.jbp@gmail.com
Scholarship for SC/ST/OBC/Minority


हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**